स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

कानपुर, बुधवार
11 जून, 2025
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष पूर्णिमा
सं. 2082 वि.
वर्ष 36, अंक - 289 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

## इजरायल की पीएम बेंजामिन नेतन्याहू सरकार फिर संकट में फंसी



## हमला हुआ तो फिर देंगे जवाब : जयशंकर

### विदेश मंत्री ने दी पाकिस्तान को चेतावनी

### कहा अब आतंकवाद के साथ नहीं जीएंगे



**ब्रुसेल्स।** भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष के करीब तीन हफ्ते बाद भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने पाकिस्तान को चेतावनी दी है और कहा है कि अगर फिर से आतंकी हमला हुआ तो भारत फिर से करारा जवाब देने में बिल्कुल नहीं हिचकेगा। जयशंकर इन दिनों ब्रुसेल्स के दौरे पर हैं। यहां एक इंटरव्यू के दौरान जयशंकर ने कहा कि अगर आतंकी ठिकाने पाकिस्तान के भीतर मौजूद हैं तो हम पाकिस्तान में भीतर जाकर ही हमला करेंगे। भारत सरकार की तरफ से लगातार कहा जा रहा है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है और अगर पाकिस्तान की तरफ से फिर से आतंकी हमला हुआ तो भारत फिर से सैन्य कार्रवाई से हिचकेगा नहीं। विदेश मंत्री ने भी सरकार के इसी स्टैंड को दोहराया। विदेश मंत्री ने कहा कि आतंकवाद इस देश (पाकिस्तान) की राष्ट्रीय नीति का हिस्सा है। यही समस्या है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने भारत के लड़ाकू विमान गिराने का दावा किया था। जब इसे लेकर विदेश मंत्री से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि वह इस पर टिप्पणी नहीं करेंगे, लेकिन जल्द ही संबंधित प्राधिकरण द्वारा सही समय आने पर इस पर पूरी जानकारी दी जाएगी। जयशंकर ने कहा कि भारत के हमले में पाकिस्तान को काफी नुकसान उठाना पड़ा और भारत के लड़ाकू विमानों और अन्य सैन्य उपकरणों ने बेहद सटीकता से हमले किए और पाकिस्तान के तबाह एयरबेस की तस्वीरें गूगल पर मौजूद हैं। जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान लगातार आतंकियों को पनाह और प्रशिक्षण देता आ रहा है और हजारों आतंकी दक्षिणी सीमा पर मौजूद हैं। जयशंकर ने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि हम आतंकवाद के साथ अब और नहीं जीएंगे। हमारा संदेश साफ है कि अगर आगे भी अप्रैल जैसे हमले जारी रहे तो हम जवाबी कार्रवाई करेंगे और यह कार्रवाई आतंकी संगठनों और आतंकी नेतृत्व के खिलाफ होगी।

## रिपोर्ट : भारत की जनसंख्या 1.46 अरब के करीब पहुंची



फर्टिलिटी रेट प्रतिस्थापन दर से पहुंचा नीचे

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र की एक नयी जनसांख्यिकी रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की जनसंख्या 2025 के अंत तक 1.46 अरब पहुंचने का अनुमान है, जो दुनिया में सर्वाधिक होगी। रिपोर्ट में, यह भी खुलासा किया गया है कि देश की कुल प्रजनन दर प्रतिस्थापन दर से नीचे आ गई है। 'वास्तविक प्रजनन संकट' शीर्षक वाली यूएनएफपीए की 'विश्व जनसंख्या स्थिति (एसओडब्लूपी) रिपोर्ट 2025' घटती प्रजनन क्षमता से घबराने के बजाय अपूर्ण प्रजनन लक्ष्यों पर ध्यान देने का आह्वान करती है। इसमें कहा गया है कि लाखों लोग अपने वास्तविक प्रजनन लक्ष्य को प्राप्त करने में सक्षम नहीं हैं। रिपोर्ट के अनुसार, कम जनसंख्या या अधिक जनसंख्या के बजाय वास्तविक संकट यही है, तथा इसका उत्तर बेहतर प्रजनन क्षमता में निहित है- अर्थात किसी व्यक्ति की संभोग, गर्भनिरोधक और परिवार शुरू करने के बारे में निर्णय लेने की क्षमता। रिपोर्ट में जनसंख्या संरचना, प्रजनन क्षमता और जीवन प्रत्याशा में महत्वपूर्ण बदलावों का भी खुलासा किया गया है, जो एक बड़े जनसांख्यिकीय परिवर्तन का संकेत है। रिपोर्ट में पाया गया कि भारत की कुल प्रजनन दर घटकर प्रति महिला 1.9 जन्म रह गई है, जो प्रतिस्थापन स्तर 2.1 से नीचे है। इसका अर्थ यह है कि औसतन भारतीय महिलाएं एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक जनसंख्या का आकार बनाए रखने के लिए आवश्यक संख्या से कम बच्चे पैदा कर रही हैं। जन्म दर में कमी के बावजूद, भारत की युवा जनसंख्या अब भी महत्वपूर्ण बनी हुई है, जिसमें 0-14 आयु वर्ग में 24 प्रतिशत, 10-19 आयु वर्ग में 17 प्रतिशत तथा 10-24 आयु वर्ग में 26 प्रतिशत युवा हैं। देश की 68 प्रतिशत जनसंख्या कामकाजी आयु (15-64) वाली है, जो पर्याप्त रोजगार और नीतिगत समर्थन के साथ संभावित जनसांख्यिकीय लाभांश प्रदान करती है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में भारत को मध्यम आय वाले देशों के समूह में रखा गया है, जो तेजी से जनसांख्यिकीय परिवर्तन से गुजर रहे हैं, जहां जनसंख्या दोगुनी होने में अब 79 वर्ष का समय लगने का अनुमान है। यूएनएफपीए की भारत प्रतिनिधि एंड्रिया एम वोज्नर ने कहा, ''भारत ने प्रजनन दर कम करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है- 1970 में प्रति महिला लगभग पांच बच्चों से लेकर आज लगभग दो बच्चों तक, जिसका श्रेय बेहतर शिक्षा और प्रजनन स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच को जाता है।

## पिछले 11 साल देश के लिए स्वर्णिम काल : योगी

### मुख्यमंत्री ने गिनाईं मोदी सरकार की उपलब्धियां, कांग्रेस पर साधा निशाना




स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के अब तक के 11 वर्षों के कार्यकाल को विकसित भारत एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का स्वर्णिम काल करार देते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को न केवल वैश्विक पहचान दी है, बल्कि स्वयं को तपाकर और खपाकर 140 करोड़ भारतवासियों को भी एक विश्वास का प्रतीक बनाया है।

भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का 11 वर्ष का यह कार्यकाल नए भारत को एक विकसित, आत्मनिर्भर, स्वर्णिम कालखंड के रूप में प्रस्तुत करता है। इस स्वर्णिम कालखंड के लिए हम उत्तर प्रदेश सरकार और उत्तर प्रदेश वासियों की ओर से प्रधानमंत्री को बधाई देते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा, आजादी के 65 वर्षों में कांग्रेस नेतृत्व और अन्य अस्थिर सरकारों के कारण आमजन का विश्वास टूटा था, विश्वास खंडित हुआ था, वैश्विक मंच पर भारत की छवि तार-तार हुई थी। पिछले 11 वर्षों के अंदर प्रधानमंत्री मोदी के रूप में भ्रष्टाचार से मुक्त, परिवारवाद से मुक्त, तुष्टिकरण की राजनीति से मुक्त, एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार करने वाला एक ऐसा नेतृत्व मिला है जिन्होंने पूरे भारत को विश्वास का प्रतीक बनाकर भारत को विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत की एक सुदृढ़ नींव का निर्माण करते हुए अगले 25 वर्ष के व्यापक कार्य योजना पूरे भारतवासियों के सामने प्रस्तुत की है।

उन्होंने कहा कि इन 11 वर्षों में भारत में न केवल सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से बल्कि सुरक्षा की मोर्चे पर, सुशासन के मोर्चे पर और आर्थिक मोर्चे पर भी एक नई पहचान बनाई है। शासन की नीति स्पष्टता, कार्य प्रणाली की पारदर्शिता और जनता के प्रति जवाबदेही अब शासन की एक नई पहचान बनी है। विकास केवल नारे नहीं, बल्कि विरासत और विकास का बेहतर समन्वय करते हुए, आम जनमानस को साथ लेकर चलने की एक नई प्रवृत्ति को दुनिया के अंदर भारत को नई पहचान दिलाई है।

उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में भारत की सैन्य शक्ति की पाकिस्तान में टेस्टेड और दुनिया के द्वारा ट्रस्टेड उस ताकत को देखा है जो अभी ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से हम सबको देखने को मिला है। अब वह प्रवृत्ति नहीं जो 2014 के पहले आतंकवाद के मुद्दे पर देखने को मिलती था कि भारत तो केवल शांति का पक्षधर है।

योगी ने कहा, आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में देश के जनमानस को प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित भारत का जो मंत्र दिया, इसके लिए उन्होंने पंच प्रण और 11 संकल्प प्रत्येक भारतवासी को याद कराए थे। यह पंच प्रण, विकसित भारत का संकल्प, गुलामी की मानसिकता से मुक्ति, अपनी विरासत पर गर्व, राष्ट्रीय एकता और एकजुटता और नागरिक कर्तव्य का पालन हैं।

### दुनिया ने देखी मेड इन इंडिया की ताकत

सीएम योगी ने कहा कि यह भारत ने मेड इन इंडिया की ताकत के माध्यम से करके दिखाया है और दुनिया ने इस ताकत का एहसास भी किया है। यही नहीं, 1952 से लगातार भारत पर थोपे गए धारा 370 को पूरी तरह समाप्त करके जम्मू कश्मीर को, लद्दाख को, भारत के कानून के अनुरूप संवैधानिक दायरे में लाकर भारत की अखंडता को कश्मीर से कन्याकुमारी तक एक भारत श्रेष्ठ भारत के नए मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया है।

### अब पात्रता देखकर मिलता है योजनाओं का लाभ

योगी ने कहा अब चेहरा देखकर नहीं, बल्कि पात्रता के अनुरूप हर व्यक्ति को बिना भेदभाव के शासन की योजनाओं का लाभ मिलता है। शासन अब तुष्टीकरण के आधार पर नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक के संतुष्टीकरण के आधार पर अपनी कार्ययोजना को आगे बढ़ा रहा है। पिछले 11 वर्षों के अंदर भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस, डिजिटल इंडिया के माध्यम से मिनिमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस का एक मॉडल भी भारतवासियों को देखने को मिला है।

## धर्म पूछकर हत्या का जवाब कर्म देखकर मारने से दिया

### राजनाथ बोले हमने आतंकी ढांचा तबाह कर दिया



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अप्रैल में पहलगाम में हुए आतंकी पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि, पहलगाम में आतंकियों ने जिस तरह धर्म पूछकर लोगों को निशाना बनाया, उसने देश को झकझोर दिया। उन्होंने धर्म पूछकर मारा, लेकिन हमने उनका धर्म पूछकर नहीं, उनका कर्म देखकर मारा। यह देश की सामाजिक एकता पर हुआ हमला था। धर्म पूछकर मारने के पीछे उनका उद्देश्य था भारत की सांस्कृतिक एकता को नुकसान पहुंचाना। रक्षा मंत्री ने कहा कि हमने उनके आतंकी ढांचे को तबाह कर दिया। लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों के मुख्यालयों पर पहली बार किसी ने हमला किया है, तो वह भारत है। यह आतंकियों के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है। राजनाथ सिंह ने कहा कि हम आतंकियों को नहीं, बल्कि आतंकी ढांचे को भी पूरी तरह से खत्म करें, यह जरूरी है। पूरी दुनिया में पाकिस्तान को बेनकाब करना जरूरी हो गया है। यह बात पूरी दुनिया के सामने आ रही है कि पाकिस्तान को फंडिंग का मतलब है कि आतंकवाद को फंडिंग। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को पाकिस्तान को मिलने वाली विदेशी आर्थिक मदद को बंद करना होगा। आतंकवाद को खाद-पानी नहीं मिलना चाहिए। इसमें संयुक्त राष्ट्र की भूमिका अहम है, लेकिन उसके निर्णयों पर सवालिया निशान लग रहे हैं। पाकिस्तान को आतंकवाद विरोधी समिति में उपाध्यक्ष बनाया गया है। यह बिल्ली से दूध की रखवाली करवाने वाली बात है। इससे बड़ी दुर्भाग्य की बात क्या हो सकती है। यह वही पाकिस्तान है, जिसकी जमीन का इस्तेमाल वैश्विक आतंकवाद के लिए होता रहा है। यहां हाफिज सईद और मसूद अजहर जैसे आतंकी खुले आम घूमते हैं और जहर उगलते हैं। उसे आप वाइस चेयरमैन बनाते हैं। आतंकी के जनाजे में पाकिस्तानी फौज के अफसर फातिहा पढ़ते नजर आते हैं, यह क्रूर मजाक से कम नहीं है। अनुच्छेद 370 पर बोलते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि आप सभी ने देखा होगा कि जब तक जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 लागू था, तब तक सभी कहते थे कि कश्मीर भारत में तो है, लेकिन वह भारत से इंटिग्रेट नहीं है।

## देश में 6800 कोरोना केस 68 मौतें

**नई दिल्ली।** देश में कोरोनावायरस के केस तेजी से बढ़ रहे हैं। एक्टिव केसों की संख्या 6815 पहुंच गई है। बीते 24 घंटे में 324 नए मामले सामने आए हैं। केरल में सबसे ज्यादा 2053 केस हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, कोरोना के नए वैरिएंट्स से 12 राज्यों में 68 मरीजों की मौत हुई हैं। सोमवार को केरल, दिल्ली और झारखंड में 1-1 मरीज ने जान गंवाई है।

महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 18 मौतें हुई हैं। मध्य प्रदेश के ग्वालियर में सोमवार को 3 डॉक्टर समेत 6 नए केस सामने आए। इसके बाद से जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग हाई अलर्ट पर है। राज्य में फिलहाल 43 एक्टिव केस हैं। कोरोना के बढ़ते मामले के बीच पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने सोमवार को राज्य के सभी प्रमुख विभागों के अधिकारियों से बैठक की।

## कांग्रेस ने फिर उठाया लोकसभा उपाध्यक्ष का मुद्दा

### खड़गे ने पीएम मोदी को लिखा पत्र



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** कांग्रेस ने एक बार फिर लोकसभा उपाध्यक्ष के चुनाव का मुद्दा उठाया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम मोदी को पत्र लिखकर चुनाव प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि इस पद को रिक्त रखना भारत की लोकतांत्रिक राजनीति के लिए अच्छा संकेत नहीं है और यह संविधान के प्रावधानों का भी उल्लंघन है। खड़गे ने यह मांग 21 जुलाई से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र से पहले की है। कांग्रेस अध्यक्ष ने अपने पत्र में लिखा कि मैं लोकसभा में उपाध्यक्ष के पद की रिक्तता से संबंधित चिंताजनक मामले की ओर आपका ध्यान आकर्षित करने के लिए यह पत्र लिख रहा हूं। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 93 में लोक सभा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों के चुनाव का प्रावधान है। संवैधानिक रूप से उपाध्यक्ष, लोक सभा अध्यक्ष के बाद दूसरा सबसे बड़ा पीठासीन अधिकारी होता है। खड़गे ने कहा कि उपाध्यक्ष का चुनाव लोकसभा के दूसरे या तीसरे सत्र में किया जाता है। इस चुनाव की प्रक्रिया अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया के समान ही है। अंतर केवल इतना है कि उपाध्यक्ष के चुनाव की तारीख लोकसभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमों के नियम 8(1) के अनुसार अध्यक्ष द्वारा तय की जाती है। प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में खड़गे ने कहा कि पहली से सोलहवीं लोकसभा तक प्रत्येक सदन में एक उपाध्यक्ष रहा है। यह एक स्थापित परंपरा है कि उपसभापति की नियुक्ति मुख्य विपक्षी दल के सदस्यों में से ही की जाती है।

## राजा हत्याकांड : चौथा आरोपी भी ट्रांजिट रिमांड पर

**इंदौर।** राजा रघुवंशी हत्याकांड के चौथे आरोपी आनंद कुर्मी को मंगलवार सुबह कोर्ट में पेश किया गया। वहां से उसे भी सात दिन की ट्रांजिट रिमांड पर भेज दिया गया। देर रात उसे बीना से इंदौर लाया गया था। तीन अन्य आरोपियों आकाश राजपूत, विशाल सिंह चौहान और राज सिंह कुशवाहा को सोमवार को ही सात सात दिन की ट्रांजिट रिमांड पर भेज दिया गया था। चारों आरोपी क्राइम ब्रांच की कस्टडी में हैं। अब चारों को शिलांग पुलिस अपने साथ प्लेन से ले जाएगी। फिर सोनम सहित अन्य आरोपियों का रिमांड लिया जाएगा। शिलांग में हत्या के बाद तीन आरोपी इंदौर आ गए थे और एक को बीना से गिरफ्तार किया गया है। सोनम को गाजीपुर से हिरासत में लिया गया, जबकि पांचवें आरोपी को यूपी के ललितपुर से गिरफ्तार किया गया है। इंदौर में हिरासत में लिए गए आरोपियों से पूछताछ किसी थाने में नहीं, बल्कि एक पुलिस अधिकारी के बंगले पर हुई। शिलांग पुलिस अब उनके बयान लेगी कि उन्होंने राजा की हत्या कैसे की। शिलांग पुलिस ने इंदौर से भी आरोपियों की कॉल डिटेल, मर्डर की योजना से जुड़े सबूत जुटाए हैं। सोनम और चारों आरोपियों ने इंदौर के सुपर कॉरिडोर के एक कैफे में राजा के मर्डर की प्लानिंग की थी।

## दिल्ली पुलिस ने पूर्व सीएम आतिशी को हिरासत में लिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री को भूमिहीन कैंप पर एक प्रदर्शन के दौरान दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया। मद्रासी कैंप, वजीरपुर के बाद अब कालकाजी के भूमिहीन कैंप पर बुलडोजर कार्रवाई का आम आदमी पार्टी खुलकर विरोध कर रही है। दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी ने कहा कि भाजपा और रेखा गुप्ता को झुग्गीवासियों का श्राप लगेगा। आतिशी ने कहा कि भाजपा कल इन झुग्गियों को ध्वस्त करने जा रही है और मुझे आज जेल भेजा जा रहा है, क्योंकि मैं इन झुग्गीवासियों के लिए आवाज उठा रही हूं।

## धर्म नहीं, पिछड़ेपन से तय हो ओबीसी का दर्जा : ममता बनर्जी



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को ओबीसी दर्जा तय करने को लेकर राज्य विधानसभा में कहा कि पिछड़ापन ही लोगों के ओबीसी दर्जे को तय करने का एकमात्र मानदंड है, धर्म नहीं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि सोशल मीडिया पर कुछ लोग गलत जानकारी फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि ओबीसी श्रेणी में किसी व्यक्ति को शामिल करने का धर्म से कोई संबंध नहीं है। ममता बनर्जी ने राज्य में ओबीसी का दर्जा तय करने के लिए पिछड़ापन को एकमात्र मानदंड बताते हुए कहा कि राज्य सरकार ने एक आयोग का गठन किया है, जो ओबीसी में जोड़ने के लिए 50 नए उपवर्गों का सर्वे कर रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि ओबीसी-ए के तहत 49 उपवर्गों और ओबीसी-बी के तहत 91 उपवर्गों को शामिल किया गया है।

## न्यायिक कामकाज के लिए हो तकनीक का इस्तेमाल

### सीजेआई बोले बड़ी समस्या है डिजिटल डिवाइड

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस (सीजेआई) बीआर गवई ने कहा कि तकनीक एक दोधारी तलवार की तरह है। इसका उपयोग न्यायिक कामकाज को बेहतर बनाने के लिए होना चाहिए, न कि फैसले लेने की प्रक्रिया की जगह लेने के लिए। सीजेआई कैंब्रिज विश्वविद्यालय में न्याय तक पहुंच में तकनीक की भूमिका विषय पर आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत जैसे बड़े और विविध देश में न्याय तक पहुंच को आसान बनाने में तकनीकी की बहुत बड़ी भूमिका हो सकता है। भारतीय न्यायपालिका ने तेजी से तकनीक को अपनाया है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को न्याय मिल सके। उन्होंने कहा, हमें यह भी मानना होगा कि तकनीक एक दोधारी तलवार की तरह काम कर सकती है, जो असमानता को और बढ़ा सकती है। एक बड़ी चिंता डिजिटल डिवाइड यानी तकनीकी असमानता है, जहां इंटरनेट, उपकरणों और डिजिटल ज्ञान की समान पहुंच न होने के कारण वे लोग पीछे छूट सकते हैं जो पहले से ही न्याय तक पहुंचने में मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। अगर तकनीक को सच में न्याय के लिए इस्तेमाल करना है, तो उसकी योजना बनाते समय समानता और समावेशन को आधार बनाना होगा। हालांकि, जस्टिस गवई ने कहा कि नीतिगत दखल के बिना न्याय प्रदान करने की प्रणाली में कोई क्रांति नहीं लाई जा सकती। उन्होंने कहा, शासन का ऐसा ढांचा विकसित किया जाना चाहिए, जो मानवीय निगरानी, एल्गोरिदम संबंधी पारदर्शिता और तकनीक आधारित मध्यस्थ फैसलों के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करे। सीजेआई ने आगे कहा, आगे बढ़ने का रास्ता बुनियादी सिद्धांतों का पालन मांगता है। तकनीक का इस्तेमाल न्यायिक काम को खत्म करने के लिए नहीं, बल्कि उसे बेहतर बनाने के लिए होना चाहिए, खासकर सोच-समझकर फैसले लेने और हर मामले को अलग-अलग देखने में। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि स्वचालिक प्रणाली (ऑटोमैटिक सिस्टम) न्यायिक सोच की जगह न लें, बल्कि उसकी मदद करें।

## गोवा में डॉक्टरों का आंदोलन वापस

**पणजी।** गोवा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (जीएमसीएच) के डॉक्टरों ने मंगलवार को अपना विरोध प्रदर्शन वापस ले लिया। अधिकारियों के मुताबिक, डॉक्टरों ने मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत के हस्तक्षेप के बाद स्वास्थ्य मंत्री विश्वजीत राणे के खिलाफ आंदोलन वापस ले लिया है। मंत्री ने अस्पताल में मरीजों के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाकर एक वरिष्ठ डॉक्टर रुद्रेश कुट्टिकर को निलंबित कर दिया था। डॉक्टर कुट्टिकर जीएमसीएच के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) के पद पर तैनात थे। स्वास्थ्य मंत्री विश्वजीत राणे ने शनिवार को गोवा मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण किया था।

## उम्मीद : अब वायरस से ही बनेंगी एंटीबायोटिक दवाएं

### वैज्ञानिकों की बड़ी खोज से गंभीर संक्रमणों का इलाज होगा



**चेन्नई।** अब वायरस केवल बीमारी का कारण नहीं बल्कि बीमारी के इलाज का जरिया भी बन सकते हैं। वैज्ञानिकों ने ताजे पानी की झीलों में मौजूद लाखों वायरस जीनोम का गहराई से अध्ययन किया है, जिससे कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। यह खोज न सिर्फ वायरल इकोलॉजी को नई दिशा देती है बल्कि गंभीर संक्रमणों के इलाज के लिए भविष्य की एंटीबायोटिक हो सकती है। आईआईटी मद्रास और अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ विस्कॉन्सिन-मैडिसन के वैज्ञानिकों ने महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय रिसर्च में यह दावा किया है। अध्ययन दुनिया की सबसे लंबी डीएनए आधारित निगरानी परियोजनाओं में से एक है। इसमें अमेरिका के मैडिसन (विस्कॉन्सिन) की एक झील से बीते 20 वर्षों में लिए गए कुल 465 नमूनों का विश्लेषण किया गया। वैज्ञानिकों ने मशीन लर्निंग तकनीक से झीलों में मौजूद 13 लाख से अधिक वायरस जीनोम को दोबारा जोड़ा और उनका पर्यावरण से संबंध समझा। इसमें मेटाजीनोमिक्स नामक अत्याधुनिक तकनीक का भी प्रयोग किया गया, जिसकी सहायता से यह स्पष्ट हुआ कि वायरस मौसम और साल के हिसाब से एक तय चक्र में सक्रिय होते हैं। इनमें से कई वायरस हर साल दोबारा उभरते हैं, जिससे उनका व्यवहार काफी हद तक अनुमानित माना जा सकता है। आईआईटी मद्रास के प्रो. कार्तिक अनंतरमण कहते हैं कि वायरस हमारे पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य को आकार देने में अहम भूमिका निभाते हैं। यह शोध दर्शाता है कि वायरस का उपयोग कर झीलों में फैलने वाले हानिकारक शैवालों या विषैले बैक्टीरिया की बढ़त को रोका जा सकता है, जिससे पेयजल स्रोतों को संरक्षित किया जा सके। प्रो. कार्तिक ने जोर दिया कि कोरोना महामारी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वायरसों की निगरानी और उनका समय रहते अध्ययन कितना जरूरी है। यह न केवल महामारी से बचाव में सहायक हो सकता है बल्कि यह भी बता सकता है कि वायरस पर्यावरणीय सेहत को कैसे बनाए रखते हैं।



## राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के आवाहन पर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा गया ज्ञापन

**मामले में निर्दोष बांदा के पत्रकार नीरज निगम पर की गई कार्यवाही की जाए निरस्त अन्यथा सड़कों पर उतरेंगे पत्रकार**

**माती.कानपुर देहात।** राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के तत्वावधान में राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्रा के आवाहन पर उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों में जनपद बांदा के पत्रकार नीरज निगम के ऊपर गलत एफ आई आर लिखने सी ओ सिटी व चौकी प्रभारी सिविल लाइन के खिलाफ कार्रवाई करने के संबंध में सूबे के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को माध्यम से भेजे जाने का निर्देश दिया गया था।जिसके क्रम में मंगलवार 10 जून को जनपद कानपुर देहात जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद की जिला इकाई के अध्यक्ष अनूप गौड़ के नेतृत्व में एकत्र होकर चार सूत्रीय ज्ञापन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा गया है।ज्ञापन कार्यक्रम में जनपद के वरिष्ठ पत्रकारों जिसमें जय कुमार मिश्रा हनुमान गुप्ता हरिशंकर श्रीवास्तवए आशीष अवस्थी सुशील त्रिवेदी एवं अंजनी पांडेय आदि से विचार.विमर्श कर परिषद के जिला अध्यक्ष अनूप कुमार गौड़ व जिला संरक्षक पीयूष दीक्षित के नेतृत्व में ज्ञापन जिलाधिकारी को सौपा गया।ज्ञापन में प्रमुख मांगों के तहत जनपद बांदा के पत्रकार नीरज निगम को इस प्रकरण में फंसाए जाने वाले अराजक तत्वों जिसमें ऋषभ यादव पुत्र फूल सिंह प्रदीप सिंह पुत्र विजय बहादुर सिंह नितेश श्रीवास पुत्र जयकरण पर सख्त विधिक कार्रवाई किए जाने की मांग की गई इसके साथ ही सी ओ सिटी राजीव प्रताप सिंह एवं चौकी प्रभारी शिव रतन गुप्ता पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई किए जाने की मांग परिषद द्वारा की गई।मांगों के क्रम में पत्रकार नीरज निगम के ऊपर फर्जी एफ आई आर संख्या 0509 में समस्त लगाई गई धाराओं को निरस्त किए जाने की भी मांग रखी गई।मांगो के क्रम में कहां गया कि मामले की जांच किसी अन्य सक्षम अधिकारी द्वारा निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच करा कर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कठोर कार्रवाई की जाए।प्रसाद द्वारा चेतावनी दी गई कि ऐसा न होने पर राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में समूचे उत्तर प्रदेश में परिषद से जुड़े पत्रकार सड़कों पर उतरने के लिए बाध्य होंगे।ज्ञापन देते समय जिला अध्यक्ष अनूप गौड़ संरक्षक पीयूष दीक्षित सुशील त्रिवेदी जिला उपाध्यक्ष संजय तिवारी महासचिव धीरेंद्र सिंह जिला मीडिया प्रभारी मोहन कुमार सहित बलराम चतुर्वेदी विपिन कोहली राजेश गौतम नफ़ीसुल हसन राम जी प्रजापत लखन पांडेय आदि मौजूद रहे।

## अकबरपुर तहसील व बाला जी धाम में बड़े मंगल के अवसर पर आयोजित हुआ भंडारा

माती.कानपुर देहात। जेठ मास का अंतिम मंगलवार बड़ा मंगल जो की सनातन धर्म में अपना अहम स्थान रखता है आज के दिन श्रद्धालुओं के द्वारा विभिन्न स्थान पर शीतल मीठा पेयजल के साथ बाबा के भंडारे के प्रसाद का आयोजन जगह.जगह होता दिखाई देता रहा है।जिसके क्रम में जनपद की सदर तहसील अकबरपुर के युवा एवं उत्साही अधिवक्ता अकबरपुर अधिवक्ता समिति के अध्यक्ष पद पर प्रबल दावेदार रहे बिपिन चंद्र दीक्षित द्वारा तहसील परिसर में बने बाबा के दरबार में कर्ण प्रिय धुनों के बीच सुंदरकांड पाठ का आयोजन कराया गया।इसके साथ ही समस्त अधिकारियों कर्मचारियों साथी अधिवक्ता गणों एवं अधिकारियों के साथ पहुंचने वाले सभी अतिथियों को ठंडा मीठा शीतल पेयजल पिलाया गया वहीं बाबा के भंडारे में बने प्रसाद में पूड़ी सब्जी व बूंदी का स्वाद सभी भक्तों ने गृहण किया। इस दौरान युवा अधिवक्ता बिपिन चंद्र दीक्षित द्वारा कहा गया कि बाबा के आशीर्वाद से ही आज वह इस तरह के आयोजन कर पा रहे हैं जिस पर बाबा की कृपा बरसती है तो वह एक पर ही नहीं बरसती दिखाई देती बल्कि पूरे समाज में बिखरती भी है जो कि बाबा के प्रसाद के रूप में सभी पर बिखर रही है।इसी क्रम में हाईवे मार्ग पर बने कोतवाली निकट बालाजी धाम में भारतीय किसान संघ के तत्वाधान बड़े मंगलवार पर भंडारे का आयोजन किया गया।उपरोक्त भंडारे का आयोजन वरिष्ठ समाजसेवी मिथिलेश अवस्थी के द्वारा किया गया। बाबा का प्रसाद ग्रहण करने के दौर में ए डी ए जी सी विवेक त्रिपाठी शांत शरण सिंह डीजीसी डॉ विजय सिंह चेयरमैन प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह गुड्डन विमल द्विवेदी कौशल दीक्षित शिवगोपाल शुक्ला समाजसेवी दिलीप ओमर शिक्षक श्याम अवस्थी गौरव अवस्थी आदि मौजूद रहे।

## अपर जिलाधिकारी ने श्जिला श्रम बन्धु श्बाल श्रम उन्मूलन जनपदीय समिति की बैठक कर दिए निर्देश

**माती.कानपुर देहात।**जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देश के क्रम मे अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार की अध्यक्षता मेजिला श्रम बन्धु बाल श्रम उन्मूलन जनपदीय समिति श्जनपद स्तरीय बंधुआ श्रम सतर्कता समितिश् एवं ई श्रम पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिको के हितार्थ गठित श्जिला स्तरीय समितिश् की बैठक मां मुक्तेश्वरी सभागार कलेक्ट्रेट परिसर कानपुर देहात मे सम्पन्न की गयी।बैठक की शुरूआत अपर जिलाधिकारी ;प्रशासनद्ध की अनुमति से राम अशीष सहायक श्रमायुक्त द्वारा एजेण्डा बिन्दु के अनुसार बिन्दुवार की गयी। सहायक श्रमायुक्त द्वारा जिला श्रम बन्धु की बैठक के क्रम मे बताया गया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष मे जनपद मे संचालित किसी भी औद्योगिक प्रतिष्ठान कारखाने मे हडताल तालाबन्दी अथवा औद्योगिक अशान्ति की स्थिति नही है और नही इस सम्बन्ध मे किसी श्रमिक संगठन से कोई शिकायत प्राप्त हुई है। अपर जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि जनपद के औद्योगिक प्रतिष्ठानोंध्कारखानो मे औद्योगिक शान्ति के सम्बन्ध मे सजग द्रष्टि रखी जाये तथा शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल ही उसका निवारण करा दिया जाये।उन्होंने निर्माण श्रमिको के पंजीयन बढाने तथा श्रमिकों को विभाग की योजनाओं से अधिक से अधिक लाभान्वित कराने के निर्देश दिये गये।बाल श्रम के सम्बन्ध मे सहायक श्रमायुक्त द्वारा बताया गया कि विगत वित्तीय वर्ष मे 117 प्रतिष्ठानो का निरीक्षण कराते हुए 143 बाल श्रमिकों का चिन्हांकन किया गया तथा उनके 64 सेवायोजकों के विरूद्ध माननीय मुख्य दण्डाधिकारी कानपुर देहात के न्यायालय मे वाद दायर किया जा चुका है तथा शेष सेवायोजको के विरूद्ध कार्यवाही अपनायी जा रही है।वर्तमान वित्तीय वर्ष मे भी 19 सेवायोजको के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 23 बाल श्रमिको का चिन्हांकन किया गया है जिनके सेवायोजको के विरूद्ध कार्यवाही अपनाई जा रही है। अपर जिलाधिकारी द्वारा बाल श्रम के रोकथाम हेतु सम्बन्धित सभी विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। सहायक श्रमायुक्त द्वारा बैठक मे अवगत कराया गया कि जनपद मे बंधुआ श्रम कराये जाने के सम्बन्ध मे सजग दृष्टि रखी जाती है तथा जनपद मे बंधुआ श्रम से सम्बन्धित कोइ भी प्रकरण संज्ञान मे नही आया है।इस सम्बन्ध मे अपर जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि जनपद मे संचालित ईंट भटटो प्रतिष्ठानों एवं खनन के कार्य मे बंधुआ श्रम कराये जाने की सम्भावना हो सकती है जिसपर श्रम विभाग के श्रम प्रवर्तन अधिकारी ए एच टी ओ प्रभारी नायब तहसीलदार तहसीलदार अपने से सम्बन्धित उपजिलाधिकारी से सम्पर्क कर बंधुआ श्रम से सम्बन्ध मे प्रभावी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें तथा बंधुआ श्रम की स्थिति पाये जाने पर श्रमिको को तत्काल ही अवमुक्त कराते हुए उनके सेवायोजको के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाही भी करें।बैठक मे विरेन्द्र सिंह जिला विकास अधिकारी सुरेश कुमार वर्मा अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत डा0 आदित्य सचान डिप्टी सी एम ओ राकेश कुमार अग्रणी जिला प्रबंधक टी0आर कटारिया अधिशाषी अभियंता जल निगम सुषमा शुक्ला सदस्य सी डब्लू सी माया कोरी सदस्य सी डब्लू सी धर्मेन्द्र कुमार ओझा संरक्षण अधिकारी रंजन कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक ए एच टी यू सुरेन्द्र कुमार गौतम सचिव उ0प्र0 ग्रामीण श्रमिक संघए संजय शर्मा उपाध्यक्ष उ0प्र0 ग्रामीण श्रमिक संघ के अतिरिक्त अभिनव पाण्डेय राजेश श्रीवास्तव एवं अरविन्द कुमार सोनकर श्रम प्रवर्तन अधिकारी गण तथा विभाग के अन्य कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## कूड़े की आग से दस झोपड़ियां राख, लाखों का नुकसान



**स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नाव** मंगलवार देर रात शुक्लागंज रेलवे क्रॉसिंग ढाल पर खंती में जमा कूड़े के ढेर में किसी ने आग लगा दी। कूड़े में लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और नजदीक की दस झोपड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया जिससे झोपड़ियां जलकर खाक हो गई। आग से लाखों का सामान जलकर नष्ट हो गया। मंगलवार देर रात करीब 1 बजे रेलवे पुल की ढाल के पास स्थित द्वारिका मोहिनी स्कूल के सामने खंती में जमा कूड़े में किसी ने आग लगा दी। स्थानीय लोगों ने आग की लपटें देखकर पुलिस को सूचना दीए जिसके बाद दमकल को जानकारी दी गई। दमकल की एक गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया और वापस चली गई। हालांकिए कूड़ा अंदर ही अंदर सुलगता रहा। मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे तेज हवाओं के कारण सुलगती आग फिर से धधक उठी और तेजी से फैलने लगी। आग का विकराल रूप देखकर झोपड़ियों में रह रहे लोग जान बचाने के लिए शोर मचाते हुए बाहर भागे। एक के बाद एक करीब दस झोपड़ियां इसकी चपेट में आ गईं और धू.धू कर जलने लगीं। तेज हवाओं के कारण आग और भी दूर तक फैल गईए जिससे लोगों में अफरा.तफरी मच गई। सूचना मिलने पर गंगाघाट कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और दमकल को बुलाया। दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद शाम करीब 4 बजे आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका। इस भीषण अग्निकांड में मीनाए रामाए रामरतीए अनूप कुमारए छोटूए प्रेमा देवी और पप्पू की सब्जी की दुकानेंए हरिश्चंद्र शर्मा की फर्नीचर की दुकान और सावित्री की चारपाई की दुकानें पूरी तरह जलकर राख हो गईं। इस घटना से लाखों रुपये का नुकसान होने का अनुमान है।

## ज्येष्ठ के अंतिम मंगल पर उमड़ी आस्था जगह जगह हुए भंडारे और शर्बत वितरण

**स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नाव** ज्येष्ठ मास के आखिरी बड़े मंगल का पर्व नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में भक्तिभाव और उत्साह के साथ मनाया गया। हनुमान मंदिरों में विशेष श्रृंगार और सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गयाए जबकि विभिन्न स्थानों पर शर्बत वितरण और विशाल भंडारों का आयोजन कर श्रद्धालुओं और राहगीरों को प्रसाद बांटा गया। नगर पालिका परिषद की ओर से राजधानी मार्ग पर एक विशाल भंडारा आयोजित किया गया। पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और ईओ मुकेश कुमार मिश्रा ने दोपहर में बाबा की विधि.विधान से पूजा.अर्चना कीए जिसके बाद सुंदरकांड पाठ हुआ। भजन मंडली के भजनों पर सभासदए पालिका कर्मी और अन्य उपस्थित लोग झूम उठे। इसके बाद कढ़ी.चावलए पूड़ी.सब्जी और खीर का भंडारा शुरू हुआए जो दोपहर से शाम तक चलता रहा। इसी तरहए राजधानी मार्ग पर रोटी बैंक की ओर से प्रदीप शुक्लाए आनंद वर्मा सहित अन्य सदस्यों ने शर्बत वितरण किया। राजधानी मार्ग स्थित महावीर मंदिर और दुर्गा मंदिर के बाहर भी शर्बत वितरित किया गया। इसके अतिरिक्तए पोनी रोडए मिश्रा कॉलोनीए चंपापुरवाए कंचन नगर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में भी भक्तों ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद बांटा। ऋषि आश्रमए बालाजी मंदिर और अशोक वाटिका हनुमान मंदिर सहित नगर के अन्य मंदिरों में हनुमान जी का मनमोहक श्रृंगार कर सुंदरकांड पाठ और अन्य धार्मिक कार्यक्रम देर रात तक चलते रहेए जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

हमीरपुर। बैंको के जमा ऋण अनुपात में सुधार के उद्देश्य से बैंकर्स के साथ जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट स्थित डा. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कक्ष में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि केन्द्र तथा प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से संबंधित ऋण प्रकरणों तथा भारतीय स्टेट बैंक एवं पंजाब नेशनल बैक के सीडी रेसियो खराब होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं में बैंकों द्वारा प्राथमिकता के साथ ऋण दिया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता न बरती जाए अन्यथा संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार समर्थित विभिन्न योजनाओं में जानबूझकर ऋण न देने वाले बैंकर्स पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी बैंकर्स अपनी कार्यशैली को सकारात्मक करके सरकार की मंशानुरूप कार्य करे। जिलाधिकारी ने स्वरोजगार संबंधी योजनाओं के लंबित प्रकरणों पर बैंकर्स को समयबद्ध ढंग से निर्णय लेकर नियमानुसार पेंडेंसी को निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन के अन्तर्गत गठित स्वयं सहायता समूह को सीसीएल करने हेतु सप्ताह में बृास्पतिवार के दिन निर्धारित किया जाए तथा रोस्टर बनाकर तथा स्वयं समूह की महिलाओ को ऋण संबंधीं औपचारिकताएं पूर्ण करने हेतु बार-बार बैंक के चक्कर न लगवाया जाए। सभी औपचारिकताएं एक बार में पूर्ण कर ली जाए। उन्होने उपायुक्त उद्योग को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना को लक्ष्यपूर्ति करने के निर्देश दिए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, डीसीएआरएलएम, सहायक महाप्रबंन्धक एसबीआई, जिला प्रबन्धक नाबार्ड, जीएमडीआईसी, एलडीएम व बैंकर्स सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### एसपी ने परेड/ पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

हमीरपुर। आज अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा मंगलवार की परेड पुलिस लाइन हमीरपुर का निरीक्षण किया गया। इस क्रम में साप्ताहिक मंगलवार की परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया गया व अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल करवाया गया। शारीरिक व मानसिक रुप से फिट/स्वस्थ्य रहने के लिए दौड़ लगवायी गयी। पुलिस लाइन में बैरिको का निरीक्षण किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पुलिस कैन्टीन का निरीक्षण किया गया एवं सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिये गये। पुलिस लाइन आदेश कक्ष में ओआर कर संबंधित अभिलेखों का निरीक्षण कर तथा विभिन्न विभागीय प्रकरणों का निस्तारण किया गया। रिजर्व पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन्स हमीरपुर व अन्य संबंधित पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## खाना बनाते समय लगी आग नगदी समेत गृहस्थी का समान राख



**फतेहपुर चौरासी उन्नाव** खाना बनाते समय सिलेंडर से आग लग गई।आग लगने से गृहस्थी सहित नगदी जलकर राख हो गई।लेखपाल ने आग से हुए नुकसान का आंकलन किया।
शेरपुर अछिरछा गांव के मजरा भोला खेड़ा में मंगलवार की सुबह करीब साढ़े नौ बजे पुष्पेंद्र घर में गैस सिलेंडर में खाना बना रहें थेएखाना बनाते समय अचानक सिलेंडर में आग लग गई।सिलेंडर में लगी आग को बुझाने के लिए पुष्पेंद्र ने सिलेंडर पर चादर डालकर बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग तब भी आग नहीं बुझ सकी।जिसके बाद घर में मौजूद पुष्पेंद्र के भाई प्रवीण और मां मनोरमा घर से बाहर आ गई।ग्रामीणों ने निजी संसाधनों से आग पर काबू पाया।आग बुझने के बाद करीब एक घंटे बाद फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची।वहीं पीड़ित ने बताया कि आग से गृहस्थी का सामानएपचास हजार नगदी सहित करीब तीन लाख का नुकसान हुआ है।वहीं प्रवीण की शादी भी तय थीएजिसकी तैयारियां घर पर चल रहीं थी। सूचना पर पहुंचे लेखपाल राजेश ने आग से हुए नुकसान का आंकलन करके रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी है।

## भीषण गर्मी से राहत के लिए कराई पेयजल की व्यवस्था




**स्वतंत्र भारत सफीपुर उन्नाव** इस भीषण गर्मी और तपती धूप को देखते हुए एसओ ने थाना परिसर में आने वाले फरियादियों एवं पुलिस कर्मियों को पीने के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कराई है ज्येष्ठ माह के अंतिम मंगलवार को एस ओ सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने मिट्टी के घड़ों में शुद्ध पीने का पानी थाना परिसर में फरियादियों के पीने के लिए रखवा दिया है जिससे गर्मी में फरियादियों को काफी निजात मिलेगीण्स्थानीय लोग एसओ सुब्रत नारायण त्रिपाठी के इस सराहनीय कार्य की खूब सराहना कर रहे हैंण्एसओ द्वारा प्याऊ जल की व्यवस्था थाना परिसर में आने वाले फरियादियों एवं पुलिस कर्मियों के लिए कराई गई है जिससे इस भीषण गर्मी में शुद्ध एवं शीतल पेयजल से प्यास बुझाई जा सके

## कानपुर देहात समाचार

## लायर्स एसोसिएसन अध्यक्ष अरविंद ने अधिकारियों से शिष्टाचार भेंट की



**रसूलाबाद कानपुर देहात।** लायर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद कुमार राठौर ने उप जिलाधिकारी सर्वेश कुमार सिंह तहसीलदार संतोष कुमार नयाब तहसीलदार अभिनव चतुर्वेदी से शिष्टाचार भेंट कर मिठाई खिलाकर एक सकारात्मक और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाया है। इस भेंट के माध्यम से उन्होंने अधिकारियों के साथ अच्छे संबंध स्थापित करने और सहयोग की भावना को बढ़ावा देने का भी प्रयास किया है।

उल्लेखनीय है कि 6 जून को रसूलाबाद तहसील में लायर्स एसोसिएसन के हुए वार्षिक चुनाव में अरविंद कुमार राठौर अधिवक्ताओ के सहयोग से सर्वाधिक मतों से अध्यक्ष चुने गए थे ।

लायर्स एसोसिएसन अध्यक्ष अरविंद कुमार राठौर ने बताया कि इस शिष्टाचार भेंट से लायर्स एसोसिएशन और अधिकारियों के बीच संबंधों में मजबूती आएगी।
और इस भेंट से दोनों पक्षों के बीच सहयोग की भावना बढ़ेगी और भविष्य में संयुक्त रूप से काम करने के अवसर बढ़ेंगे और शिष्टाचार भेंट से एक सकारात्मक और सौहार्दपूर्ण माहौल बनेगाए जो दोनों पक्षों के लिए लाभदायक होगा ।
उन्होंने यह भी कहा कि लायर्स एसोसिएशन और अधिकारियों के बीच नियमित संवाद बनाए रखने से संबंधों में और अधिक मजबूती आएगी।
और दोनों पक्ष संयुक्त रूप से विभिन्न मुद्दों पर काम कर सकते हैं और समाज के लिए सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं।

इस मौके पर जनपद मुख्यालय के वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र सिंह राठौर विनोद कुमार त्रिपाठी लायर्स एसोसिएसन के पूर्व अध्यक्षों सन्तोष सिंह गौर सन्तोष यादव बलराम सिंह चौहान कुलदीप अवस्थी वरिष्ठ अधिवक्ता हरी अवस्थी महेश चंद्र बर्मा दयाराम पाल धीरेंद्र प्रताप सिंह राज गुप्ता उदयवीर सिंह चौहान प्रदीप शर्मा सर्वेश कुमार पाल सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे ।

## खनन माफिया ने चोरी चुपके खेत में खनन कर उठाई मिट्टी

माती.कानपुर देहात। मंगलपुर थाना क्षेत्र के मडौली के मजरा पदमपुर गांव के पास खनन माफियायो द्वारा एक खेत से बीती रात चोरी छुपे लगभग 10 विस्वा खेत की मिट्टी चोरी करके उठा ली गई।सुबह जब जे सी बी वहीं खड़ी देखी तो मिट्टी खनन की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई है। सरकार मिट्टी खनन माफियायो पर शख्त करवाई के निर्देश दे रही है।लेकिन ग्रामीण अंचल में धड़ल्ले से मिट्टी खनन का खेल चल रहा है रात होते ही खनन माफिया सक्रीय हो जाते हैं और मौका मिलते ही धरती मां के सीने को चीरने में लग जाते हैं।मंगलपुर थाना क्षेत्र के मड़ौली गांव में 30 मई की रात खनन माफियायो द्वारा पूरी रात जे सी बी से मिट्टी का खनन किया था सुबह खेत मालिकों के पहुंचने पर दबंग खनन माफियायो ने उन्हे वहां से भगा दिया था।इस पर गांव से अन्य लोग पहुंचे तब वे वहां से भागे थे जिसमें एस डी एम डेरापुर को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की गई थी।जिसकी जांच लेखपाल द्वारा की गई थी जिसमें मिट्टी खनन होना पाया गया था लेकिन अभी उसमें कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रशासन द्वारा खनन माफियायो पर कोई कार्रवाई न किए जाने से खनन माफियायो के हौसले बुलंद है।अब खनन माफिया प्रशासन को सीधी चुनौती देते हुए बराबर खनन कर रहे हैं।शनिवार की रात पदमपुर निवासी अनीता देवी के खेत से 10 विस्वा खेत से खनन माफियायो ने जेसीबी से चोरी से मिट्टी उठा ली।वही खनन माफियायों के हौसले इतने बुलंद है कि वे जे सी बी को खेत में ही खड़ी करके चले गए।खेत मालिक को आशंका है कि रात में फिर से मिट्टी खनन कर सकते हैं पीड़िता ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई है।

## पुलिस मुठभेड़ में दो लुटेरे हुए गिरफ्तार

**माती.कानपुर देहात।** बीते दिनों लाल पैशन प्रो मोटर साइकिल सवार दो व्यक्तियों द्वारा कस्बा रूरा के मोहल्ला राम नगर निवासी बालेस्टर सिंह चौहान के साथ चैन स्नैचिंग की घटना कारित की गई थी।जिसके संबंध में थाना रूरा पर अपराध संख्या 181625 धारा 304;2द्ध इदे पंजीकृत किया गया था।रविवार को उक्त घटना से संबंधित दो व्यक्तियों अंकित सिंह पुत्र नवल सिंह निवासी ग्राम नुनारी थाना डेरापुर व अशरफ पुत्र निसार निवासी ग्राम खाला थाना डेरापुर को थाना रूरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सराय गढ़ेवा अंडर पास से पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अभियुक्त अंकित सिंह को पैर में गोली भी लगी है। जिसे उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस टीम सुरक्षित है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 02 अदद तमंचा 315 बोर तीन खोखा कारतूस व दो अदद जिंदा कारतूस 315 बोर तथा घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल पैशन प्रो व 12060 रुपए बरामद हुए है।

## भैरव बाबा मंदिर के समीप तालाब सुंदरीकरण का हुआ शुभारंभ

**माती.कानपुर देहात।** संदलपुर क्षेत्र के कौरू स्थित भैरव बाबा मंदिर के पास स्थित तालाब के सौन्दर्यीकरण का कार्य शुरू किया गया है।जिसमें करीब चार लाख रुपए लागत से सुंदरीकरण किया जाएगा।इसके लिए मंदिर की दिशा में तालाब में घाट का निर्माण किया जा रहा है। बताते चलें संदलपुर क्षेत्र के कौरु गांव में बहुत प्राचीन भैरव बाबा का मंदिर है जहां दूर.दूर से लोग पूजन अर्चन के लिए आते हैं ।बताया जाता है कि पूरे क्षेत्र में भैरव बाबा का एकमात्र मंदिर है वही गांव के सभी कार्यक्रम मंदिर में पूजन अर्चन के बाद ही शुरू होते हैं।मंदिर के बारे में मान्यता है कि यह लगभग 300 वर्षों से अधिक पुराना है।ग्रामीणों में मान्यता है कि बहुत पहले तालाब मे एक पिंडी नुमा पत्थर दिखाई दिया था जिसे निकालकर मंदिर के रूप में स्थापित की गयी थी। लेकिन वह पिंडी फिर से तालाब में अपने आप चली जाती थी। गांव के लोग फिर से उसको वहां से उठाकर बाहर स्थापित करते थे।ऐसा कई बार हुआ।इस पर गांव के लोगों ने वहां पूजन अर्चन शुरू कर दिया।पहले वहां चबूतरा बना था।दो पीढ़ी पहले गांव के ही रघुनाथ प्रसाद कटियार ने मंदिर बनवाया था। वही भैरव बाबा का सिर राजस्थान से लाया गया था। आज गांव के हर धार्मिक अनुष्ठान शादी विवाह मंदिर में कार्यक्रम में पूजन अर्चन के बाद ही शुरू होते हैं।ग्राम प्रधान द्वारा तालाब के लिए सौन्दर्यीकरण का कार्य शुरू किया गया है जिसमें मंदिर की तरफ घाट का निर्माण करवाया जा रहा है जिससे भक्तों को मंदिर जाने से पहले पवित्र होने में सहुलियत हो जाए ।ग्राम प्रधान निधि कटियार ने बताया कि भैरव बाबा का इकलौता मंदिर है यहां दूर दराज से लोग आते हैं।यहां हर वर्ष मेला भी लगता है व रामलीला का आयोजन किया जाता है।अब मंदिर के पास स्थित भैरव बाबा तालाब पर मरम्मत का कार्य शुरू किया गया है जिसमें मंदिर की तरफ तालाब में घाट का निर्माण किया जा रहा है।तालाब में सौन्दर्यीकरण का कार्य शुरू होने से ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की है।

## एंटी करप्शन टीम में रिश्वत लेते दरोगा को किया गिरफ्तार

**-मुकदमें में नामजद आरोपी का नाम हटाने के एवज में मांगा था 20 हजार रूपए**



कानपुर। मुकदमे में नामजद आरोपी का नाम हटाने के एवज में रिश्वत मांगना एक दरोगा को महंगा पड़ा गया। एंटी करप्शन टीम ने दरोगा अभिनव चौधरी को घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। नौबस्ता थाने में 14 जनवरी को होजरी कारोबारी देवनगर निवासी त्रिपुरेश मिश्रा ने फतेहपुर बिंदकी के डिघरुआ बाबूपुर निवासी प्रत्युष कुमार सहित 4 लोगों पर जालसाजी, रंगदारी मांगने समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि प्रत्युष कुमार ने बूढ़पुर मछरिया में त्रिपुरेश के पुस्तैनी मकान में कागजों में हेरफेर कर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। मुकदमे की विवेचना दरोगा अभिनव चौधरी कर रहे थे। दरोगा अभिनव चौधरी ने प्रत्युष कुमार से नाम हटाने के लिए 20 हजार रुपये की मांग की। प्रत्युष ने इसकी शिकायत एंटी करप्शन टीम से की। एंटी करप्शन यूनिट ने ट्रैप बिछाया। उन्होंने नोटों पर फिनोपथलीन पाउडर लगाया। टीम के कहने पर प्रत्युष ने दरोगा से संपर्क किया। सोमवार शाम दरोगा ने प्रत्युष को रुपये लेकर मिलने के लिए नौबस्ता थाना क्षेत्र स्थित श्रीराम चौक बुलाया। वहां पहले से सिविल ड्रेस में एंटी करप्शन टीम मौजूद थी। जैसे ही दरोगा ने रुपए लिए टीम ने उसे रंगेहाथ दबोच लिया। अचानक दरोगा को दबोच कर गाड़ी बैठाने पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। डीसीपी साउथ दीपेन्द्र चौधरी ने बताया कि नौबस्ता थाने में तैनात दरोगा अभिनव चौधरी को रिश्वत लेते रंगे हाथ एंटी करप्शन टीम ने गिरफ्तार किया है। कैंट थाने में एंटी करप्शन टीम ने मुकदमा पंजीकृत कराया है। आरोपी दरोगा को जेल भेज दिया गया है।

## ज्येष्ठ माह से अंतिम बड़े मंगलवार को हुआ भण्डारा

कानपुर। यात्री जनकल्याण समिति ने आज ज्येष्ठ मास के अंतिम बड़े मंगलवार के पावन अवसर पर केंद्रीय कार्यालय एमजी कॉलोनी किदवई नगर में विशाल भंडारे का आयोजन किया। जिसमें समिति के प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार पाण्डेय एडवोकेट ने गुरुकुल के छात्रों का टीका लगाकर अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया। समिति की प्रदेश सचिव मंजू पाण्डेयने कन्या पूजन किया तत्पश्चात भंडारे का प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुनीष सह प्रांत प्रचारक कानपुर प्रांत कानपुर नगर कारागार अधीक्षक बी डी पाण्डेय, भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, भाजपा कानपुर दक्षिण जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह सहित समिति के महानगर अध्यक्ष रामानुज तिवारी एडवोकेट, ऋषभ पाण्डेय, राजेश यादव, शेषनारायण मिश्रा, बृजेश मिश्रा, राकेश कुमार, संतोष पांड समेत कई लोग मौजूद रहे।

## पारा 43 के पार, मंगलवार रहा सबसे गर्म दिन



दोपहर बाद से बढ़ने लगी तपिश व गर्म हवाओं की रफ्तार

कानपुर। दिन और रात में तापमान लगातार बढ़ रहा है। मंगलवार इस सीजन का गर्म दिन रहा। दोपहर में ऐसा लग रहा था कि मानों आसमान से आग बरस रही है। धूप से बचने के लिए लोग छांव का सहारा लेते रहे। दोपहर 12 बजे के बाद तपिश व गर्म हवाओं और गर्म हवाओं की रफ्तार और बढ़ गई। सीएसए यूनिवर्सिटी के मौसम विज्ञान केंद्र पर मंगलवार को दिन का पारा 43.9 डिग्री दर्ज किया गया। सोमवार को दिन का पारा 42.9 डिग्री था, वहीं मौसम वैज्ञानिक डॉ एसएन सुनील पाण्डेय ने कड़ी धूप में बेवजह घर या ऑफिस से बाहर न निकलने की सलाह दी है। बेहद जरूरी कामकाज से निकलने वाले अंगौछे आदि को कान पर लपेट कर निकले। रात का तापमान भी धीरे-धीरे बढ़ने लगा है, लेकिन अभी भी यह सामान्य से कम बना हुआ है। वहीं एयरफोर्स वेदर स्टेशन पर तापमान 28.2 डिग्री रहा। हवा की रफ्तार कम रही। सुबह के वक्त उमस रही, लेकिन तेज धूप से नमी कम होती चली गई। अधिकतम नमी 53 और न्यूनतम नमी 34 प्रतिशत रही। मौसम विभाग की मानें तो 12 जून के बाद से चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बनेगा। इसके साथ ही बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बनेगा। इससे मानसून आगे बढ़ना शुरू होगा। अधिक मात्रा में समुद्री नमी लेकर आने वाली हवाओं का आना शुरू होगा। इससे बादल बनेंगे और कानपुर परिक्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ बारिश हो सकती है।

### 13 जून के बाद हल्की बारिश की संभावना

मौसम विभाग के अनुसार आगामी पांच दिनों में आसमान में हल्के बादल रहने के कारण 13 से 15 जून के बीच तेज हवाएं चलेंगी और गरज चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना है। थार मरुस्थल से आने वाली सूखी हवाओं की वजह से नमी में भी कमी आएगी। बीच-बीच में अरब सागर की हवाएं आने से नमी भी बनी रहेगी।

## बाइक सवार बदमाशों ने सर्राफा पर झोंका फायर

**■ घटना के बाद मिली धमकी, जिंदा रहना है तो 50 लाख रूपए दो**

**कानपुर।** गोविन्द नगर में बाइक सवार बदमाशों ने सर्राफा कारोबारी पर फायर झोंक दिया। गनीमत रही कि गोली स्कूल के गेट में जाकर लगी। इससे कारोबारी बाल-बाल बच गए। घटना के थोड़ी कारोबारी को धमकी मिली कि जिंदा रहना है तो 50 लाख रुपए दे दो। इसके बाद कारोबारी ने पुलिस को सूचना दी। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। गोविन्द नगर क्यू ब्लाक निवासी अनिल गुप्ता उर्फ गुड्डू की बिल्हौर में सेठ रामकुमार गुप्ता ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। उन्होंने बताया कि वह सप्ताह में तीन दिन-रविवार, मंगलवार और शुक्रवार को दुकान जाते हैं। रविवार को अनिल शॉप बंद करके स्विफ्ट डिजायर कार से घर के लिए निकले, तभी रास्ते में एक अनजान नंबर से कॉल आया और हैलो कहने के बाद फोन काट गया।

रात साढ़े नौ बजे घर पहुंचा और कार खड़ी करके डिग्गी से सामान निकाल रहा था, तभी बाइक सवार दो नकाबपोश युवक मेरे पास से गुजरे। बाइक में पीछे बैठे युवक ने पिस्टल निकालकर फायर झोंक दिया। गोली उन्हें न लगकर घर के बगल में स्थित स्कूल के गेट पर जा लगी। गोली की आवाज सुनते ही मुहल्ले के लोग बाहर निकले तब तक बाइक सवार हमलावर भाग निकले। थोड़ी देर बाद मैं घर के अंदर चला गया। इसके बाद फिर से अनजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने नाम लेते हुए कहा कि गुड्डू धमाका हमने करवाया है। जिंदा रहना है तो 50 लाख रुपए का इंतजाम कर लो। मैं बहुत परेशान हूं। इसके बाद उसने फोन काट दिया। थोड़ी ही देर बाद दोबारा कॉल आई। इस बार फोन मेरे पिताजी रामकुमार ने रिसीव किया। पूछा- रुपए कहां पहुंचाने हैं, जिसके बाद वह कुछ देर तक शांत रहा और फिर फोन काट दिया। इसके बाद मैंने पुलिस को सूचना दी। घटना के बाद पुलिस ने जांच शुरू की तो पता चला कि अनिल के मोबाइल पर जिस नंबर से कॉल आई थी, उसका लोकेशन उन्नाव मिला। इसके बाद गोविंदनगर थाना पुलिस की एक टीम उन्नाव के लिए रवाना हो गई। पुलिस की 2 टीमें सीसीटीवी के आधार पर कारोबारी पर गोली चलाने वाले बाइक सवारों की तलाश में लगी हैं।

## कॉल करने के चंद मिनटों में ही घटनास्थल पर मौजूद रहेगी पुलिस

**■ पुलिस कमिश्नर ने 23 हाईटेक इनोवा को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना**




**कानपुर।** मंगलवार को पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने डायल-112 के बेड़े में शामिल हुई 23 हाईटेक इनोवा का हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आधुनिक तकनीकी से लैस इन गाड़ियों के शामिल होने से अब पुलिस का रिस्पांस टाइम और बेहतर हो जाएगा। इस दौरान दोनों एडिशनल सीपी लॉ एंड आर्डर आशुतोष कुमार, एडिशनल सीपी मुख्यालय विनोद कुमार, डीसीपी ट्रैफिक रवीन्द्र कुमार, एसीपी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

एडिशनल सीपी लॉ एंड ऑर्डर आशुतोष कुमार ने बताया कि कानपुर पुलिस की डायल-112 को 23 इनोवा गाड़ियां मिली हैं। डायल 112 को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए भी नई व्यवस्था की गई है। गो लाइव नाम से डायल 112 के दूसरे चरण की शुरुआत की गई है। मौजूदा सेवा प्रदाता कंपनी की ओर से डायल 112 के चार पहिया वाहनों में एमडीटी की जगह एप्पल आईपैड उपलब्ध करवाया गया है। इसी तरह दोपहिया वाहनों में भी एप्पल कंपनी की ही डिवाइस दी गई है। इससे सूचनाकर्ता की लाइव लोकेशन मिल सकेगी। इसी तरह शिकायकर्ता को एसएमएस के साथ एक लिंक भी मिलेगा। इस लिंक पर क्लिक कर वह जान सकेंगे कि डायल 112 की गाड़ी उनसे कितनी दूर पर मौजूद है या उसकी लोकेशन क्या है। इन सभी गाड़ियों के फील्ड पर आने से रिस्पांस टाइम और बेहतर हो जाएगा। कॉल करने के चंद मिनट में ही पीड़ित के पास पुलिस मौजूद होगी।

## खबर एक नजर

### हिंदू रिति-रिवाज के साथ गब्बर सिंह को युवराज ने दी मुखाग्नि

**-दस सालों से पिटबुल डॉग था परिवार का हिस्सा**



**कानपुर।** भैरव घाट पर मंगलवार को एक बेहद भावुक दृश्य देखने को मिला, जब पालतू डॉग गब्बर सिंह का अंतिम संस्कार पूरे रीति-रिवाज के साथ किया गया। लकड़ी की चिता पर पिटबुल डॉग को मालिक युवराज ने मुखाग्नि दी। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि पिटबुल डॉग गब्बर सिंह का जन्म 21 मार्च 2015 को हुआ था और आज उसके जीवन के 10 साल पूरे हुए थे, लेकिन इसी दिन दोपहर में उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और कुछ ही घंटों में उसकी मौत हो गई। डॉग की तबीयत खराब होने के बाद उसे तुरंत पशु चिकित्सक के पास ले जाया गया, लेकिन उसे मृत घोषित कर दिया गया। गब्बर सिंह न सिर्फ युवराज का पालतू था, बल्कि उनके जीवन का एक अभिन्न हिस्सा भी था। क्षेत्रीय लोगों की मानें तो गब्बर सिंह बेहद समझदार और वफादार था और कॉलोनी के सभी लोग उससे काफी स्नेह रखते थे। अंतिम संस्कार की प्रक्रिया में फूलों से सजे स्थान पर गब्बर सिंह का शव रखा गया। भैरवघाट में हिंदू रिति-रिवाज के साथ डॉग का अंतिम संस्कार किया गया और युवराज ने उसे मुखाग्नि दी। इस मौके पर युवराज की आंखें नम थीं और उन्होंने कहा गब्बर सिर्फ एक डॉग नहीं था, वो मेरा परिवार था। उसकी कमी कभी पूरी नहीं हो सकेगी। स्थानीय लोग और पशु प्रेमी भी इस भावुक पल में युवराज के साथ शामिल हुए और गब्बर सिंह को अंतिम विदाई दी।

### लोगों की सुविधानुसार बनाई जाए परियोजना



**कानपुर।** जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में नगर पालिका परिषद/ नगर पंचायत के 15वें वित्त आयोग की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति के संबंध में बैठक की। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी अधिशाषी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी परियोजना बनाई जाए, वह लोगों की सुविधानुसार हो। किसी भी योजना में सरकारी धन खर्च करने में लापरवाही नहीं बरती जाए। यदि किसी योजना में लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने घाटमपुर क्षेत्र की एक परियोजना की समीक्षा के दौरान पाया कि प्रस्तावित बारात शाला के निर्माण स्थल पर जलभराव की समस्या है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जलभराव से प्रभावित इस स्थान के बजाय अन्य उपयुक्त स्थान का चयन करें, ताकि परियोजना का सुचारू रूप से क्रियान्वयन किया जा सके। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि स्थानीय निकायों द्वारा प्रस्तुत कार्यों के आगणनो का तकनीकी सत्यापन कराने के बाद ही कार्य कराए जाएं। स्वीकृत कार्य स्वीकृत स्थानों पर ही कराया जाए। कार्यों की गुणवत्ता प्रभावित न हो। कार्य योजना में सम्मिलित कार्यों में किसी अन्य योजना को सम्मिलन न किया जाए। क्रय सामग्री जैम पोर्टल के माध्यम से ही किया जाए एवं निर्माण कार्यों की निविदा ई-टेण्डर पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित की जाए। लोक निर्माण के नामित अभियंता से कार्यों की गुणवत्ता की जांच कराकर ही भुगतान कराया जाए।

### माइलेज रैली का टीकेएम ने किया समापन

कानपुर। कानपुर में अपनी माइलेज रैली का टीकेएम ने समापन किया। यह उत्तर प्रदेश के प्रमुख शहरों में एक व्यापक पहल का हिस्सा था। इसका मकसद टोयोटा अर्बन क्रूजर हाइराइडर हाइब्रिड की श्रेणी में सर्वोत्तम ईंधन दक्षता का जश्न मनाना था। इस आयोजन में मौजूदा ग्राहकों के साथ भावीखरीदरों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। सबने अपने ड्राइविंग कौशल का प्रदर्शन किया और साथ में हाइराइडर की उल्लेखनीय हाइब्रिड प्रौद्योगिकी को महसूस किया। कार्यक्रम का समापन टॉप परफॉर्मर अभय चौधरी के सम्मान के साथ हुआ। इन्होंने सबसे अधिक माइलेज हासिल किया, जिससे उन्नत हरित प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के प्रति टोयोटा की प्रतिबद्धता को बल मिला।

### यूनाइटेड फॉर बीपी कंट्रोल अभियान की हुई शुरूआत

कानपुर। हाई ब्लड प्रेशर या हाइपरटेंशन, जिसे साइलेंट किलर कहा जाता है। आज भारत में 31.5 करोड़ से अधिक लोगों को प्रभावित कर रहा है। कम जागरूकता, इलाज में लापरवाही और मरीजों को सही जानकारी की कमी के चलते यह समस्या देश के लिए एक बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बन चुकी है। इस गंभीर स्थिति से निपटने के लिएए यूएसवी ने यूनाइटेड फॉर बीपी कंट्रोल अभियान की शुरुआत की है, जो वर्ल्ड हाइपरटेंशन लीग और इंडियन सोसाइटी ऑफ हाइपरटेंशन के सहयोग से चलाया जा रहा है। यूएसवी के प्रबंध निदेशक प्रशांत तिवारी ने कहा यूनाइटेड फॉर बीपी कंट्रोल के ज़रिए यूएसवी भारत में हाई ब्लड प्रेशर की लगातार बढ़ती समस्या से निपटने और इसके निरंतर प्रबंधन को संभव बनाने की दिशा में ठोस कदम उठा रहा है।

### लोडर चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

कानपुर। गाड़ी मालिक के साथ लोडर लेकर निकला चालक संदिग्ध परिस्थितियों में गंभीर रूप से घायल हो गया। गाड़ी मालिक ने परिजनों को बिना सूचना दिए उसे कल्याणपुर सीएचसी में भर्ती कराया और भाग निकला। हालत बिगड़ने पर चालक को हैलट रेफर कर दिया गया। चालक के बीमार पिता जब हैलट अपनी दवा लेने पहुंचे तो बेटे की मौत की जानकारी मिली। मृतक के जूनियर इंजीनियर भाई ने पुलिस और डॉक्टरों पर पहचान करने में लापरवाही का आरोप लगाया है।

## नामांतरण कराने के नाम पर बाबू लगवाते है लोगों को चक्कर

**-केडीए उपाध्यक्ष को भाजपाइयों ने सौंपा ज्ञापन**



**कानपुर।** भाजपा उत्तर जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने केडीए उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल से मुलाकात कर विकास से संबंधित चर्चा की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि नामांतरण में ज्यादा समय लग रहा है। इससे जनता कई-कई बार केडीए के चक्कर लगाती है। केडीए हाइट्स और सिग्नेचर सिटी में पानी से संबंधित समस्या को भी केडीए उपाध्यक्ष को भी केडीए उपाध्यक्ष से अवगत कराया गया। मांग की कि जल्द पानी की समस्या दूर की जाएं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सील बेसमेंट और इमारतें बिना किसी आदेश के दोबारा खुल गई हैं। नई बिल्डिंग्स निर्माण में उच्च अधिकारी निरीक्षण करें जिससे मानक अनुरूप काम हो। उन्होंने कहा कि केडीए के कई बाबू एक ही पोस्ट पर पिछले कई वर्षों से तैनात हैं। जिससे आम जनता के कार्य सुचारू रूप से नहीं हो पा रहे हैं। आवंटियों को आवंटित प्लॉट देने में निर्धारित समय से जायदा समय लग रहा है, जिससे आम जनता को परेशानी हो रही है। केडीए उपाध्यक्ष ने जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित को आश्वासन दिया कि समस्याओं का निस्तारण जल्द ही किया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में जिला मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा, महामंत्री संतोष शुक्ला, जितेंद्र विश्वकर्मा, अवधेश सोनकर, युवा मोर्चा अध्यक्ष शिवांग मिश्रा समेत अन्य मौजूद रहे।

## जल निगम में मुख्यालय में कर्मचारियों ने किया प्रर्दशन

**■ नगरीय व ग्रामीण में समान रूप से महंगाई भत्ता 253 प्रतिशत करने की मांग**



**कानपुर।** मंगलवार को उत्तर प्रदेश जल निगम संघर्ष समिति के तत्वावधान में कर्मचारियों ने मुख्यालय में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों कहना था कि जल निगम नगरीय व ग्राम में समान रूप से शासन की ओर से जारी महंगाई भत्ता 253 प्रतिशत किया जाए।

जनपद संयोजक प्रताप साहनी ने कहा कि एक जनवरी 2006 से 11 मार्च 2010 के एरियर का भुगतान कई कर्मचारियों का नहीं किया गया है। कई कर्मियों को बिना अभिलेख के किस्तों में भुगतान किया गया, जिससे वरिष्ठ को कम और कनिष्ठों को दोगुना से अधिक का अंतर है। यूपी इंजीनियर एसोसिएशन के सचिव अतहर कादरी ने कहा कि जल निगम नगरीय में एचआर का भुगतान इसलिए नहीं किया जा रहा कि उन्हें जानकारी नहीं थी कि कर्मी किस जनपद में तैनात था और उसे विभाग आवास आवंटित था या नहीं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद कार्यरत कर्मियों के जीपीएफका भुगतान खाते में जमा नहीं किया जा रहा है। डिवीजन इंजीनियर संगठन के अध्यक्ष इंजीनियर विनय कुमार यादव ने कहा कि पावर कारपोरेशन की तरह जल निगम नगरीय व ग्रामीण के कर्मियों के वेतन और पेंशन का भुगतान कोषागार में किया जाए। सातवें वेतनमान संबंधी शासनादेशों को समान रूप से लागू किया जाए। अघोषित रूप से बंद की गई अनुकंपा नियुक्ति की व्यवस्था को बहाल करते हुए सभी लंबित प्रकरणों का तत्काल निस्तारण किया जाए। प्रदर्शन के दौरान कर्मियों ने मुख्यमंत्री से संबोधित ज्ञापन जल निगम अधिकारियों को सौंपा।

## दीनू गैंग के सदस्य नारायण भदौरिया की तालाश में पुलिस की छापेमारी

**■ करोड़ों की जमीन कब्जा कर बेंचने का है आरोप**



**कानपुर।** करोड़ों की जमीन कब्जाने के मामले में नरायण सिंह भदौरिया के खिलाफ पुलिस ने एक्शन लेना शुरू कर दिया। मंगलवार को नौबस्ता समेत चार थानों की फोर्स ने किदवई नगर स्थित घरों में छापेमारी की, लेकिन नराण सिंह भदौरिया नहीं मिला। इस दौरान पुलिस अफसरों ने मौके पर मिले नारायण के पिता और चाचा को चेतावनी देने के बाद पुलिस चली गई। इतनी भारी पुलिस फोर्स देखकर मोहल्ले के लोग भी दहशत में आ गए, लेकिन मामला पता चला तो राहत की सांस ली।

भाजपा नेता अनूप तिवारी ने 20 मई को नारायण भदौरिया समेत 15 के खिलाफ करोड़ों की जमीन कब्जाने की रिपोर्ट नौबस्ता थाने में दर्ज कराई थी। एक मुकदमा दर्ज होने के बाद नारायण के खिलाफ नौबस्ता, बर्रा और बिधनू समेत कई थानों में जमीनों पर कब्जा करने का मामला सामने आया। इसके बाद पुलिस ने एक के बाद एक करीब आधा दर्जन एफआईआर दर्ज की। आरोप है कि नारायण ने दीनू समेत अन्य गुंडों के साथ सिंडीकेट बनाकर करोड़ों की जमीनों पर कब्जा किया और फिर बेच डाला। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से नारायण भदौरिया फरार चल रहा है। नारायण भदौरिया और संजीव भदौरिया की तलाश में मंगलवार को नौबस्ता, किदवई नगर, जूही और बाबूपुरवा थाने फोर्स ने प्लानिंग के साथ नारायण के घर पर छापा मारा, लेकिन वह घर पर नहीं मिलां। इस दौरान नारायण के पिता और चाचा मिले। पूछताछ करने के बाद वो लोग भी नहीं बता सके कि नारायण कहां है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि अगर नारायण ने सरेंडर नहीं किया तो जल्द ही कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

**दीनू गैंग से जुड़ा है नरायण**

कानपुर पुलिस कमिश्नरेट ने दीनू उपाध्याय के खिलाफ एक्शन लेना शुरू किया तो सामने आया कि उसके साथ किदवई नगर का नारायण भदौरिया भी जुड़ा हुआ है। नारायण भी सिंडीकेट बनाकर शहर में बड़े पैमाने पर जमीनों पर कब्जे का खेल कर रहा है। इसके बाद जिनकी जमीनों पर नारायण सिंडीकेट ने कब्जा किया एक के बाद एक सामने आए और अलग-अलग थानों में आधा दर्जन एफआईआर दर्ज हुई। इसके बाद से नारायण भदौरिया फरार चल रहा है।

## कन्वेंशन सेंटर का नामकरण स्व. श्याम बिहार मिश्रा के नाम पर किया जाए

**-सभी जनप्रतिनिधियों से भेंट कर मांगेंगे समर्थन**



**कानपुर।** मंगलवार को स्वर्गीय श्याम बिहारी मिश्र स्मृति समिति की बैठक कुली बाजार में हुई। बैठक की अध्यक्षता संयोजक मंडल के सदस्य भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामदेव शुक्ला व संचालन कृपा शंकर त्रिवेदी ने किया। जिसमें समिति सदस्यों ने निर्णय लिया कि स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत चुन्नीगंज में निर्माणाधीन कन्वेंशन सेंटर का नामकरण पूर्व सांसद/ व्यापारी हृदय सम्राट ब्रह्मलीन पंडित श्याम बिहारी मिश्रा के नाम पर किए जाने हेतु सभी जनप्रतिनिधियों से भेट कर समर्थन मांगेगा। इसके साथ ही व्यापारी/ सामाजिक संगठनों से भी संपर्क कर बाजारों में हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जाएगा। कानपुर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुनील बजाज ने कहा इसका पहला ज्ञापन बुधवार को कानपुर के कमिश्नर को देकर अभियान का प्रारम्भ किया जाएगा। श्याम बिहारी ने कानपुर में पल बढ़ कर व्यापारियों की लड़ाई कई बार राष्ट्रीय स्तर पर लड़ी है। वह भाजपा से चार बार सांसद एवं व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे हैं। कानपुर व्यापारी/उद्यमियों एवं मजदूरो का शहर है, इसलिए कन्वेंशन सेंटर का नामकरण ब्रह्मलीन पंडित श्याम बिहारी मिश्रा के नाम पर ही किया जाना चाहिए। बैठक में समिति के संयोजक मंडल में डॉ शैलेंद्र दीक्षित, सुरेश गुप्ता, सरदार नीतू सिंह, संजय गुप्ता, सत्य प्रकाश जायसवाल, आलोक मल्होत्रा, मोहम्मद तालिब आदि लोग मौजूद रहे।

## खबर एक नज़र



### अभिवावकों की फीडबैक में सफल रहा समर कैंप का आयोजन

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों के अनुरूप समझ आनंददायी एवं अनुभवात्मक शिक्षण को बढ़ावा देने के लिए अलग अलग विशेषज्ञों द्वारा दिया गया मार्गदर्शन**

भीतरगांव। विकासखंड भीतरगांव में शासन के आदेश अनुसार समर कैंप का आयोजन 21 मई से 10 जून तक प्रत्येक उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं कंपोजिट विद्यालयों में संपन्न हुआ समर कैंप में कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों ने प्रतिभाग लिया जिसमें विकासखंड के 68 उच्च प्राथमिक तथा कंपोजिट विद्यालयों में अध्यनरत छात्र.छात्राओं ने प्रतिदिन समर कैंप में सक्रियता से प्रतिभाग किया एवं समर कैम्प का सफल संचालन हुआ प्रत्येक विद्यालय में दैनिक योगाभ्यास एक्सरसाइज एवं प्रत्येक दिन की अलग.अलग गतिविधियां जैसे खो खोए अंताक्षरीएकरियर काउंसलिंगए भाषा विकासए पर्यावरण बचाओए गणित दक्षता विकास को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती पूनम वर्मा की देखरेख में समर कैंप का संचालन किया एआरपी मुलायम सिंह ने बताया कि विकासखंड भीतरगांव में कंपोजिट विद्यालय अरंझामीए कंपोजिट विद्यालय मेहरौलीए कंपोजिट विद्यालय गाज़ीपुरए कंपोजिट विद्यालय कीसा खेड़ा के साथ साथ अन्य विद्यालयों ने भी बहुत ही अच्छा कार्य किया।विद्यालयों में अभिभावक फीडबैक के दौरान यह पाया गया कि इस प्रकार के समर कैंप संचालन से ग्रामीण अभिभावकों में अपने छात्रों के भविष्य के प्रति एवं कुशलता के प्रति नवीन आशा जागृत हुई है सभी अभिभावकों ने बहुत ही अच्छी फीडबैक दी और आशा की की भविष्य में इस प्रकार की अन्य गतिविधियों का आयोजन होता रहेगा।

### बड़े मंगल पर्व पर जगह जगह आयोजित हुआ भंडारा

**बिल्हौर** कानपुर जनपद की बिल्हौर तहसील में बड़े मंगल के पावन पर्व पर समाजसेवियों द्वारा कई जगह पर भंडारा आयोजित किया गया। सर्वप्रथम खजुरी स्थित अकेडिया इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधन द्वारा श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें भक्तों ने बढ़ चढ़ कर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रबंध तंत्र से अभिषेक मिश्रा आशुतोष मिश्रा अभिजीत मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे। वहीं बिल्हौर स्टेट बैंक के बाहर बैंक मैनेजर अंशु विश्वकर्मा एवं अन्य बैंक स्टाफ के सहयोग से भंडारे का आयोजन किया गया और वनखण्डेश्वर मंदिर के बाहर युवाओं की सेवा समिति द्वारा भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया।

### पत्नी को ढ़ाल बना आएदिन मारपीट का आरोप पुलिस जांच में जुटी

**कई बार मारपीट की शिकायत के बाद भी कार्यवाही न होने से हौसले बुलंद**

भीतरगांव। साढ़ थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर नर्वल गांव में एक अजीब मामला सामने आया जहां पत्नी को ढ़ाल बना आएदिन मारपीट करने का आरोप लगा पीड़ित ने भाई के खिलाफ थाना पुलिस से लिखित शिकायत करते हुए कार्यवाही की गुहार लगाई। कुड़नी क्षेत्र के मोहम्मदपुर नर्वल गांव निवासी कपिल कुमार पुत्र महाराज सिंह ने तहरीर देते हुए बताया कि हम तीन भाई है सब लोग परिवार सहित अलग अलग रहते है पीड़ित ने छोटे भाई पिंकू पर आरोप लगाते हुए बताया कि वह नशेबाज है और आए दिन मेरे साथ मारपीट कर परेशान करता है अपनी पत्नी को ढ़ाल बना प्रताड़ित करता है पीड़ित ने बताया कि बीते दिन वह दरवाजे पर लेटा था तभी पिंकू लाठी लेकर आया और हमलाकर गंभीर रूप से घायल कर दिया शोर सुनकर ग्रामीणों को आता देख जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया पीड़ित ने बताया कि उसने तीसरी बार घटना को अंजाम दिया है पुलिस द्वारा कार्यवाही न किए जाने से उसके हौसले बुलंद है साढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है जांचकर कार्यवाही की जा रही।

### रानी खुन्नस में दबंगों ने सरिया से हमलाकर किया लहूलुहान

*आधा दर्जन से अधिक लोगों पर मारपीट कर घायल कर देने का आरोप*

**भीतरगांव।** साढ़ थाना क्षेत्र के पडरी लालपुर गांव में रास्ते से निकलने की पुरानी खुन्नस को लेकर पांच नामजद सहित कई अज्ञात लोगों ने युवक पर लाठी डंडा तथा सरिया से हमलाकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया पीड़ित ने गांव निवासी युवकों पर हमलाकर घायल कर देने का आरोप लगाते हुए साढ़ थाना पुलिस से मामले की शिकायत की पुलिस द्वारा घायल को उपचार हेतु सीएचसी भीतरगांव भेजा गया। पडरी लालपुर निवासी रामकुमार पुत्र रामनारायण ने लिखित शिकायत करते हुए बताया कि उसका पुत्र करन कश्यप परिजनों के साथ तालाब में बेल डालने का काम कर रहा था तभी पुरानी खुन्नस को लेकर पहुंचे गांव निवासी रामनरेश यादव पुत्र भूरा अपने लड़के अंकित यादव रामकुमार चुन्ना चंद्रपाल रामसिंह अपने पांच छह अज्ञात साथियों के साथ लाठी डंडा तथा सरिया लेकर पहुंचे और जानलेवा हमलाकर दिया जिससे वह अचेत हो गया परिजनों के शोर मचाने पर ग्रामीणों को आता देखकर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए पीड़ित ने घायल पुत्र के साथ पहुंचकर साढ़ पुलिस से लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग की। साढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि घायल को उपचार हेतु सीएचसी भीतरगांव भेजा गया है तहरीर के अनुसार जांचकर विधिक कार्यवाही की जा रही।

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

हमीरपुर। जिलाधिकारी घनश्याम मीना के अध्यक्षता में डा. एपीजे अब्दुल कलाम कलेक्ट्रेट सभागार में यमुना पुल मरम्मतीकारण हेतु बंद करने के संदर्भ में ट्रांसपोर्टरों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें उन्हें अवगत कराया गया कि आगामी प्रत्येक शनिवार व रविवार को बंद रहेगा। ट्रांसपोर्टरों को निर्देशित किया कि क्षमता के अनुसार चलें और रांयल्टी लेकर चलें। वाहनों पर नंबर प्लेट लगा कर चले बिना नंबर प्लेट या ग्रीस लगाकर ना चले। ज्ञात हो कि 14 जून से 21 जुलाई तक प्रत्येक आने वाले सप्ताह में शनिवार एवं रविवार को यमुना ब्रिज का मरम्मत कार्य हेतु सभी तरह के वाहनों (छोटे बड़े यात्री एवं भार वाहक वाहन) का आवागमन पूर्ण रूप में बन्द करने के निर्देश दिये गये है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, एआरटीओ, सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### देव यज्ञ के साथ आर्य समाज का पांच दिवसीय शिविर संपन्न

सुमेरपुर-हमीरपुर। सुमेरपुर कस्बे के आर्य सत्संग भवन में चल रहे ध्यान योग अध्यात्म शिविर का समापन देव यज्ञ के साथ मंगलवार को हो गया। यज्ञ में विश्व कल्याण की कामना की आहुतियां दी गई। आर्य समाज के पांच दिवसीय ध्यान योग, अध्यात्म शिविर का मंगलवार को देवयज्ञ के साथ समापन किया गया। यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य सत्यव्रत महाराज ने कहा कि मानव जीवन की उन्नति का आधार पंच महायज्ञ है। उन्होंने कहा कि पंच महायज्ञ को जीवन में अपनाने से सुख शांति का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मनुष्य को ब्रम्हयज्ञ, देवयज्ञ, पित्रयज्ञ, अतिथि यज्ञ, बलि वैश्य देव यज्ञ अवश्य करना चाहिए। उन्होंने बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदूषण से मुक्ति के लिए यज्ञ के साथ पौधों का रोपण करना चाहिए। कार्यक्रम संचालन आर्य वीर दल के प्रांतीय संचालक डा. विवेक आर्य ने किया। आर्य समाज के मंत्री प्रेम कुमार श्रीवास्तव ने सभी के प्रति कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराने का आभार जताया। इस मौके पर उमेश आर्य, लक्ष्मी नारायण, गणेश प्रसाद, रामबिहारी कुशवाहा, कृष्ण कुमार, लखन लाल, श्याम सिंह, साध्वी नारायणी, राधा, ज्योति, अंजली, मीनाक्षी, राजेंद्री देवी, सूरज आर्या आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## युवक के आत्महत्या करने पर चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज डीसीपी ने दरोगा व दीवान को किया सस्पेंड





जीतू निषाद(फाइल फोटो)



आक्रोशित लोगों को समझाते डीसीपी व विधायक

**घटना की जानकारी पर देर रात गांव पहुंची विधायक ने डीसीपी साऊथ को मामले की जानकारी देने के साथ मौके पर बुलाकर दरोगा व दीवान को सस्पेंड कराने के साथ दर्ज कराई रिपोर्ट**

**घाटमपुर।** थाना सजेती क्षेत्र के कोटरा गांव में एक युवक के फांसी लगाकर आत्म हत्या किए जाने के मामले में थाने के दारोगा व दीवान समेत चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।

परिजनों के बुलावे पर देर रात कोटरा गांव पहुंची विधायक सरोज कुरील ने ग़मजदा परिवार को आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही का भरोसा देकर डीसीपी साऊथ दीपेंद्र चौधरी को सारे मामले से अवगत कराया। साथ ही मौके पर बुलाकर दरोगा व दीवान को सस्पेंड कराने के साथ दरोगा व दीवान तथा पत्नी व ससुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई। तब जाकर युवक के परिजनों ने पुलिस को शव पोस्ट मार्टम के लिए भेजने दिया।युवक के फांसी लगाने पर परिजन व गांव वाले जहां पुलिस को शव पीएम के लिए नहीं भेजने दे रहे थे। वहीं आत्म हत्या के पीछे दरोगा व दीवान पर पीटने तथा दो अन्य लोगों पर उत्पीड़न करने का आरोप लगा रहे थे। दौलत पुर निवासी पिता रमेश निषाद पुत्र द्वारिका की तहरीर पर थाने में तैनात व हल्का इंचार्ज सब इंस्पेक्टर गौरव सौलिया व दीवान रवि वर्मा तथा गुरैयांनपुर निवासी रामकिशोर निषाद व उनकी पुत्री सुमन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। रमेश का कहना है कि मेरे पुत्र जीत कुमार ;उर्फद्ध जीतू व उसकी पत्नी सुमन के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। जिस पर उसके पिता राम किशोर के कहने पर मीर चौकी के दरोगा गौरव सोलिया व दीवान रवि वर्मा उसके पुत्र को पकड़कर रविवार की रात करीब 11 बजे चौकी मे ले आए। जहां उससे दरोगा व दीवान ने 50 हजार की मांग की रुपए न देने पर पटे से की गई बेरहमी से दोनों द्वारा की गई पिटाई पर जांघ व पीट पर निशान ही निशान थे। पिता का आरोप गेहूं बेचवा कर सोमवार की सुबह 15 हजार लेने के बाद पुलिस ने बाकी शाम तक देने को कहकर बेटे को छोड़ दिया। जिसकी व्यवस्था न होने से परेशान होकर उसने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। थाना प्रभारी कमलेश रॉय ने बताया कि पिता रमेश निषाद की तहरीर पर आत्म हत्या के प्रेरित करने पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।थाने के दरोगा व दीवान की सस्पेंड कर दिया गया है।

**ग्रामीण बोले लूट का अड्डा बना पुलिस सहायता केंद्र**

घाटमपुर। आत्म हत्या की घटना को लेकर ग्रामीणों ने डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी को बताया कि गांव स्थित पुलिस सहायता केंद्र लूट का अड्डा बना हुआ है। यहां तैनात पुलिसकर्मी लोगों को परेशान करके उनसे वसूली करते हैं। छोटे.मोटे झगड़ों भी डर दिखाकर दलालों के माध्यम से रुपये ऐंठते हैं। रुपये न देने वालों को दलाल जहां पुलिस का खौफ दिखाते हैं वही पुलिस द्वारा अभद्रता और मारपीट की जाती है। बताया कि 10 दिन पूर्व गांव निवासी भोला ने फंदा लगाकर जान दी थी। डीसीपी ने ग्रामीणों को ऐसे लोगों के खिलाफ कार्यवाही का भरोसा दिया।



## पूर्व सपा विधायक ने चित्रगुप्त पूजन समिति की कार्यकारिणी को कराया शपथ ग्रहण

**कानपुर** श्री चित्रगुप्त पूजन समिति की नई कार्यकारिणी के गठन पर समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक सतीश निगम द्वारा पदाधिकारी को शपथ दिलाई गयी अधिष्ठापन अधिकारी पंकज श्रीवास्तव द्वारा चित्रांश वंदना निगम को अध्यक्ष चित्रांश संजय निगम को वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीप्रकाश श्रीवास्तव को महामंत्री राजेश निगम कोषाध्यक्ष तथा रश्मि श्रीवास्तव महिला अध्यक्ष अभिमन्यु सक्सेना युवा अध्यक्ष संपूर्ण कार्यकारिणी ने शपथ ग्रहण किया इस अवसर पर पूर्व विधायक द्वारा सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों को बधाई दी गई महामंत्री श्री प्रकाश श्रीवास्तव ने आए सभी अतिथियों का धन्यवाद दिया और उन्होंने कहा समिति समाज के हित में कार्य करेगी कार्यक्रम में मुख्य रूप से एम सी सक्सेना सुरेंद्र सिंह कुलदीप सक्सेना प्रदीप मोहन चौधरी श्याम निगम संतोष श्रीवास्तव डी के श्रीवास्तव स्मिथ श्रीवास्तव प्रखर श्रीवास्तव राजेश श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे

## पतारा के कुंवरपुर में दो घरों से नगदी समेत लाखों की चोरी

**सुबह जागने पर सामान बिखरा देख घर के लोगों के उड़े होशएबाहर से दरवाजा भी था बन्द**

घाटमपुर। पता रा क्षेत्र के कुंवरपुर गांव के दी घर में सोमवार की रात चोरों ने धावा बोला। चोर दोनों घरों से नगदी समेत लाखों के जेवरात लेकर भाग गए। रात में जागे गृहस्वामी को बाहर से दरवाजा बन्द मिला तो उसने अंदर देखा तो सारा सामान बिखरा मिला।कुंवरपुर निवासी दिलीप तिवारी ने बताया कि रविवार की रात घर में सभी सोए हुए थे। तभी जीने के रस्ते से घर के अंदर घुसे चोर 30 हजार नगद व लाखों के सोने के जेवरात चोरी कर ले गए। रात में जब उसकी नींद खुली तो दरवाजा बाहर से बंद मिला। जब ताकत से खींचा तो कुंडी टूटी होने से दरवाजा खुल गया। वहीं घर के अंदर सारा सामान बिखरा मिला।वहीं घर के दरवाजों में



लगे ताले से टूटे पड़े मिले। आसपास देखने पर भी कहीं कोई सामान नहीं मिला। वहीं अंदर रखी नगदी व कई लाख के जेवरात नहीं थे। पीड़ित ने नंदना पुलिस चौकी में लिखित तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं पप्पू विश्वकर्मा के घर घुसे चोर 5 हजार नकदी के साथ जेवर पार कर ले गए। चौकी इंचार्ज नंदना सुमित कुमार गौतम ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। जांच कर रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही करने के साथ चोरी का खुलासा किया जाएगा।

## मॉक ड्रिल से जागरूक करने वाले एनसीसी कैडेट हुए सम्मानित

**कॉलेज के प्रबंधक व एनसीसी अधिकारी ने कैडेट का बढ़ाया हौसला**



घाटमपुर। मंगलवार को श्री शक्ति डिग्री कॉलेज साखाहरी में पढ़ने वाले मेघावी छात्र.छात्राओं द्वारा युद्ध जैसी स्थिति आने पर गांव गांव जाकर ग्रामीणों को मॉक ड्रिल के माध्यम से आत्मरक्षा आदि के बारे में जागरूक करने पर एनसीसी कैडेट और क्षेत्र मे स्कूल स्तर के बच्चों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में जागरूक करने वाले कॉलेज के बीसीए स्टूडेंट्स को विशिष्ट अतिथि कुमार गौरव द्वारा सम्मानित किया गया। उन्होंने छात्र छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी। इस मौके पर कॉलेज प्रबंधक विनय त्रिवेदी ने कहा कि महाविद्यालय मे बीए और बीएससी के स्टूडेंट्स को निःशुल्क कंप्यूटर का बेसिक ज्ञान और तथा अंग्रेजी और जापानी जैसी विदेशी भाषाएं भी सिखाई जाती है। कॉलेज से पढ़े छात्र छात्राएं इंजीनियरए डॉक्टरए पुलिसए प्रशासनए शिक्षकए के साथ बड़ी संख्या मे व्यापार और राजनीति मे भी काफी सफल है और यहां के स्टूडेंट्स बड़े बड़े पदों पर कार्यरत हैं। एनसीसी अधिकारी कैप्टन विवेक त्रिवेदी ने कहा कि कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स सेना और पुलिस अधिकारी सहित अनेक महत्वपूर्ण स्थानों पर कार्यरत है। कार्यक्रम का संचालन बीसीए छात्रा ईशा यादव और स्नेहा तिवारी ने किया। इस अवसर पर छात्राओं वैष्णवी ए वर्षाए शिवानी ने राष्ट्रभक्ति का गीत गाकर लोगो को राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। सभी ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर गर्व और प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर महेन्द्र मिश्राए राजेश अवस्थीए श्याम जी शुक्लए इंद्रपाल ए सुखदेव पाल एअश्वनी मिश्रए जमालुद्दीन ए रामावतार सोनकरए दीपक बाजपेईए अमित शुक्ला अंजनी अनुराग यादव जावेदए आदि ग्राम प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## चालक की संदिग्ध मौत पर परिजनों ने घाटमपुर में लगाया जाम

**नवाबगंज उन्नाव टोल प्लाजा के पास ट्रक खड़ा मिलने के साथ उसका शव कुछ दूरी पर पड़ा मिला था**



घाटमपुर। ट्रक चालक की उन्नाव के हुई संदिग्ध मौत पर भड़के परिजन ने घाटमपुर में कस्बे में कानपुर रोड़ पर अनुराग पेट्रोल पम्प के सामने शव रखकर मुआवजे की मांग को लेकर सड़क पर जाम लगा दिया। जाम लगाए जाने की खबर मिलने पर एसीपी कृष्णकांत यादव व थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडेय मय फोर्स के मौके पर पहुंच गए। उन्होंने आक्रोशित परिजनों व लोगों को समझाने की कोशिश को तो मुआवजा दिलाए जाने की मांग पर अड़ गए। ट्रक मालिक से बात कर पुलिस ने मुआवजा दिलाए जाने का भरोसा दिया। तब जाकर जाम खुला। इस दौरान सड़क के दोनों ओर लम्बा लम्बा जाम लग गया। घाटमपुर के नौबस्ता पश्चिमी वार्ड का रहने वाला सौरभ 32 कस्बे के रहने वाले रानू पुत्र उस्मान का ट्रक चलाता था। पत्नी ज्ञान श्री व परिजनों के मुताबिक रविवार को वह ट्रक लेकर लखनऊ गया था। नवाबगंजए उन्नाव टोल प्लाजा के पास ट्रक खड़ा मिलने के साथ उसका शव कुछ दूरी पर पड़ा होने की खबर सोमवार को ट्रक मालिक ने पत्नी को दी तो कोहराम मच गया। जब तक परिजन वहां पहुंचते पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया था। मंगलवार की शाम पीएम के बाद शव घाटमपुर लाए जाने के साथ सड़क पर मुआवजे की मांग को लेकर उन्होंने जाम लगा दिया। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडेय ने बताया कि ट्रक चालक के परिजन मुआवजा दिलाए जाने की मांग कर रहे थे। ट्रक मालिक से बात कर मुआवजा दिलाए जाने का भरोसा दिया गया है।



## चोरी की बाइक के साथ पुलिस ने पकड़े बकरे चोर

**बकरीद के त्यौहार से पहले पतारा क्षेत्र के से लाद ले गए थे बकरे**

घाटमपुर। पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ पकड़े गए तीन बकरे चोरों को जेल भेजा है। चोर बकरीद के त्यौहार से पहले पतारा कस्बे से 9 बकरे लाद ले गए थे। जिसकी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडेय ने बताया कि जिनकी पुलिस द्वारा की जा रही तलाश के बीच भीतर गांव चौकी के भदेवना निवासी नसीम पुत्र वसीर व सुनील कुशवाहा पुत्र श्रीराम के अलावा शिवगंज चौराहा थाना बिधनू निवासी शब्बीर को पुलिस ने गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस को चोरी की काली रंग की पल्सर मोटर साइकिल व चोरी के माल से 5600 रुपये भी बरामद किये गए हैं। जिनसे की गई पूंछ ताछ के बाद जेल भेजा जा रहा है।




## लिमिनेटर मुकाबले में अनुग्रह वरियर ने शीतलपुर रॉयल्स को हराया

घाटमपुर। नगर के जनता महाविद्यालय मैदान में खेले जा रहे जीपीएल 10 में मंगलवार की एलिमिनेटर मुकाबला खेला गया। टॉस जीतकर अनुग्रह वरियर ने पहले बैटिंग करते हुए 185 रनो का स्कोर बनाया। जिसमे अमरेंद्र राणा 54एप्रीत भाटी 51 रनो का योगदान दिया। वही लक्ष्य का पीछा करने उतरी शीतलपुर रॉयल्स 17 ओवर में 104 रन बनाकर आल आउट हो गई। शीतलपुर की तरफ से यश सचान ने सर्वाधिक 51 रन बनाए। अनुग्रह वॉरियर की तरफ से बोलिंग करते हुए देवांश ने 3 विकेट अभिनव पाल ने 3 विकेट लिए मैन ऑफ द मैच अभिनव पाल को आशीष मास्टर शैल सोनी द्वारा दिया गया। प्रतियोगिता के संयोजक भूप किशोर विश्वकर्मा ने बताया कि फाइनल मुकाबल कल शाम ;आजद्ध 2 बजकर 30 मिनट से खेला जाएगा।

## खण्ड शिक्षा अधिकारी ने की समर कैंप में किया उत्साह वर्धन

**समर कैम्प ग्रीष्मावकाश में बेसिक शिक्षा के कम्पोजिट ;कक्षा एक से लेकर 8 तकद्ध विद्यालयों एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 2 मई से लेकर 10 जून तक किया गया था आयोजित**



घाटमपुर।प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना समर कैम्प को ग्रीष्मावकाश में बेसिक शिक्षा के कम्पोजिट ;कक्षा एक से लेकर 8 तकद्ध विद्यालयों एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 2 मई से लेकर 10 जून 25 तक रोचक व प्रभावी तरीके से चलाया गया। मंगलवार को बीआरसी के तहत संचालित सभी कंपोजिट व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में चल रहा समर कैम्प सकुशल सम्पन्न हुआ ।समापन अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र कुमार कुशवाहा ए आर पी प्रणव अवस्थी के साथ हथेरुआ के कंपोजिट विद्यालय में उपस्थित होकर बच्चों एवं विद्यालय स्टाफ का उत्साहवर्धन किया।एव बच्चों द्वारा समर कैम्प में बनाए गई सामाग्री एवं रचनात्मक गतिविधियों की भूरि भूरि प्रशंसा की गई। साथ बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की भी कामना की। इसी तरह ए आर पीएविज्ञान मीनू कटियार ने भी कंपोजिट विद्यालय घाटमपुर प्रथम में प्रतिभाग किया। उन्होंने बच्चों द्वारा बनाए गए रोचक माडल एवं गतिविधियों को देखा व सराहना की। इस मौके पर शिक्षक व कर्मचारी भी मौजूद रहे।

स्वतंत्र भारत
कानपुर बुधवार, 11 जून 2025 5
फतेहपुर समाचार

### आज आएंगी राज्य महिला आयोग की सदस्य

**फतेहपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ऋषांत कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति द्वारा जनपद में महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा, महिला जनसुनवाई व निरीक्षण किया जाना है। महिला जनसुनवाई कल पूर्वान्ह 11 बजे सदस्य द्वारा पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस जीटी रोड में की जाएगी तत्पश्चात बालिका/महिला गृहों व आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण किया जाएगा। उन्होने पीड़ित महिलाओं का आहवान किया कि जनसुनवाई कार्यक्रम में पहुंचकर राज्य महिला आयोग की सदस्य के समक्ष अपनी शिकायतें प्रस्तुत कर निस्तारण करा सकती हैं।

# फतेहपुर का निवासी निकला सोनम रघुवंशी का प्रेमी राज कुशवाह

■ **दादी ने बताया राजा रघुवंशी की हत्या किसने की**

फतेहपुर। इंदौर के राजा रघुवंशी हत्याकांड में सोनम रघुवंशी के प्रेमी राज कुशवाहा को मुख्य आरोपी के तौर पर गिरफ्तार किया गया है, जो फतेहपुर जिले के रामपुर गांव का निवासी है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है, जबकि राज के परिवार का दावा है कि वह निर्दोष है और उसे झूठे आरोपों में फंसाया जा रहा है।

इंदौर के राजा रघुवंशी हत्याकांड का मुख्य आरोपी राज कुशवाहा है। परिजनों से बातचीत करने पर पता चला कि राज फतेहपुर जिले के रामपुर गांव का रहने वाला है। पुलिस ने उसे राजा रघुवंशी हत्याकांड मामले में गिरफ्तार किया है। राज के परिवार का कहना है कि वह निर्दोष है और उसे झूठे आरोपों में फंसाया जा रहा है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। बता दें कि सोनम रघुवंशी और राज कछवाहा में प्रेम संबंध थे। बताया जा रहा है कि दोनों ने मिलकर इस हत्याकांड को अंजाम दिया।

15 साल पहले पिता इंदौर गए थे- राज कुशवाहा गाजीपुर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव का निवासी है। राज कुशवाहा के पिता 03 भाई थे। दो भाई रामपुर सुकेती गांव में अभी भी रहते हैं। 15 साल पहले राज कुशवाहा के पिता की स्थिति अच्छी नहीं थी। वह इंदौर चले गए थे। वहां फल की दुकान लगाने लगे। परिवार की हालत सुधरने पर करीब 10 साल पहले परिवार को बुला लिया, जिसमें राज की मां, दो बहनें और राज कुशवाहा इंदौर चला गया।

बड़ी बहन दादी के साथ गांव में रहती है। कोरोना काल में पिता परिवार के साथ गांव आ गए। उस समय राज कुशवाहा भी आ गया। कोरोना काल में राज के पिता की मौत हो गई। इसके बाद राज कुशवाहा परिवार के साथ फिर इंदौर चला गया। वहां राज कुशवाहा प्लाईवुड का काम करने लगा। सोनम के यहां पर राज प्लाईवुड का काम करता था। काम के दौरान उसकी सोनम से मुलाकात हुई। कुछ दिनों पहले ही राज के ननिहाल में शादी थी तो सभी परिवार के लोग आए थे, लेकिन राज कुशवाहा नहीं आया था।

### मार्ग निर्माण में अवरोध उत्पन्न करने वालों पर कार्रवाई की मांग

फतेहपुर। भिटौरा विकास खण्ड की ग्राम सभा रारा चांदपुर की प्रधान रामरेखा देवी ने ग्रामीणों संग विकास भवन पहुंचकर मुख्य विकास अधिकारी से मुलाकात कर एक शिकायती पत्र सौंपा। जिसमें ग्राम दलीपुर में सड़क व नाली निर्माण में अवरोध उत्पन्न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायती पत्र में प्रधान ने बताया कि ग्राम दलीपुर की जनसमस्या को देखते हुए 13 वें राज्य वित्त आयोग से कमलेश लोधी के घर से रामशंकर लोधी के घर तक करीब 70 मीटर लम्बी व तीन मीटर चौड़ी आरसीसी रोड मय सीसी नाली के निर्माण कार्य शुरू कराया गया, जिस पर ग्राम के पूर्व प्रधान सूर्य प्रकाश व उनके साथी इन्द्रसेन पुत्र रामपाल, अजय पुत्र जगमोहन, आनंद प्रकाश पुत्र इन्द्रसेन, कंधई पुत्र शिवदेव, धर्मराज पुत्र गुलाब सिंह, रामगोपाल पुत्र रघुराज दबंगई के बल पर सीसी रोड का निर्माण कराने पर अवरोध उत्पन्न कर रहे हैं। मना करने पर उसके दरवाजे पर चढ़कर गाली-गलौज करते हुए जान से मारकर जेल जाने की धमकी दे रहे हैं। जिससे वह व उसके पति भयभीत हैं। उक्त लोग मारपीट व झगड़ा करने पर उतारू हैं और उक्त सीसी मार्ग बनाने में अवरोध पैदा कर रहे हैं। मांग किया कि समस्या को गंभीरता से लेते हुए सीसी रोड बनाए जाने में अवरोध उत्पन्न करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए उसे व उसके परिवार को सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराई जाए। इस मौके पर ग्रामीणों में जय सिंह, लल्लन, सुरेश, गुलशेर, फूलमती, विकास मौजूद रहीं।

# बर्ड फ्लू से निपटने की तैयारी कर लें विभागीय अधिकारी : सीडीओ

■ **एवियन इन्फ्लूएंजा को लेकर जिला स्तरीय टास्क फोर्स की हुई बैठक**



**फतेहपुर।** मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना की अध्यक्षता में एवियन इन्फ्लूएंजा (बर्ड फ्लू) से उत्पन्न होने वाली किसी अप्रिय स्थिति से निपटने हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, पंचायती राज विभाग, सूचना विभाग, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, वन विभाग एवं पशु पालन विभाग के समस्त अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि बर्ड फ्लू से होने वाली किसी भी संभावित स्थिति से निपटने हेतु अपनी तैयारी कर लें। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने अवगत कराया कि नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित अनुदानित/गैर अनुदानित पोल्ट्री फार्मों में पशुपालन विभाग की टीम द्वारा बर्ड फ्लू की जांच हेतु सैम्पल कैडरैड प्रयोगशाला आई-वी-आर-ए बरेली नियमित रूप से भेजे जा रहे हैं परन्तु अभी तक किसी भी सैंपल में बर्ड फ्लू की पुष्टि नहीं हुई है। बर्ड फ्लू रोग का बचाव ही उपचार है।

उन्होने कहा कि कुक्कुट फार्म में स्वच्छता रखें एवं कीटाणुनाशक का छिड़काव करें, बीमार पक्षियों को हमेशा स्वस्थ्य पक्षियों से अलग रखें, कुक्कुट एवं कुक्कुट उत्पाद 70 डिग्री सेन्टीग्रेट तापमान पर 30 मिनट तक पकाने से वायरस नष्ट हो जाता है इसके उपरान्त ही प्रयोग करें, फुक्कुट फार्म के समीप सूकर पालन न करें, कुक्कुट फार्म के प्रवेश द्वार पर फुटवाश अवश्य बनाये जिसमें सोडियम हाइड्रॉक्साइक का घोल रखें, फार्म के मुख्य प्रवेश द्वार पर वाहन को कीटाणुरहित करने के पश्चात ही प्रवेश दें, आगन्तुकों का फार्म में प्रवेश नियंत्रित रखे अतिआवश्यक होने पर प्रवेश कुछ सावधानियों को ध्यान में रखते हुये जैसे गमबूट, डिस्पोजल कपडे, मास्क पहन कर एवं हाथ साबुन से धोने तथा कीटनाशक घोल से कीटाणुरहित करने के पश्चात ही प्रवेश दिया जाये, कुक्कुट फार्म के शेड व आसपास सफाई रखें, परिसर के खरपतवार की सफाई करवायें व चूहों को रोकथाम के उपाय रखे, फार्म में उपयोग में लाये जाने वाले उपकरण व बाहर से लाये नये उपकरण जैसे अण्डों की ट्रे इत्यादि को सोडियम हाइपोक्लोराइड से कीटाणुरहित करने के पश्चात ही उपयोग में लाये, फर्श व दीवारों को कीटाणुरहित करने के लिये क्वाटरनरी अमोनियम साल्ट का प्रयोग करें, नये लाये गये कुक्कुटी को कम से कम 30 दिनों तक फार्म के कुक्कुटों से दूर रखें, फार्म परिसर में बिल्ली कुत्ता व अन्य जंगली जानवरों का प्रवेश न होने दें, फार्म के कुक्कुटों को प्रवासी पक्षी, बत्तक, वाटर फाउल आदि के सम्पर्क में न आने दें।

मृत पक्षियों का निस्तारण कैसे करें- मृत पक्षियों को जलाकर अथवा गहरे गड्ढे में दबाकर निस्तारित करें। मृत पक्षियों को जलाने के लिये 100 कि0ग्रा0 मृत पक्षियों पर 05 कुन्टल लकड़ी होनी चाहिए। गड्ढे में जलाने के लिये कम से कम 2 मी0, लम्बा 2. मी0 चौड़ा एवं 2 मी0 गहरा गड्ढा होना चाहिए, यह 300 मृत पक्षियों के लिये उपयुक्त है। इसके उपरान्त कैल्शियम हाइड्राक्साइड की परत देकर मिट्टी की परत से दबाना चाहिये।

# समर कैंपः शिक्षा के प्रति ग्रामीण बच्चों का बढ़ा उत्साह : बी.ई.ओ.

हुसैनगंज (फतेहपुर)। गांवो में रहने वाले बच्चों को खेल के साथ शिक्षा, योग, व्यायाम, पर्यावरण, स्वच्छता की जानकारी देने में समर कैंप पूरी तरह सफल रहे। इससे बच्चों का उत्साहवर्धन हुआ है। कम्पोजिट विद्यालय महादेवपुर में आयोजित समर कैंप के समापन के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में उक्त उदगार बीईओ भिटौरा दीप्ती रिछारिया ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि 14 न्याय पंचायतों के 65 विद्यालयों में यह कार्यक्रम चला और सफल रहा। उन्होंने कहा कि शासन स्तर पर रोज इसकी समीक्षा की जाती रही। उन्होंने इस कार्य में सहयोग करने के लिए जनप्रतिनिधियों का आभार जताया। ग्राम प्रधान राम लखन ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में रह कर भी गांवो के बच्चो का प्राथमिक विद्यालयों के प्रति आकर्षण बढ़ा है, उसमे ग्रीष्म कालीन शिविर मील का पत्थर साबित होंगे। इस मौके पर नागेंद्र प्रताप सिंह प्र.अ., सुबोध अग्निहोत्री, भानुमती मौर्य, केता देवी शि.मि. के अलावा बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। खंड शिक्षा अधिकारी ने अभिभावकों, प्रतिभागियों,तथा प्रधानाध्यापक का आभार जताया।



## बुंदेलखंड राज्य निर्माण से ही फतेहपुर का विकास संभवः प्रवीण

खागा (फतेहपुर)। बुंदेलखंड राष्ट्र समिति द्वारा चलाए जा रहे बुंदेलखंड राज्य निर्माण आंदोलन को अब आम जनमानस का जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। गांव-गांव में लोग इस मुद्दे पर जागरूक हो रहे हैं और अपनी आवाज़ बुलंद कर रहे हैं। समिति के केंद्रीय अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय ने कहा कि ष्जब तक पृथक बुंदेलखंड राज्य नहीं बनेगा, तब तक फतेहपुर समेत इस पूरे अंचल का समुचित विकास संभव नहीं है। राज्य बनने पर ही यहाँ के संसाधनों का सही दोहन होगा और स्थानीय युवाओं को रोजगार, किसानों को सिंचाई, महिलाओं को सुरक्षा और बुजुर्गों को सम्मान मिलेगा।

उन्होंने बताया कि अब तक वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 42 बार खून से पत्र लिख चुके हैं। इसके अतिरिक्त समिति द्वारा धरना, अनशन, पदयात्रा और सत्याग्रह जैसे लोकतांत्रिक तरीकों से आंदोलन को जनांदोलन का रूप देने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इस दौरान समिति के प्रवक्ता देवव्रत त्रिपाठी ने कहा कि फतेहपुर जैसे जनपद का पिछड़ापन, रोजगार की कमी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत समस्याएं तभी दूर होंगी जब हमारा अपना अलग प्रशासनिक ढांचा होगा। इसलिए अब समय आ गया है कि हर नागरिक इस आंदोलन का हिस्सा बने।

उन्होंने बताया कि गांव गांव जनजागरण अभियान चलाया चलाया जा रहा है, जिसमें नुक्कड़ सभाएं, हस्ताक्षर अभियान और पदयात्राएं आयोजित की जा रही।

## खबर एक नज़र

### प्रतिबंध के बावजूद हो रहा मत्स्य आखेट

**असोथर (फतेहपुर)।** प्रजनन अवधि के चलते शासन-प्रशासन द्वारा विगत एक जून से मत्स्य आखेट पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है, किन्तु मछली मफ़िया मत्स्य आखेट बदस्तूर करवा रहे हैं। खबर है कि प्रतिबंध के बावजूद असोथर थाना क्षेत्र में बिहारियों द्वारा धड़ल्ले से मत्स्य आखेट किया जा रहा है। आज मत्स्य आखेट करने के दौरान एक शिकारी डूब गया जिसका नाम राजू बिहारी बताया जा रहा है। गोताखोर उसका शव ढूँढने में जुटे हुए हैं जबकि साथ में डूबे एक अन्य शिकारी को रमशोलेपूर के ग्रामीणों ने किसी तरह बचा लिया। ग्रामीणों ने प्रशासन से मत्स्य आखेट पर प्रतिबंध का कड़ाई से अनुपालन करवाने और जबरन आखेट करने और करवाने वालों पर कार्रवाई की मांग की है।

### अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग संघ ने बैठक कर उठाई समस्याएं

फतेहपुर। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग संघ की बैठक विकास भवन स्थित हनुमान मंदिर में आयोजित हुई। जिसमें दिव्यांगों की समस्याओं पर विचार-विमर्श करते हुए अधिकारियों से निस्तारण किए जाने पर जोर दिया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष मुईदुर्रहमान शीबू रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मो. यूनुस ने की। बैठक में संस्था सदस्य चुन्नीलाल निवासी दुर्गापुर मजरे टिकरा विकास खण्ड देवमई की ग्राम में अन्त्योदय राशन कार्ड धारक की मृत्यु के बाद राशन कार्ड खाली है। जिसका क्रमांक 17 पर सियादुलारी पत्नी राजू के कार्ड की जगह चुन्नीलाल पुत्र कंधई का चयन कराने का प्रस्ताव पारित किया। इसके अलावा विकास खण्ड देवमई की ग्राम सभा दिलावलपुर में भी सात अन्त्योदय कार्ड खाली होने पर खण्ड विकास अधिकारी देवमई को आदेश कर जिला पूर्ति अधिकारी से अनुरोध किया कि खाली अन्त्योदय राशन कार्ड में दिव्यांगों का चयन किया जाए। बैठक में जय प्रकाश मिश्रा, विश्वनाथ शुक्ला, आशीष शुक्ला, चुन्नीलाल भी मौजूद रहे।

### जल निगम संघर्ष समिति ने मांगों को लेकर दिया धरना

फतेहपुर। जल निगम कर्मियों व पेंशनरों की जीवन से जुड़ी मूलभूत समस्याओं का निराकरण न किए जाने पर उत्तर प्रदेश जल निगम संघर्ष समिति ने धरना दिया। जिसमें कर्मचारियों ने नाराजगी का इजहार करते हुए सभी मांगों को पूरा किए जाने की आवाज बुलंद की। जल निगम संघर्ष समिति के संयोजक संतोष कुमार दिवाकर की अगुवई में धरना दिया गया। धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि जल निगम नगरीय/ग्रामीण में समान रूप से शासन की अद्यतन स्वीकृति के अनुरूप महंगाई भत्ता/राहत 239 प्रतिशत किया जाए, न्यायालय के आदेशों के अनुरूप षष्टम वेतन के अवशेष का भुगतान अविलम्ब कियाजाए, वेतन/पेंशन का भुगतान प्रतिमाह समय पर कराते हुए पावर कार्पोरेषन की भांति जल निगम नगरीय/ग्रामीण की पेंशनरों की पेंशन का भुगतान कोषाकार से सम्बद्ध किया जाए, सातवां वेतनमान संबंधी शासनादेशों को जल निगम नगरीय/ग्रामीण में समान रूप से यथावत लागू किया जाए, प्रशासनिक सुगमता, बेहतर समन्वय एवं वित्तीय ंसिति में सुधार के दृष्टिगत एक ही प्रकृति के कार्यों वाले उत्तर प्रदेश जल निगम का एकीकरण किया जाए, अघोषित रूप से बंद की गई अनुकम्पा नियुक्ति की व्यवस्था को पूर्ववत बहाल करते हुए सभी लंबित प्रकरणों का तत्काल निस्तारण किया जाए। इसके अलावा अन्य मांगे भी उठाई गईं। कर्मचारियों का कहना रहा कि यदि मांगे पूरी न हुई तो आगे भी आंदोलन जारी रहेगा।

### चाइल्ड हेल्पलाइन की रणनीतिक बैठक में विभिन्न योजनाओं पर चर्चा

फतेहपुर। चाइल्ड हेल्पलाइन के तत्वाधान में निराश्रित बच्चों को पुनर्वासित करने हेतु बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहू की अध्यक्षता में रणनीतिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें हेल्पलाइन की नीरू पाठक ने बताया कि जिले में वंचित स्थान पर पाए जाने वाले निराश्रित बच्चों को चिन्हित कर उनका आधार कार्ड बनवाया जाए तथा उनको सरकार के विभिन्न योजनाओं के साथ जोड़ने का काम किया जाए। इस हेतु जिला बाल संरक्षण इकाई चाइल्ड हेल्पलाइन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग पुलिस विभाग के समन्वय से बच्चों को चिन्हित किए जाने का काम किया जा रहा है। इसी क्रम में गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे राजेंद्र प्रसाद साहू ने कहा कि जनपद में निराश्रित बच्चों का संभावित स्थान बस स्टॉप रेलवे स्टेशन मंदिर व मलिन बस्तियों में है जहां पर अभियान चला करके इन बच्चों को चिन्हित किया जाएगा। क्योंकि ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता भी नहीं है या उनसे दूर हैं और वह ज्यादातर भीख मांगने का काम या बाल मजदूरी काम का काम करते हैं सरकार की योजनाओं से अथवा स्कूली शिक्षा से इनका दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं होता बच्चों पर काम करने वाले समस्त विभाग इस हेतु पूरी तत्परता से इस अभियान में शामिल होकर बच्चों को चिन्हित करेंगे और उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ते हुए उनको वह उनके परिवार को सरकार की विभिन्न योजनाओं से जोड़कर उनकी आर्थिक स्थिति को सुधार करेंगे और इन बच्चों के विकास के लिए कम करें इस बैठक में बाल संरक्षण अधिकारी, बाल संरक्षण अधिकारी, बाल कल्याण समिति की सदस्य अपर्णा पांडेय व कल्पना मिश्रा, सलोनी बाजपेई, वन स्टाफसेंटर से अंकित द्विवेदी, परामर्शदाता अंकित जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

### पंचायत चुनाव को लेकर बनाई रणनीति

फतेहपुर। अपना दल एस की हुसैनगंज विधानसभा की मासिक बैठक सातमील तिराहा में विधानसभा अध्यक्ष अर्जुन मौर्या की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। जिसमें मुख्य रूप से विपिन कौशल जिलाध्यक्ष आईटी मंच एवं राजेंद्र मौर्य जिला कार्यकारिणी सदस्य के अलावा राजू पटेल जिलाध्यक्ष सहकारिता मंच मौजूद रहे। राष्ट्रीय नेतृत्व के अनुसार पंचायत चुनाव को लेकर विधानसभा हुसैनगंज में रणनीति बनाई गई। संगठन को बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने की बात कही गई। जिसमें निलेश चौरसिया जिला सचिव, मोनू कौशल जिला उपाध्यक्ष आईटी मंच, मोहम्मद हफीज, राजाराम लोधी, रामसिंह पाल, आलोक मौर्य, मतीन अहमद, मुकेश मौर्य, नरेन्द्र पटेल, रिंकू सिंह, जहर सिंह, शिवधनी, कमल सिंह, धुन्ना सिंह, सूरज पटेल, आकाश मौर्य, रिंकू सिंह पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बुढ़वा मंगल पर भजन-कीर्तन के साथ की आरती



**फतेहपुर।** लक्ष्मणपुर में जेष्ठ माह के पांचवें बड़े मंगल के अवसर पर भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा के लवकुश गुप्ता द्वारा सुंदरकांड का पाठ कीर्तन भजन गायको द्वारा सुंदर भजनों के माध्यम से आरती पूजन विधि विधान से कराया गया। साथ ही शरबत वितरण का कार्यक्रम भी किया गया। इस मौके पर भारत विकास परिषद के कर्मयोगी के हरसोला सहयोग से शाखा के बैनर तले मां के नाम अभियान के माध्यम से पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ भी लगाया गया। इस मौके पर सूर्यकांत मिश्रा, महेंद्र कुमार गुप्ता, अजय गुप्ता, चंद्र प्रकाश, बबलू गुप्ता, सुनीता गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## विधवा एवं उसके परिजनों को पीटने वालों ने ही उल्टा दर्ज करा दिया मुकदमा

फतेहपुर। सदर कोतवाली के सिया कालोनी बाकरगंज में लाठी-डण्डे लेकर घुसे दबंगों ने एक विधवा एवं बेटे व बेटी को पीटकर घायल कर दिया। अभद्रता पर उतारु दबंगों ने गालियां दी और जान से मारने की धमकी दी। मारपीट में विधवा महिला तबस्सुम गंभीर रूप से घायल हो गयी एवं परिजन इलाज के लिये जिला अस्पताल ले गये और बाद में कानपुर हैलेट के लिये रिफर कर दिया। शिकायत लेकर पहुंचे परिजनों की पुलिस ने एक नहीं सुनी और उल्टा उन्हे ही धमकाने लगे। हद तो तब हो गयी जब दबंगों ने पुलिसिया सांठगांठ से उल्टा पीड़ितों के ऊपर ही मुकदमा दर्ज करा दिया। अन्याय की आश में पीड़ित परिवार दर-दर की ठोकरे खाता घूम रहा है।

शहर के बाकरगंज स्थित सिया कालोनी की रहने वाली तबस्सुम ने शासन प्रशासन के उच्चाधिकारियों को पत्र देकर बताया है कि गत् 5 जून को उनके घर रजा जाफरी, अम्बर जाफरी, सुहैल जाफरी, गजम्फर जाफरी, मफूज, जाकिर, अमन, महमूद व फजी जाफरी अपने कुछ दबंग साथियों के साथ रात करीब 10 बजे घर में घुस आये और उसके बेसकीमती मकान को बेंचने का जबरन दबाव बनाने लगे। मना करने पर गालियां दी और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मौके पर मौजूद रमीज हुसैन ने उसके ऊपर चाकू से हमला कर दिया जिससे व गंभीर रूप से घायल हो गयी। बाकरगंज पुलिस चौकी एवं कोतवाली पुलिस को सूचना दी लेकिन दबंगों के वि द्ध कोई भी कार्यवाही नहीं की गयी।

घटना के अगुवाकार अम्बर जाफरी, सुहैल जाफरी एवं रमीज जाफरी के ऊपर जानलेवा हमला करने के ऊपर मुकदमे दर्ज हैं। दबंगई के बल पर यह लोग अब उसके मकान पर कब्जा करना चाहते हैं जिसको लेकर आये दिन गाली-गलौज और मारपीट करते हैं। मांग किया है कि वह वृद्ध महिला है और उसकी सुनने वाला कोई नहीं है। मांग किया कि सम्बन्धितों के विरुद्ध आपराधिक मुकदमा दर्ज कराकर कार्यवाही की जाए।

# जिला अस्पताल में रक्त की कमी के चलते लगाया शिविर

■ **07 लोगों ने किया रक्तदान, 13 ने कराया रजिस्ट्रेशन**




**फतेहपुर।** जिला अस्पताल रक्तकेंद्र में रक्त की कमी के चलते इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के तत्वावधान में चेयरमैन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का आयोजन जिला अस्पताल रक्तकेंद्र में किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी सदर अर्चना अग्निहोत्री, विशिष्ट अतिथि के रूप में दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रगति मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रभाकांत सिंह ने फीता काटकर किया।

सभी रक्तदानियों को उपजिलाधिकारी व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। रक्तदानियों में प्रगति मिश्रा दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, नवल किशोर, सुधांशु श्रीवास्तव, अतुल कुमार गुप्ता, रोहित अग्रहरि, सतेंद्र कुमार, सुशील कुमार सिंह पत्रकार सहित 07 लोग रहे। अगले शिविर के लिए 13 लोगों ने रजिस्ट्रेशन भी कराया। इस अवसर पर रक्तकेन्द्र विभागाध्यक्ष डॉ. वरदवर्धन सहित अशोक शुक्ला, कौशल श्रीवास्तव, दीपाली वर्मा, पूजा तिवारी, बृज किशोर, कमला प्रसाद, विनोद कुमार, सुलभ श्रीवास्तव, शशि प्रकाश, संतोष कुमार लैब टेक्नीशियन एवं सुरेश श्रीवास्तव, पवन कुमार अंबानी व चैतन्य कुमार उपस्थित रहे।

## बड़े मंगल पर राहगीरों को पिलाया शरबत



फतेहपुर। शहर के देवीगंज पुल के नीचे सभासद समाजसेवी सुनील गुप्ता ने जेष्ठ माह के आखिरी बड़े मंगल के अवसर पर शरबत वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया। सभासद सुनील गुप्ता ने सड़क पर आने जाने वाले सभी श्रद्धालुओं को चिलचिलाती धूप में सबको शरबत पिलाकर गला तर किया और राहत की सांस ली। सभी के आशीर्वाद से शहर में जगह-जगह शरबत वितरण और भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सभासद के द्वारा यह शरबत वितरण कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर जेपी सिंह, दिनेश प्रसाद गुप्ता उर्फगुड्डा, सुरेंद्र शर्मा, विनोद साहू, रमेश चंद्र गुप्ता, पुत्तन बाजपेई, विनोद साहू, संगम शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## शासन का आदेश ठेंगे पर धड़ल्ले से दिन रात जारी मत्स्य आखेट

खागा (फतेहपुर)। खागा तहसील क्षेत्र अंतर्गत यमुना तटवर्ती क्षेत्रों में यमुना नदी में शासन द्वारा माह जून से लेकर अगस्त तक मछली प्रजनन काल में मत्स्य आखेट पर सख्त प्रतिबंध के बाद भी बेखौफहो दिन रात धड़ल्ले से सैकड़ो नाविक मछुवारो का दल यमुना नदी में मछलियों का शिकार कर रहे हैं। दर्जनों मछुवारो की टोली यमुना नदी तट पर मुख्य घाटो से हटकर झोपड़पट्टी डालकर दिन-रात नदी में जाल महाजाल डालकर मछलियों का शिकार कर लाखों की बिक्री कर रहे हैं। कुछ बड़े मछुआरों के दल यमुना तट पर ही छोटी मछलियों को शिकार बनाकर प्रतिदिन केमिकल का उपयोग करके कुंतलों की बिक्री कर रहे हैं। बिना टेंडर प्रक्रिया के यमुना घाटों पर मत्स्य आखेट शिकारमाही से सरकार को राजस्व यमुना घाटो से लाखों की हानि हो रही है। विभागीय जिम्मेदार व स्थानीय प्रशासन शासन के सख्त प्रतिबंध के बाद भी मौन धारण कर मुकदर्शक बने हुए हैं। जिससे प्रतिबंध प्रजननकाल में भी मछली ठेकेदारों व सैकड़ो नाविक मछुआरों के हौसले बुलंद है। तहसील क्षेत्र अंतर्गत किशनपुर थाना क्षेत्र यमुना तटवर्ती क्षेत्रों महावतपुर असहट घाट, जगदीशपुर सिघरी, गुरुवल घाट, मड़ौली, गढीवा, भसरौल, एकडला आदि यमुना घाटों पर भोर 03 बजे से सुबह 06 तक सैकड़ो नाविक मछुआरों का दल शिकार माही पर सक्रिय हो जाता है। वही खखरेडू व धाता थाना क्षेत्रो के यमुना नदी तटवर्ती क्षेत्रों में धड़ल्ले से बेखौफहो धड़ल्ले से शिकारमाही जारी है। विभागीय और प्रशासनिक कार्यवाही न होने से मछली व्यापारियों व सैकड़ो मछुआरों दलों की टोलिया के हौसले बुलंद है। मामले प्रकरण को संज्ञान लेकर सहायक मत्स्य अधिकारी फतेहपुर ने बताया कि प्रतिबंधित काल में मछली आखेट क्रय विक्रय सख्त प्रतिबंध है। प्रकरण को संज्ञान में लेकर उपरोक्त क्षेत्रों में टीम के साथ छापेमारी करके आवश्यक कार्यवाही की जाएगी संबंधित थाना क्षेत्रों के थाना प्रभारियों से समवनय स्थापित कर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## पाक को मदद

आतंकवाद पाकिस्तान की छवि को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बुरी तरह से दागदार बनाए हुए ही है, उसकी माली हालत को भी पनपने नहीं दे रहा है क्योंकि ज्यादातर पैसा इसी को पालने-पोसने और उसके नाम पर फौज के आला अफसरों के विदेशी बैंक खातों को भरने में चला जाता है। नतीजा यह है कि वहां की 45 प्रतिशत यानी करीब आधी आबादी गरीबी रेखा के नीचे गुजर बसर करने के लिए मजबूर है। ये हकीकत खुद विश्व बैंक की ओर से कराए गए एक सर्वेक्षण में आई है। इसमें यह भी बताया गया है कि गरीबी रेखा से जनता की जीवन स्तर ऊपर उठाने के मामले में वहां की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। इसीलिए वहां बेहद गरीबी में जीने वाले लोगों का आंकड़ा 4.9 प्रतिशत से बढ़कर 16.9 प्रतिशत हो गया है। इसकी भी वजह है। उसकी इकॉनमी पहले से ही संकट में है। 2023-24 में उसका कर संग्रह 13 प्रतिशत से गिरकर 9.2 प्रतिशत हो गया है जो एशिया प्रशांत क्षेत्र के औसत 19 प्रतिशत से काफी नीचे है। नतीजा है कि विकास के काम तो एक तरह से ठप पड़े हैं और सुरक्षा के नाम पर रक्षा खर्च लगातार बढ़ता जा रहा है जिसके ज्यादातर हिस्से की बंदरबांट सेना के अफसर कर रहे हैं। जबकि वित्तीय संस्थानों पर कुप्रबंधन हावी है और शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य जैसे जनता से सीधी तौर पर जुड़े क्षेत्र बदहाली की हद पार कर ध्वस्त हो चुके हैं। इसलिए जनता को वे सुविधाएं भी मुहैया नहीं हो पा रही हैं जो उसका अधिकार हैं। उसकी आर्थिक स्थिति भी इसीलिए डगमगा चुकी है। इन हालात के बीच भी वैश्विक संस्थाओं का पाकिस्तान के ऊपर लगातार रहमदिल होते जाना ताज्जुब पैदा करने के साथ ही रहस्य भी खड़ा कर देता है। कुछ दिनों पहले अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने उसे भारी भरकम सहायता राशि दी थी जिसके बाद अब एडीबी ने भी अस्सी करोड़ डॉलर की मदद मंजूर की है। ऐसे में सवाल उठता है कि इन संस्थाओं द्वारा मदद का पैमाना क्या है। इसी बात को लेकर भारत ने इन दोनों फैसलों पर खुलकर आपत्ति जताई है। यह हकीकत छिपी नहीं है कि पाक ने हर सहायता बजट को विकास पर लगाने के बजाय उसका गलत इस्तेमाल ही किया है। तब सवाल यह भी उठता है कि करोड़ों डॉलर की ऐसी तथाकथित मदद के फैसले राजनीतिक दृष्टि से तो प्रभावित नहीं हैं क्योंकि ऐसे संस्थानों में अमेरिका जैसे देशों का दखल है पाक के लिए उनके दिल में नरम कोना भी जगजाहिर है।

## अकेला बचपन

आज की भागदौड़ की तेज रफ्तार जिंदगी में सोशल मीडिया की कुछ मामलों में तो उपयोगिता हो सकती है और एकल परिवार के चलन के फायदे भी गिनाए जा सकते हैं पर घरों में बच्चों को पालने पोसने के पारंपरिक तौर तरीकों पर इनके दुष्प्रभावों से इंकार नहीं किया जा सकता। रात को सोने के वक्त बच्चों को कहानियां सुनाना या उनके लिए लोरियां गाना कभी हमारे पारिवारिक जीवन का खास हिस्सा था जिसमें दादी-नानी या माता-पिता द्वारा सुनाई जाने वाली परीकथाएं बच्चों को तनावमुक्त और सुखद नींद देने में मददगार होती थीं। किंतु पारिवारिक जीवन की यह अहम गर्माहट अब खत्म हो गई है। एक अध्ययन बताता है कि जेन जेड यानी 1996 से 2010 के बीच जन्मे युवा माता-पिता अब इस पारिवारिक ऊष्मा से मुंह मोड़ते जा रहे हैं। अब कहानियां सुनना-सुनाना इनके लिए 'रचनात्मक मनोरंजन' नहीं बल्कि थकाऊ काम हो गया है। डिजिटल मनोरंजन इन्हें ज्यादा सरल लग रहा है। पश्चिमी देशों से शुरू हुआ यह चलन अब भारत में भी व्यापक रूप से फैल चुका है। इसीलिए पंचतंत्र की कहानियों के बारे में अब बड़ी संख्या में लोग जानते ही नहीं। माना यह जाने लगा है कि पढ़ने से किसी भी रूप में मनोरंजन हो ही नहीं सकता बल्कि ये गंभीर पढ़ाई का ही एक माध्यम है। इसके नई पीढ़ी के माता-पिता बच्चों को कहानी सुनाना बेकार की जिम्मेदारी मानते हैं क्योंकि बच्चों को टीवी, मोबाइल, कंप्यूटर वगैरह देकर वे यह मान लेते हैं कि इन सबसे उसका मन तो बहल ही जाएगा। लेकिन यहीं से बच्चों की मानसिक दिशा-दशा अलग रास्ता पकड़ लेती है। सोच का दायरा बढ़ाने के लिए अनुभव व विरासत की बातें जानने से वे वंचित रह जाते हैं जबकि बड़ों की कहानियों में ये बातें इतनी कुशलता से पिरो दी जाती हैं कि वे बहुत स्वाभाविक तरीके से बच्चे के दिलो दिमाग पर असर कर जाती हैं। इसका एक कारण यह भी है कि दिनभर की नौकरी या कामधंधे के बाद थके-हारे माता-पिता के पास बच्चों के लिए समय ही नहीं बचता और एकल परिवारों में कोई अन्य सदस्य होता ही नहीं जो यह जिम्मेदारी निभा सके।

## काँव-काँव

♦♦♦

**अमेरिका के राज्यों में जातीय दंगे लगातार जारी**
पराई आग में हाथ सेंकते सेंकते झुलसने लगे हैं!

**तेजी से बढ़ रहे देश में कोरोना के ऐक्टिव मामले**
कोरोना का फायदा ये रहा कि एड्स चला गया!

**इस समय देश में जनसेवा का स्वर्णिम काल-शाह**
तमाम जनसेवाएं खुली सड़कों पर होकर वायरल!

**सऊदी अरब के लिये भारतीयों पर प्रतिबंध नहीं**
शेख लोग भारतीय गौमांस के बहुत दीवाने हैं!

**भीषण गर्मी और लू में झुलस रहा है उत्तर प्रदेश**
साथ में बिजली कटौती और पानी भी गायब!


**सिर्फ प्रचार हुआ है एनडीए की सरकार में-राहुल**
मोबाइल पीढ़ी को स्क्रीन पर ही सच दिखता है!

♦♦♦

# पाकिस्तान बनने जा रहा है बांग्लादेश?


– प्रो. सतीश कुमार

यह प्रश्न महत्वपूर्ण है कि क्या बांग्लादेश पाकिस्तान बनने जा रहा है? भारत के विदेश मंत्री जयशंकर ने स्पष्ट किया है कि हर समस्या के लिए बांग्लादेश की अंतरिम सरकार भारत के ऊपर दोषारोपण न करे। यह तरीका पाकिस्तान का रहा है। पिछले कुछ वर्षो से पुख्ता संकेत हैं कि बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच पुन- एक नई लकीर खींची जा रही है जिसका मकसद भारत का विरोध है। दोनों देशों की इंटेलिजेंस भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों में अशांति फैलाने की योजना की तैयारी में हैं। जब से शेख हसीना को देश छोड़ने के लिए विवश किया गया है तब से बांग्लादेश में कट्टरपंथी ताकतें मजबूत हुई हैं। बांग्लादेश में कट्टरता, अल्पसंख्यकों पर हमले या लोकतांत्रिक मूल्यों में गिरावट जैसे संकेत देखे जाते हैं। हाल के वर्षो में हिन्दू, बौद्ध और ईसाई समुदायों पर हमले हुए हैं। यूनुस ने पिछले छह महीनों में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से दो बार मुलाकात की। एक बार न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान और दूसरी बार काहिरा में डवलपिंग समिट में। दोनों देशों ने सीधे व्यापार को फिर से शुरू किया है और वीजा प्रतिबंधों में ढील दी है। बांग्लादेश ने पाकिस्तान से थंडर फाइटर जेट खरीदने में रुचि दिखाई है, जो पाकिस्तान और चीन द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किए गए हैं। यह बांग्लादेश के 'फोर्सेस गोल 2030' कार्यक्रम का हिस्सा है। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई बांग्लादेश में गतिविधियां बढ़ा रही है और भारत के खिलाफ आतंकी हमलों के लिए बांग्लादेशी या रोहिंग्या आतंकवादियों का उपयोग कर सकती है। चीन, तुर्की, और पाकिस्तान मिल कर बांग्लादेश में 'ग्रेटर बांग्लादेश' की अवधारणा को बढ़ावा दे रहे हैं, जिससे भारत के पूर्वोत्तर में अशांति फैल सकती है। बांग्लादेश की राजनीति पाकिस्तान के रास्ते पर चल पड़ी है। मोहम्मद यूनुस बांग्लादेश को ऐसे मोड़ पर ला खड़ा करने की साजिश रच रहे हैं जहां से कट्टरपंथ की अंधेरी सुरंग शुरू होती है, जिसका कोई अंत नहीं है। पाकिस्तान 75 सालों में इसी सुरंग में फंसा हुआ है जहां से उसका निकलना अब असंभव प्रतीत होता है। बांग्लादेश में विद्यार्थी संगठनों को कट्टरपंथी बनाया जा रहा है और सत्ता के गलियारों में उनकी शिरकत के रास्ते बनाए जा रहे हैं। इस बात की ताकीद और कोई नहीं, बल्कि वहां की सेना ने की है। भारत के लिए चिंता का विषय इसलिए भी है कि बांग्लादेश-म्यांमार सीमा पर भारत विरोधी मुहिम की झलक दिखाई दे रही है। दरअसल, यह सब कुछ सुनियोजित रणनीति का हिस्सा है। बांग्लादेश और म्यांमार की सीमा महज 271 किमी. की है, लेकिन है बहुत महत्वपूर्ण, विशेषकर भारत के लिए। मिजोरम की सीमा दोनों देशों से मिलती है। म्यांमार के 3 जिले, जो अशांत हैं, इसी सीमा पर स्थित हैं। बांग्लादेश का कॉक्स बाजार दूसरी तरफ है। भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों के साथ 5 देशों की सीमाएं मिलती हैं-चीन, भूटान, नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमार। सब कुछ चीन के इशारे पर किए जाने की तैयारी है। आईएसआई की बांग्लादेश में बढ़ती गतिविधियों से भारत की पूर्वोत्तर सीमा पर खतरा बढ़ गया है। सूत्रों के अनुसार, आईएसआई बांग्लादेश को आतंकी गतिविधियों के लिए लॉन्चपैड के रूप में उपयोग करने की कोशिश कर रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह त्रिकोणीय गठबंधन भारत की क्षेत्रीय स्थिति को कमजोर कर सकता है। बांग्लादेश के लालमोनिरहाट जिले में चीन द्वारा प्रस्तावित हवाई अड्डा परियोजना भारत की सुरक्षा के लिए चिंता का विषय है, क्योंकि यह रणनीतिक रूप से महत्त्वपूर्ण सिलीगुड़ी कॉरिडोर के पास है। म्यांमार में चल रहे गृह युद्ध के दौरान भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के कई विद्रोही समूहों ने म्यांमार में शरण ली है, और वहां की सैन्य जुंटा के साथ समझौते किए हैं। इन समूहों को म्यांमार के उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों में ठिकाने बनाने की अनुमति दी गई है, जिससे वे भारत के खिलाफ गतिविधियां चला सकते हैं। बांग्लादेश की स्थापना 1971 में धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में हुई थी, जिसमें बांग्ला भाषा और संस्कृति को राष्टीय पहचान का आधार माना गया। हालांकि, हाल के वर्षो में इस्लामी पहचान को प्राथमिकता देने की प्रवृत्ति बढ़ी है। इस परिवर्तन का एक कारण यह भी है कि 1971 के मुक्ति संग्राम को प्रत्यक्ष रूप से अनुभव करने वाली पीढ़ी धीरे-धीरे समाप्त हो रही है, जिससे नई पीढ़ी की पहचान में बदलाव आ रहा है। इस्लामी समूहों और धार्मिक राजनीतिक दलों ने बांग्लादेशी पहचान को इस्लाम पर केंद्रित करने के प्रयास किए हैं, जिससे 'पहले बंगाली या पहले मुस्लिम?' की बहस तेज हुई है। 2024 के जुलाई-अगस्त में हुए छात्र आंदोलनों में धार्मिक पहचान को प्रमुखता दी गई जो पहले के धर्मनिरपेक्ष आंदोलनों से भिन्न था। बांग्लादेश ने हाल के दशकों में आर्थिक प्रगति की है और इसे दक्षिण एशिया का %नया टाइगर' कहा गया है। इसकी अर्थव्यवस्था भारत के साथ मजबूती से जुड़ी हुई है, और विशेषज्ञों का मानना है कि पाकिस्तान के साथ पूर्ण निकटता बांग्लादेश के आर्थिक हितों के खिलाफ होगी। बांग्लादेश की बांग्ला संस्कृति और भाषा उसकी पहचान का मूल हिस्सा है, जो इसे पाकिस्तान से अलग करती है। बांग्लादेश 1971 में पाकिस्तान से अलग होकर स्वतंत्र देश बना, मुख्य रूप से भाषाई (बांग्ला बनाम उर्दू), सांस्कृतिक और आर्थिक भेदभाव के कारण। शेख मुजीब-उर-रहमान के नेतृत्व में अवामी लीग ने स्वतंत्रता की मांग की और भारत की मदद से बांग्लादेश ने आजादी हासिल की। तब से बांग्लादेश ने अपनी पहचान धर्मनिरपेक्ष, बांग्ला भाषी राष्ट्र के रूप में बनाई जो पाकिस्तान की उर्दू-प्रधान और इस्लामी पहचान से अलग थी। यह मानना जल्दबाजी होगा कि बांग्लादेश पाकिस्तान बन गया है।



बांग्लादेश एकमात्र देश है जो दोहरे उपनिवेशवाद के चंगुल में फंसा रहा। पहले अंग्रेजों की गुलामी और आजादी के बाद पाकिस्तानियों की गुलामी। उनका खास दोहन हुआ, यह बात हर बांग्लादेशी को मालूम है, युवा पीढ़ी को भी यह बात समझनी पड़ेगी। बांग्लादेश दक्षिण एशिया का इकनोमिक टाइगर बना तो भारत से बेहतर संबंध के कारण। पाकिस्तान के रास्ते पर बांग्लादेश मुड़ा तो उसकी भी स्थिति बदहाल बन जाएगी।

## प्रेमचंद की कहानियां



### राजा हरदौल

कुलीना सोचने लगी, तलवार इनको दूं या न दूं। राजा रोक गये हैं। उनको आज्ञा थी कि किसी दूसरे की परछाहीं भी उस पर न पड़ने पाये। क्या ऐसी दश में मैं उनकी आज्ञा का उल्लंघन करूं तो वे नाराज होंगे? कभी नहीं जब वे सुनेंगे कि मैंने कैसे कठिन समय में तलवार निकाली है, तो उन्हें सच्ची प्रसन्नता होगी। बुंदेलों की आन किसको इतनी प्यारी नहीं है? उनसे ज्यादा ओरछे की भलाई चाहने वाला कौन होगा? इस समय उनकी आज्ञा का उल्लंघन करना ही आजा मानना है। यह सोचकर कुलीना ने तलवार हरदौल को दे दी।

सवेरा होते ही यह खबर फैल गयी कि राजा हरदौल कादिरखां से लड़ने के लिए जा रहे हैं। इतना सुनते ही लोगों में सनसनी-सी फैल गयी और चौंक उठे। पागलों की तरह लोग अखाड़े की ओर दौड़े। हर एक आदमी कहता था कि जब तक हम जीते हैं, महाराज को लड़ने नहीं देंगे; पर जब लोग अखाड़े के पास पहुंचे तो देखा कि अखाड़े में बिजलियां-सी चमक रही हैं। बुंदेलों के दिलों पर उस समय जैसी बीत रही थी, उसका अनुमान करना कठिन है। उस समय उत्स लम्बे-चौड़े मैदान में जहां तक निगाह जाती थी, आदमी ही आदमी नजर आते थे पर चारों तरफ सन्नाटा था। हर एक आंख अखाड़े की तरफ लगी हुई थी और हर एक का दिल हरदौल की मंगल कामना के लिए ईश्वर का प्रार्थी था। कादिरखां का एक-एक वार हजारों दिलों के टुकड़े कर देता था और हरदौल को एक-एक काट से मनों में आनन्द की लहरें उठती थीं। अखाड़े में दो पहलवानों का सामना था और अखाड़े के बाहर आशा और निराशा का। आखिर घड़ियात ने पहला पहर बजाया और हरदौल की तलवार बिजली बन कर कादिर के सिर पर गिरी। यह देखते ही बुंदेले मारे आनन्द के उन्मत्त हो गये। किसी को किलं की सुधि न रही। कोई किसी से गले मिलता, कोई उछलता और छलांगें मारत था। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**नाहारं चिन्तयेत्प्राज्ञो धर्ममेकं हि चिन्तयेत्द्ध।**
**आहारो हि मनुष्याणां जन्मना सह जायते।।**

विद्वान् व्यक्ति को अपने आहार की चिंता न करते हुए केवल धर्म के अनुष्ठान में प्रवृत्त होना चाहिए, क्योंकि आहार तो व्यक्ति के जन्म के साथ ही उत्पन्न हो जाता है।

♦♦♦

# संत कबीर जयंती : विचारों की क्रांति का महापर्व




– डॉ. आर. के. जैन 'अरिजीत'

संत कबीरदास–एक ऐसी चिंगारी, जो सदियों बाद भी अंधेरे को भस्म करती है, एक ऐसी वाणी, जो पाखंड की बेड़ियों को तोड़ती है, और एक ऐसा दर्शन, जो मानवता को सत्य और प्रेम की राह दिखाता है। जब भारतीय संत परंपरा का जिक्र होता है, तो कबीर का नाम तूफान की तरह गूँजता है–न झुकने वाला, न थमने वाला। वे न राजसत्ताओं के गुलाम थे, न धर्मों के ठेकेदार। उनकी हर साखी, हर दोहा, हर शब्द एक हथौड़ा है, जो अज्ञान, जातिवाद और ढोंग की दीवारों को चूर-चूर करता है। उनकी जयंती, ज्येष्ठ पूर्णिमा, जो 11 जून 2025 को देश के कोने-कोने में उत्साह के साथ मनाई जाएगी, केवल एक तिथि नहीं, बल्कि एक क्रांति का शंखनाद है–सत्य, समानता और करुणा की चेतना का महापर्व। यह वह दिन है, जब कबीर की आवाज हमें झकझोरती है–जागो, बंदे! पाखंड छोड़ो, सत्य को गले लगाओ।

कबीर का जन्म 15वीं शताब्दी में माना जाता है, हालांकि उनके जन्मकाल को लेकर विद्वानों में मतभेद हैं। कुछ स्रोत 1398 को उनका जन्मवर्ष बताते हैं, तो कुछ 1440 के आसपास। उनकी जन्मकथा रहस्य से भरी है–कहा जाता है कि वे काशी (आधुनिक वाराणसी) में एक विधवा ब्राह्मणी के गर्भ से प्रकट हुए, जिन्हें स्वामी रामानंद का आशीर्वाद प्राप्त था। उनका पालन-पोषण नीरू और नीमा, एक जुलाहा दंपति ने किया। निम्न मानी जाने वाली जाति में जन्मे कबीर ने कभी सामाजिक भेदों को स्वीकार नहीं किया। उनका जीवन इस सत्य का जीवंत प्रमाण है कि आत्मा की शुद्धता और विचारों की ऊँचाई ही मानव की सच्ची पहचान है। कबीर ने निर्गुण भक्ति का मार्ग चुना, जिसमें ईश्वर निराकार, सर्वव्यापी और सर्वशक्तिमान है। उन्होंने मंदिर-मस्जिद के आडंबरों को ठुकराया और ईश्वर को हृदय में खोजने का संदेश दिया। उनका दोहा–'मोको कहाँ ढूँढे रे बंदे, मैं तो तेरे पास में। ना मैं मंदिर, ना मैं मस्जिद, ना मैं काबे कैलास में।'–न केवल उनकी आध्यात्मिक गहराई को उजागर करता है, बल्कि धार्मिक पाखंडों पर करारा प्रहार भी करता है। कबीर की रचनाएँ–दोहे, साखियाँ और शब्द–भाषा की सरलता और विचारों की तीक्ष्णता का अनुपम संगम हैं। उनकी रचनाएँ अवधी, भोजपुरी और हिंदी के मिश्रण में हैं, जो आम जन की जुबान थीं। उनका एक और प्रसिद्ध दोहा–'पोथी पढ़ि पढ़ि जग मुआ, पंडित भया न कोय। ढाई आखर प्रेम का, पढ़े सो पंडित होय।'–यह सिखाता है कि सच्चा ज्ञान वह नहीं जो शास्त्रों में कैद हो, बल्कि वह जो प्रेम, करुणा और मानवीयता को जागृत करे। कबीर ने धार्मिक गुरुओं, पंडितों और मुल्लाओं की खोखली विद्वता पर तीखे व्यंग्य किए। उनकी वाणी में जीवन का हर पहलू–सामाजिक असमानता, धार्मिक ढोंग, नैतिकता और आत्म-जागरूकता–स्पष्ट रूप से उभरता है। उनकी रचनाएँ 'बीजक', 'साखी', 'शबद' और 'रमैनी' जैसे संग्रहों में संकलित हैं, जो आज भी भक्ति और दर्शन के साधकों के लिए मार्गदर्शक हैं।

कबीर एक गृहस्थ संत थे। उन्होंने लोई नामक महिला से विवाह किया और उनके बच्चे–कमाल और कमाली–थे। गृहस्थ जीवन जीते हुए भी उनका जीवन सादगी, वैराग्य और सत्यनिष्ठा का प्रतीक था। वे समाज में रहकर उसे सुधारने का साहस रखते थे। उनकी शिक्षाओं ने संत रैदास, धन्ना, पीपा जैसे अनुयायियों को प्रेरित किया, और कबीरपंथ आज भी उनके विचारों को जीवित रखता है। कबीर ने नारी को सम्मान दिया और हर रिश्ते को आध्यात्मिकता से जोड़ा। उनका यह विश्वास–'जात न पूछो साधु की, पूछ लीजिए ज्ञान। मोल करो तलवार का, पड़ा रहन दो म्यान।'–सामाजिक भेदभाव को नकारता है और ज्ञान को सर्वोपरि मानता है। कबीर जयंती का उत्सव केवल धार्मिक आयोजन तक सीमित नहीं है। इस दिन देशभर में कीर्तन, भजन, सत्संग और उनके दोहों पर आधारित गोष्ठियाँ होती हैं। हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों में यह पर्व विशेष उत्साह के साथ मनाया जाता है। लेकिन कबीर जयंती का असली मर्म उनके विचारों को आत्मसात करने में है। आज का समाज फिर से जातिवाद, धार्मिक कट्टरता और नैतिक पतन की बेड़ियों में जकड़ा है। ऐसे में कबीर का यह दोहा–'चलती चाकी देख के, दिया कबीरा रोय। दो पाटन के बीच में, साबुत बचा न कोय।'–हमें याद दिलाता है कि समाज की क्रूर व्यवस्था में हर व्यक्ति पीस रहा है। कबीर इस व्यवस्था को तोड़ने और सत्य, प्रेम व समानता का समाज बनाने के पक्षधर थे।



कबीर ने कभी तलवार नहीं उठाई, पर उनके शब्दों में वह शक्ति थी जो राजसत्ताओं और धार्मिक ठेकेदारों को चुनौती दे सके। उनकी वाणी–'मन का साँच झूठे से ऊँचा, साँच बिना सब सून।'–हमें सिखाती है कि सत्य के बिना जीवन निरर्थक है। आज जब हम कबीर जयंती मनाते हैं, तो यह केवल परंपरा नहीं, बल्कि आत्मपरीक्षण का अवसर है। क्या हम अब भी धर्म और जाति के नाम पर बँटे हैं? क्या हम अब भी सत्य को छोड़कर आडंबरों में जी रहे हैं? कबीर की शिक्षाएँ हमें प्रेम और करुणा का मार्ग दिखाती हैं, जो मानवता को एकजुट कर सकता है। कबीरदास एक शाश्वत ज्योति हैं, एक ऐसी गूँज जो सदियों बाद भी थमती नहीं। उनकी जयंती हमें पुकारती है–उठो! ढोंग की परतें उतारो, प्रेम की राह अपनाओ, और सच्चा इंसान बनो। यह पर्व केवल एक दिन की श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि हर दिन को कबीरमय बनाने का संकल्प है। उनकी वाणी हमारे अंतर्मन को झकझोरती है, हमें अपने भीतर झाँकने को मजबूर करती है। कबीर की विरासत वह चेतना है, जो हमें समाज के छल और समय की सीमाओं से परे ले जाती है। इस जयंती पर कबीर के विचारों को न केवल याद करें, बल्कि उन्हें अपने जीवन में उतारें। यह वही सच्ची पूजा होगी, जो कबीर के सपनों को साकार करेगी–एक ऐसा समाज, जहाँ न जाति हो, न धर्म का झगड़ा, केवल प्रेम और सत्य का राज हो। कबीर की आवाज आज भी गूँज रही है, और यह हम पर है कि हम उस पुकार को सुनें और उसका अनुसरण करें।

## प्रेरक प्रसंग — आत्मविश्वास है विजय

घटना है वर्ष 1960 की। स्थान था यूरोप का भव्य ऐतिहासिक नगर तथा इटली की राजधानी रोम। सारे विश्व की निगाहें 25 अगस्त से 11 सितंबर तक होने वाले ओलंपिक खेलों पर टिकी हुई थीं। इन्हीं ओलंपिक खेलों में एक बीस वर्षीय अश्वेत बालिका भी भाग ले रही थी। वह इतनी तेज़ दौड़ी, इतनी तेज़ दौड़ी कि 1960 के ओलंपिक मुक़ाबलों में तीन स्वर्ण पदक जीत कर दुनिया की सबसे तेज़ धाविका बन गई।

रोम ओलंपिक में लोग 83 देशों के 5346 खिलाड़ियों में इस बीस वर्षीय बालिका का असाधारण पराक्रम देखने के लिए इसलिए उत्सुक नहीं थे कि विल्मा रुडोल्फ नामक यह बालिका अश्वेत थी अपितु यह वह बालिका थी जिसे चार वर्ष की आयु में डबल निमोनिया और काला बुखार होने से पोलियो हो गया और फलस्वरूप उसे पैरों में ब्रेस पहननी पड़ी। विल्मा रुडोल्फ़ ग्यारह वर्ष की उम्र तक चल-फिर भी नहीं सकती थी लेकिन उसने एक सपना पाल रखा था कि उसे दुनिया की सबसे तेज़ धाविका बनना है। उस सपने को यथार्थ में परिवर्तित होता देखने वे लिए ही इतने उत्सुक थे पूरी दुनिया वे लोग और खेल-प्रेमी।

डॉक्टर के मना करने के बावजूद विल्मा रुडोल्फ़ ने अपने पैरों की ब्रेस उतार फेंकी और स्वयं को मानसिक रूप से तैयार कर अभ्यास में जुट गई।

अपने सपने को मन में प्रगाढ़ किए हुए वह निरंतर अभ्यास करती रही। उसने अपने आत्मविश्वास को इतना ऊंचा कर लिया कि असंभव-सी बात पूरी कर दिखलाई। एक साथ तीन स्वर्ण पदक हासिल कर दिखाए। सच यदि व्यक्ति में पूर्ण आत्मविश्वास है तो शारीरिक विकलांगता भी उसकी राह में बाधा नहीं बन सकती।

## आपका पत्र मिला


### राजा रघुवंशी हत्याकांड की नसीहत समझें

आखिरकार जो डर (रहस्य...!) बना हुआ था, वही सामने आ गया। इंदौर के नवविवाहित दंपति राजा-सोनम रघुवंशी के मेघालय की खूबसूरत वादियों में गायब होने तथा बाद में राजा का शव मिलने के बाद सोनम का न मिलना रहस्यमय बना हुआ था। पुलिस ने सोनम के हत्थे चढ़ने के बाद प्रारंभिक खुलासा करते हुए बताया कि राजा की हत्या सोनम ने सुपारी देकर करवाई थी। जब यह खबर खुलकर सामने आई तो सबका दिल दहलना स्वाभाविक था। देश में इन दिनों इस तरह की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। रिश्तों की पवित्रता संकट के दौर में है, जो रिश्तों के लिहाज से संक्रमण काल चल रहा है, भी कहा जा सकता है। विवाह जैसे पवित्र बंधन में जो पवित्रता, एक-दूजे के प्रति निष्ठा, समर्पण व विश्वास का पुट होता है, अब वह खत्म होता जा रहा है। यह समाज के लिए विचारणीय है। सोनम को अगर राजा पसंद नहीं था तो उसे विवाह बंधन में बंधने के पहले खुलकर बोल देना था, ताकि एक बेटे की इस तरह हत्या तो नहीं होती। आखिरकार सोनम को यह सबकुछ करने से हासिल क्या हुआ होगा? बदनामी का दाग लगने के साथ बाकी जिंदगी नारकीय बन जाएगी! मेघालय में हुआ यह हत्याकांड भावी पीढ़ी (जो विवाह के पवित्र बंधन में बंधेंगे) को सबक/नसीहत सिखाती है कि वे अपने दिल की बात को निःसंकोच होकर कहें। दबाव में आकर वे जीवन साथी तो बन जाते हैं मगर अंतिम परिणति ऐसी न हो जो निर्दोष राजा की हुई। ये घटनाएं इतिहास की तरह है। जो हमें सचेत करती है कि 'पानी पिएं छान कर, रिश्ते करो जान कर।' लेकिन यह भी कहा जाता है कि इतिहास पढ़ते सब हैं, मगर सबक कोई नहीं लेता। नसीहत न लेने का परिणाम खून के आंसू रुलाता है।

**हेमा हरि उपाध्याय 'अक्षत'**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*

# विदेश से करना है एमबीबीएस? पहले जांचें यह बातें





हाल ही में नीट (यूजी) की परीक्षा खत्म हुई है, जिसके जरिये बहुत से विद्यार्थी डॉक्टर बनने का सपना संजोए हुए हैं। विदित है कि देश में सरकारी व निजी कॉलेजों में मेडिकल सीटों की संख्या सीमित है, इसलिए प्रतिस्पर्धा बहुत ज्यादा है। जाहिर है कि हर अभ्यर्थी को मनपसंद कॉलेज नहीं मिल सकता। इसी वजह से कई छात्र विदेश से डॉक्टरी की पढ़ाई करने का भी मन बनाते हैं। हालांकि, अभी नीट के परिणाम आने बाकी हैं। ऐसे में, अगर आपके मन में भी विदेश से मेडिकल की पढ़ाई करने का विचार आ रहा है, तो आपको कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहराई से विचार-विमर्श करना चाहिए। इससे कॅरिअर और भविष्य को सुरक्षित बनाने में मदद मिलेगी।

**अंतरराष्ट्रीय संस्थानों से मान्यता**

सुनिश्चित करें कि विदेशी मेडिकल कॉलेज को उस देश की मेडिकल काउंसिल, सरकारी निकाय या फिर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) अथवा अन्य प्रतिष्ठित वैश्विक चिकित्सा संगठनों से मान्यता प्राप्त हो। सुनिश्चित करें कि देश-विदेश में संस्थान की प्रतिष्ठा व रैंकिंग अच्छी हो। पढ़ाई की गुणवत्ता जानने के लिए पूर्व छात्रों की सफलता के आंकड़े जानना आवश्यक है।

**कोर्स का तुलनात्मक अध्ययन**

विदेशी कोर्स की भारतीय पाठ्यक्रम से तुलना करें। देखें कि क्या पाठ्यक्रम में आवश्यक विषय और नैदानिक अनुभव शामिल हैं? यदि शिक्षा की भाषा अंग्रेजी के अलावा कोई दूसरी है, तो सुनिश्चित करें कि आप उस भाषा में सहज हों या उसे सीखने के लिए कॉलेज से पर्याप्त सहायता मिले। प्रोफेसरों और शिक्षकों की योग्यता व अनुभव आदि के बारे में भी जानकारी हासिल करें।

**वित्तीय सहायता या छात्रवृत्ति**

ट्यूशन फीस, रहने का खर्च, भोजन, यात्रा, बीमा और अन्य विभिन्न खर्चों सहित पढ़ाई की पूरी लागत का आकलन करें। पता लगाएं कि संस्थान या अन्य संगठन भारतीय छात्रों के लिए कोई वित्तीय सहायता या छात्रवृत्ति प्रदान करते हैं या नहीं? फीस और लोन की भुगतान की शर्तों और किश्तों के विकल्पों को भी समझें।

**प्रवेश प्रक्रिया और पात्रता मानदंड**

कॉलेज में प्रवेश के लिए जरूरी पात्रता मानदंडों पर भी ध्यान दें। पता लगाएं कि दाखिले के लिए कोई परीक्षा या साक्षात्कार आयोजित किया जाता है या नहीं? यदि हां, तो उसकी तैयारी करें। छात्रावास की सुविधा से जुड़ी जानकारी इकट्ठा करें। इसके अलावा, किसी भी एजेंट पर आंख मूंदकर भरोसा न करें। उनकी पृष्ठभूमि, अनुभव और सफलता दर की जांच जरूर कर लें।

**छात्र सहायता सेवाएं**

पता कर लें कि कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए वीजा, आव्रजन (इमिग्रेशन) और अन्य संबंधित मामलों के लिए कोई समर्पित कार्यालय है या नहीं? और क्या छात्रों के लिए शैक्षणिक और व्यक्तिगत परामर्श सेवाएं उपलब्ध हैं? इसके अलावा, उस देश के आव्रजन नियमों और वीजा शर्तों को अच्छी तरह समझ लें।

# ऑपरेशन सिंदूर पर लिखें निबंध, बनें 15 अगस्त पर लाल किले के खास मेहमान




भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय ने एक अनूठी पहल करते हुए ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित निबंध प्रतियोगिता का ऐलान किया है। यह प्रतियोगिता 1 जून से 30 जून 2025 तक चलेगी और इसमें भाग लेने वाले प्रतिभागियों को न केवल 10,000 रुपये का नगद पुरस्कार मिलेगा, बल्कि उन्हें दिल्ली के ऐतिहासिक

**पाएं 10 हजार रुपये**

लाल किले पर 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेने का सुनहरा मौका भी मिलेगा।

रक्षा मंत्रालय ने इस प्रतियोगिता की जानकारी एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर साझा करते हुए बताया, ÷युवा मनों को अपनी आवाज बुलंद करने का मौका! ऑपरेशन सिंदूर¬ आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति को नए मायनों में परिभाषित करता है। इस विषय पर हिंदी या अंग्रेजी में निबंध लिखें और प्रतियोगिता का हिस्सा बनें। यह प्रतियोगिता @MyGovIndia के सहयोग से आयोजित की जा रही है और इसमें हर व्यक्ति एक ही प्रविष्टि भेज सकता है। निबंध हिंदी या अंग्रेजी दोनों में से किसी एक भाषा में लिखा जा सकता है।

**ऑपरेशन सिंदूर क्या है?**

ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत 7 मई 2025 को तड़के की गई थी। इसका उद्देश्य पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में स्थित 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करना था। यह ऑपरेशन, 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले, जिसमें 26 निर्दोष नागरिकों की जान चली गई थी, के जवाब में शुरू किया गया। इसके बाद भारत की सभी जवाबी कार्रवाईयां इसी ऑपरेशन के तहत हुईं।

भारत सरकार ने साफ किया है कि ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की रणनीति में नई रेड लाइन खींच दी है और यह न्यू नॉर्मल स्थापित कर रहा है।

**प्रतियोगिता में शीर्ष तीन विजेताओं को मिलेगा**

10,000 रुपये का नकद पुरस्कार 15 अगस्त 2025 को दिल्ली के लाल किले में स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने का विशेष अवसर।

**कैसे लें भाग?**

प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी 1 जून से 30 जून 2025 के बीच अपना निबंध भेज सकते हैं। यह निबंध केवल हिंदी या अंग्रेजी भाषा में स्वीकार किया जाएगा। हर व्यक्ति को प्रतियोगिता में भाग लेने का केवल एक ही अवसर मिलेगा यानी एक व्यक्ति केवल एक निबंध ही भेज सकता है। प्रतियोगिता से जुड़ी विस्तृत जानकारी और आधिकारिक पोस्टर रक्षा मंत्रालय के @DefenceMinIndia और @mygovindiaसोशल मीडिया हैंडल पर उपलब्ध हैं।

## कॅरियर अलर्ट

### यूपीएससी भर्ती

संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) ने ऑपरेशंस ऑफिसर, ड्रग इंस्पेक्टर, लीगल ऑफिसर, ट्रेनिंग ऑफिसर, स्पेशलिस्ट और अन्य पदों पर भर्ती निकाली हैं। 24 मई से इस भर्ती के लिए यूपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट upsc.gov.in पर फॉर्म भरे जा रहे हैं। जिसकी लास्ट डेट 12 जून 2025 है। इस भर्ती में बैचलर डिग्री/मास्टर डिग्री और अन्य योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी अप्लाई कर सकते हैं।

### बिहार सरकारी नौकरी फॉर्म

बिहार के सरकारी अस्पतालों में 2619 पदों पर मेडिकल ऑफिसर की नई बहाली के लिए आवेदन जारी हैं, जिसमें उम्मीदवार 15 जून तक ऑफिशियल वेबसाइट shs.bihar.gov.in पर अप्लाई कर सकते हैं। मेडिकल ऑफिसर की यह भर्ती आयुर्वेदिक, होमियोपैथिक और यूनानी के लिए हैं।

### यूपी असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती

यूपी में असिस्टेंट प्रोफेसर बीएड की भर्ती के लिए वैकेंसी निकली हुई है, जिसके लिए उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग (UPESSC) द्वारा आवेदन लिए जा रहे हैं। इस भर्ती का फॉर्म भरन के लिए अभ्यर्थियों द्वारा आयोग की आधिकारिक वेबसाइट upessc.up.gov.in पर 12 जून 2025 तक अप्लाई किया जा सकता है।

## एसएससी सीजीएल : 14,582 सरकारी नौकरियों पर भर्ती

सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे लोगों के लिए बड़ी खबर है.कर्मचारी चयन आयोग (SSC)ने SSC CGL 2025 का नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है. इसके साथ ही अप्लाई करने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है. इस बार टोटल 14,582 पदों पर भर्ती होगी, जिसमें केंद्र सरकार के कई मिनिस्ट्रीज और डिपार्टमेंट्स में जॉब्स हैं. अगर आप ग्रेजुएट हैं और एक अच्छी सरकारी नौकरी की तलाश में हैं तो ये आपके लिए सुनहरा मौका है. अप्लाई करने की लास्ट डेट 4 जुलाई 2025 है. आइए जानते हैं कि कौन अप्लाई कर सकता है, कैसे अप्लाई करना है और क्या-क्या जॉब्स हैं?

**क्या है SSC CGL 2025?**

SSC CGL यानी कंबाइंड ग्रेजुएट लेवल एग्जाम, हर साल केंद्र सरकार में ग्रुप क्रऔर ष्ट की पोस्ट्स के लिए होता है. इस बार 14,582 वैकेंसीज निकली हैं जो अलग-अलग मिनिस्ट्रीज और डिपार्टमेंट्स में भरी जाएंगी. एग्जाम कंप्यूटर बेस्ड होगा और 13 अगस्त से 30 अगस्त 2025 तक टियर-1 एग्जाम होगा. टियर-2 दिसंबर 2025 में होगा।

# कस्टम विभाग में ऐसे बन सकते हैं अधिकारी



हम सभी ने कस्टम विभाग का नाम कभी न कभी सुना ही होगा। कस्टम डिपार्टमेंट का काम देश में आयात और निर्यात होने वाले चीजों पर कर का निर्धारण और उसको वसूलने का काम करता है और साथ ही यह आयात और निर्यात हो रही चीजों की चेकिंग और तस्करी (स्मगलिंग) रोकने का होता है। इसीलिए इस विभाग में आप सरकारी नौकरी करने के साथ ही देश सेवा का मौका भी मिलता है और साथ ही समाज में प्रसिद्धि भी प्राप्त होती है। अगर आप भी कस्टम विभाग में अधिकारी बनना चाहते हैं तो इसलिए कुछ अनिवार्य योग्यताएं और चयन प्रॉसेस को पूरा करना होता है। इसकी पूरी जानकारी आप यहां से हासिल करके इस दिशा में एक कदम बढ़ा सकते हैं।

**कौन बन सकता है कस्टम अधिकारी**

कस्टम अधिकारी बनने के लिए उम्मीदवारों को इंटरमीडिएट उत्तीर्ण करने के बाद किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान/ विश्वविद्यालय से न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ किसी भी स्ट्रीम में ग्रेजुएशन उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इसके साथ ही अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 21 वर्ष से कम और अधिकतम आयु 28 वर्ष से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। आरक्षित श्रेणी से आने वाले उम्मीदवारों को नियमानुसार छूट प्रदान की जाती है।

**सिलेक्शन प्रॉसेस**

कस्टम अधिकारी बनने के लिए आपको यूपीएससी सिविल सर्विसेज परीक्षा को उत्तीर्ण करना होगा। इस एग्जाम में सफलता प्राप्त करने के बाद आप कस्टम डिपार्टमेंट में आईआरएस (सी एंड सीई) को प्राथमिकता देकर कस्टम अधिकारी बन सकते हैं।

यूपीएससी की ओर से यह परीक्षा प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है। इसमें तीन चरण होते हैं। पहले चरण में प्रीलिम एग्जाम का आयोजन किया जाता है। इसमें सफल होने वाले उम्मीदवार मेंस एग्जाम में भाग लेंगे और मुख्य परीक्षा में सफल होने वाले उम्मीदवारों को अंत में इंटरव्यू प्रॉसेस में शामिल होना होगा। सभी चरणों में किये गए प्रदर्शन के आधार पर उम्मीदवारों की फाइनल लिस्ट तैयार की जाती है।

## अभ्यास

**1. पुदुचेरी विधानसभा के लिए नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन का उद्घाटन किसने किया है?**
(क) डॉ. एल. मुरुगन
(ख) डॉ. जितेंद्र सिंह
(ग) डॉ. मनसुख मांडविया
(घ) डॉ. हर्षवर्धन
**उत्तर- डॉ. एल. मुरुगन**

**2. पृथ्वी विज्ञान मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह और यूनेस्को के दूत विदर हेलगेसन ने महासागर संरक्षण पर द्विपक्षीय बैठक कहां की है?**
(क) मैड्रिड
(ख) दोदोमा
(ग) नीस
(घ) मनीला
**उत्तर- नीस**

**3. भारतीय जीवन बीमा निगम के अंतरिम सीईओ और एमडी के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?**
(क) सतपाल भानु
(ख) अजीत सक्सेना
(ग) सुनील ओझा
(घ) सिद्धार्थ मोहंती
**उत्तर- सतपाल भानु**

**4. सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहां प्रथम कम्युनिटी रेडियो स्टेशन 'Ibe& Tarana 88.4 FM' का उद्घाटन किया है?**
(क) जोशीमठ
(ख) केदारनाथ
(ग) नैनीताल
(घ) शिमला
**उत्तर- जोशीमठ**

**5. हाल ही में दाजी पणशीकर का 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया है, वे कौन थे?**
(क) वैज्ञानिक
(ख) साहित्यकार
(ग) शिक्षाविद
(घ) इतिहासकार
**उत्तर- साहित्यकार**

**11. बिल एटकिंसन का 74 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे कौन थे?**
(क) सॉफ्टवेयर डेवलपर
(ख) अंतरिक्ष यात्री
(ग) गायक
(घ) अभिनेता
**उत्तर-सॉफ्टवेयर डेवलपर**

# यूपीएससी के इंटरव्यू में सफलता पाने के लिए अपनाएं ये टिप्स



यूपीएससी के सिविल सर्विस मेन परीक्षा में सफल होने वाले उम्मीदवारों को इंटरव्यू देना होता है। क्योंकि यह परीक्षा सबसे ज्यादा कठिन होती है, इसलिए मेंस क्लीयर होने के बाद उम्मीदवार का पूरा फोकस इंटरव्यू क्लीयर करने पर होता है। ऐसे में इंटरव्यू में सफलता पाने के लिए कुछ बेहतरीन टिप्स फॉलो करना बेहद जरूरी होता है। जिससे कि आप इंटरव्यू में सफलता पा सकें। ऐसे में अगर आप भी यूपीएससी की तैयारी कर रहे हैं, या इंटरव्यू के लिए तैयारी कर रहे हैं। तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ खास टिप्स देने जा रहे हैं। जिनको फॉलो कर आप इंटरव्यू में सफलता पा सकते हैं।

इंटरव्यू का सबसे महत्वपूर्ण चरण डिटेल्स एप्लीकेशन फॉर्म भरना है। यही वजह है कि इस फॉर्म को भरते समय कई बेसिक और बेहद जरूरी बातों का ध्यान रखना चाहिए। बता दें कि डीएफए फॉर्म को अधिक ध्यान से इसलिए भी सही से भरना चाहिए। क्योंकि आपके डिटेल्ड एप्लीकेशन फॉर्म से भी इंटरव्यू के दौरान कई सवाल पूछे जाते हैं।

**प्रजेंटेबल दिखें :** इंटरव्यू के दिन उम्मीदवार को प्रजेंटेबल दिखना चाहिए। इसलिए इंटरव्यू के दिन फॉर्मल ड्रेस पहनें। इंटरव्यू में भाग लेने के लिए आप हल्के रंग की शर्ट और गहरे रंग की पैंट पहनें। यह आपको प्रोफेशनल लुक देगा। वहीं महिला उम्मीदवार इंटरव्यू में प्रोफेशनल लुक के लिए सिंपल चूड़ीदार सूट या फिर साड़ी पहन सकती हैं।

**क्रॉस चेक करें डॉक्यूमेंट :** जिस दिन इंटरव्यू शेड्यूल है, उससे एक दिन पहले सभी डॉक्यूमेंट्स अच्छे से चेक कर लें। क्योंकि अगर आप भूल से कोई डॉक्यूमेंट ले जाना भूल जाते हैं, तो यह आपके इंटरव्यू को प्रभावित कर सकता है। वहीं रीचेक करने पर आप डॉक्यूमेंट अपने पास रख पाएंगे और बिना किसी रुकावट के इंटरव्यू दे पाएंगे।

**न बोलें झूठ :** इंटरव्यू में आपकी पर्सनालिटी का टेस्ट भी होता है। इसलिए इस दौरान झूठ का सहारा नहीं लेना चाहिए। अगर आपको किसी प्रश्न का उत्तर नहीं आता है, तो बोर्ड से सामने सरलता से सच कह दें। क्योंकि यदि आप झूठ बोलते हैं, तो आपकी बोर्ड के सामने निगेटिव छवि बनेगी और इसका असर आपके फाइनल सेलेक्शन पर भी देखने को मिल सकता है।

**अच्छी नींद है जरूरी :** हम सभी इंटरव्यू से पहले काफी टेंशन में रहते हैं और हर समय इंटरव्यू के बारे में सोचा करते हैं। लेकिन स्ट्रेस और टेंशन का आपके परफॉर्मेंस पर बुरा असर पड़ सकता है। इसलिए अधिक तनाव न लें और रात को अच्छी व गहरी नींद लें। जिससे कि आप फ्रेश मन से इंटरव्यू दे सकें।

# होम लोन के लिए लाइफ इंश्योरेंस क्यों जरूरी

आजकल घर खरीदने का सबसे आम तरीका है होम लोन लेना, लेकिन रियल एस्टेट की बढ़ती कीमतों के कारण यह बड़ा वित्तीय बोझ बन जाता है। ऐसे में होम लोन के लिए लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी लेना समझदारी है। यह न केवल आपको बिना टेंशन लोन चुकाने में मदद करता है, बल्कि परिवार को वित्तीय सुरक्षा भी प्रदान करता है। अगर अनहोनी हो, तो लोन की जिम्मेदारी परिवार पर नहीं पड़ेगी। आइए वित्तीय सलाहकार बलवंत जैन से समझते हैं होम लोन के साथ लाइफ इंश्योरेंस लेना क्यों जरूरी है और इसे कैसे लेना चाहिए। होम लोन की ईएमआई अक्सर परिवार की मासिक आमदनी का बड़ा हिस्सा होती है। अगर कमाने वाले व्यक्ति के साथ कुछ अनहोनी हो जाए, तो परिवार के लिए घर चलाना मुश्किल हो सकता है, लोन चुकाना तो दूर की बात। फाइनेंशियल प्लानिंग कहती है कि सभी वित्तीय जिम्मेदारियों को कवर करने के लिए लाइफ इंश्योरेंस जरूरी है।

# सुप्रीम कोर्ट में क्लर्क के पद पर ऐसे पा सकते हैं नौकरी



हर युवा का सपना पढ़ाई पूरी करने के बाद ऐसी जगह नौकरी करने का होता है जहां अच्छे वेतन के साथ ही प्रसिद्धि प्राप्त हो। अगर आप भी ऐसी ही जगह काम करना चाहते हैं तो सुप्रीम कोर्ट में नौकरी करना करियर के लिहाज से बेहतर साबित हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट में वैसे से तो कई पदों पर नौकरी निकाली जाती है लेकिन इसमें लॉ क्लर्क का पद बेहतरीन माना जाता है। सुप्रीम कोर्ट में समय-समय पर इस पद पर नौकरी निकाली जाती रहती है। इस भर्ती में शामिल होने के लिए उम्मीदवारों को योग्यताओं को पूरा करना अनिवार्य है जिसकी पूरी डिटेल आप इस आर्टिकल से प्राप्त कर सकते हैं।

**सुप्रीम कोर्ट में लॉ क्लर्क पदों के लिए पात्रता एवं मापदंड**


सुप्रीम कोर्ट में लॉ क्लर्क पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों का किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से लॉ में स्नातक उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इसके साथ ही इस पद पर आवेदन करते समय अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 20 वर्ष से कम और 32 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। आरक्षित वर्ग से आने वाले उम्मीदवारों को ऊपरी आयु सीमा में नियम के अनुसार निर्धारित वर्षों की छूट प्रदान की जाती है।

**ऐसे होगा चयन-** सुप्रीम कोर्ट में लॉ क्लर्क पदों पर चयनित होने के लिए उम्मीदवारों को तीन चरणों की प्रक्रिया से होकर गुजरना होगा। पार्ट 1 में उम्मीदवारों कानून और उसकी समझ को लेकर मल्टीपल चॉइस बेस्ड प्रश्न पूछे जाएंगे। जो उम्मीदवार इस एग्जाम में सफलता प्राप्त करेंगे उनको पार्ट 2 एग्जाम में भाग लेना होगा। पार्ट 2 में सब्जेक्टिव रिटेन एग्जामिनेशन का आयोजन किया जाएगा। द्वितीय चरण में सफलता प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को अंत में पार्ट 3 चरण (इंटरव्यू प्रॉसेस) में भाग लेना होगा। सभी चरणों में सफल उम्मीदवारों को फाइनल मेरिट लिस्ट में जगह दी जाएगी और रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रदान की जाएगी।

# इन गलतियों की वजह से कट जाते हैं अंक



सीबीएसई दसवीं और बारहवीं के स्टूडेंट्स इस वक्त परीक्षाओं की तैयारी में जुटे हैं। आगामी 15 फरवरी, 2024 से वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। ऐसे में स्टूडेंट्स के पास अब तैयारियों के लिए बेहद कम समय ही बचा है। इसी क्रम में आज हम छात्र-छात्रओं को कुछ ऐसी मिस्टेक्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जो अक्सर वे एग्जाम में कर देते हैं और इसकी वजह से उन्हें अच्छे अंक नहीं मिल पाते हैं। आइए जानते हैं।साइंस के पेपर में अक्सर यह देखने को मिलता है कि स्टूडेंट्स डायग्राम स्पष्ट और क्लीयर नहीं बनाते हैं, अगर ऐसा करते भी हैं तो उनकी प्रॉपर तरीके से नाम नहीं लिखते हैं। इस वजह से कई बार, डायग्रम वाले क्वेश्चन में अच्छे अंक नहीं मिल पाते हैं। इसी तरह अगर इंग्लिश सब्जेक्ट की बात करें तो यहां भी कई गलतियां कर बैठते हैं, जैसे सही जगह पर क्रामा, फुलस्टॉप या फिर स्पैलिंग एरर देखने को मिलती है। ये मिस्टेक करने के बाद आप कितनी भी सही आंसर क्यों न लिखें लेकिन इन बेसिक गलतियों की वजह से अच्छे अंक नहीं मिल पाते हैं। इसी तरह मैथ्स और हिंदी जैसे विषयों में भी छात्र-छात्राएं गड़बड़ी करते हैं। मैथ्स में ही प्लस या माइनस का साइन नहीं लगाते हैं या फिर हिंदी में भी मात्राओं पर ध्यान नहीं देते हैं। जल्दबाजी में बस आंसर लिख देते हैं और यह नहीं देखते कि कि वाक्य ठीक है या नहीं। इन वजहों से भी नंबर नहीं मिल पाते हैं। कई बार तो स्टूडेंट्स इतनी हड़बड़ी में होते हैं कि पेपर के निर्देशों को ढंग से नहीं पढ़ते हैं और किसी सेक्शन से कुछ निर्धारित क्वैश्चनन सॉल्व करने होते हैं तो वे उनमे से कुछ कम कर देते हैं।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

## दैनिक पंचांग लखनऊ

**बुधवार, 11 जून 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ ज्येष्ठ मासोत्तमे शुक्ल पक्षे, पूर्णिमा तिथौ बुध वासरे 13/14/ज्येष्ठा नक्षत्रे 20/11/साध्य योग 14/04/ बव करणे 13/14/ धनु राशिगत चन्द्रमा घं.20मि.11पर। **व्रत एवं त्यौहार-** मन्वादि। ज्येष्ठा योग। स्नान दान की ज्येष्ठा पूर्णिमा। संत कबीरदास जयंती।

**मेष-** स्वास्थ्य नरम रहेगा। कामों में व्यवधान रहेंगे। व्यय भार में वृद्धि होगी। नये अनुबंध होंगे। पुरानी समस्याओं का निवारण होगा।

**वृष-** आकास्मिक विवाद टालें। कार्यापूर्ति में आशंका रहेगी। परिजनों से उपेक्षा मिलेगी। स्वास्थ्य प्रतिकूल रहेगा। अलस्य त्यागें।

**मिथुन-** पुराने मित्रों से मुलाकात होगी। शुभ यात्राएं होंगी। बिगड़े कार्यों में प्रगति होगी। रुके धन की प्राप्ति होगी।

**कर्क-** मित्रों का सहयोग मिलेगा। घरेलू सुख उत्तम रहेगा। कार्यों में आएगी। शारीरिक श्रमाधिक्य रहेगा। सुचारुता आएगी।

**सिंह-** रचनात्मक कार्यों में रुचि बढ़ा बढ़ेगी। अधीनस्थों का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य में सुधार मिलेगा। वाणिज्य व्यवसाय में विस्तार होगा।

**कन्या-** अधिकारी वर्ग प्रबल रहेगा। मित्र वर्ग सहयोगी रहेगा। परीक्षा प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। रुके कार्यों में अल्प प्रगति होगी।

**तुला-** मित्रों का सहयोग रहेगा। निराशा की प्रवन्ति से बचे। कारोबारी विषमताएं हल होंगी। सुसंगति लाभ होगा।

**वृश्चिक-** उच्च वर्गीय सहयोग मिलेगा । घरेलू कामों में व्यस्त रहेंगे। परिश्रम का पूर्ण लाभ मिलेगा। लाभ मार्ग प्रशस्त रहेगा।

**धनु-**आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। निजी प्रेम में वृद्धि होगी। यात्रा देशाटन का लाभ होगा।

**मकर-** पारिवारिक जीवन सुख में होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी।

**कुंभ-**सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आर्थिक योजनाओं में पूंजी निवेश कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र का वातावरण तनावपूर्ण रहेगा।

**मीन-** मित्रों के साथ मतभेद हो सकता है। शांतिपूर्ण कार्य करना ही लाभकारी रहेगा। परिश्रम करना पड़ेगा।

### विषाक्त पदार्थ के सेवन से युवक की मौत

**कालपी(जालौन)।** महेवा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम शेखपुर गुढ़ा निवासी राजकुमार उर्फमंगोले परेशान रहता था। सोमवार रात 9 बजे के आस पास वह अचेत हो गया था। तबीयत बिगड़ती देख परिजनो ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी मे भर्ती कराया था। लेकिन डाक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया था। डाक्टर के मुताबिक उसने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन किया था उसका दाह संस्कार कर दिया। बताते है कि मृतक चार भाइयों में तीसरे नंबर का था और काफी मिलनसार भी था।

## सागरिका का उपयोग से पैदावार ज्यादा आय दुगुनी का वादा- इफ्को क्षेत्र अधिकारी

कालपी(जालौन)। नगर के एक होटल में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में नैनो डीएपी तरल, नैनो यूरिया एवं सागरिका तरल पर आधारित प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस दौरान इफ्को क्षेत्र अधिकारी ने नैनो डीएपी एवं यूरिया के लाभदायक परिणामों की विस्तार से जानकारी दी।

शुक्रवार को इफ्को क्षेत्र अधिकारी शुभम मिश्रा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में जागरूक करते हुए बताया कि इफ्को पिछले 5 दशको से कृषक हित में विभिन्न प्रकार के उर्वरक का उत्पादन एवं विपणन कर रहा है। इफ्को किसान भाइयो के सहयोग एवं विश्वास से आज विश्व की सबसे बड़ी सहकारी संस्था है। बदलते प्राकृतिक परिवेश में जब मृदा की उर्वरा शक्ति कमजोर पद रही है इफ्को नवाचार से नवीनतम एवं आधूनिक उर्वरक का उत्पादन कर रहा है। उसी क्रम में नैनो यूरिया प्लस, नैनो डी ऐ पी एवं सागरिका इफ्को के क्रन्तिकारी उत्पाद है। सागरिका सी वीड एक्सट्रेक्ट किसानो में सबसे लोकप्रिय उत्पाद एक समुद्री शैवाल से बना आर्गेनिक उर्वरक है जो पौधों की वृद्धि और फसल की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में मदद करता है। यह लाल और भूरे समुद्री शैवाल से प्राप्त होता है और इसमें प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले पौधे विकास नियामक जैसे ऑक्सिन, साइटोकाइनिन और जिबरेलिन मौजूद होते हैं। यह पौधों की वृद्धि को बढ़ावा देता है और फसल की उपज बढ़ाता है।यह फसलों को सूखा, गर्मी और लवणता जैसे अजैविक तनावों के प्रति सहिष्णु बनाता है।सागरिका तरल का उपयोग किसान भाई पतियों पर छिड़काव (4-5 मिलीलीटर प्रति लीटर पानी) के दर से लाभ प्राप्त कर सकते है एवं सागरिका दानेदार (10 किलोग्राम) एक एकड़ खेत में कर सकते है। नैनो उर्वरक आधुनिक युग का उर्वरक है, जिसका उपयोग बीज उपचार (नैनो डीएपी) 5 मिली/किग्रा बीज तथा नैनो यूरिया प्लस 4 मिली/लीटर फसलों पर छिड़काव के रूप में किया जाता है। इस मौके पर इफ्को बाजार केंद्र प्रभारी जितेंद्र पटेल, धर्मेंद्र पाल आदि लोग मौजूद रहें।

## किसानों को तिलहन में आत्मनिर्भर बनाने की योजना के बेहतर क्रियान्वयन पर डीएम का जोर



उरई : बैठक लेते जिलाधिकारी राजेश पाण्डेय।

**उरई(जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नेशनल मिशन ऑन एडिबिल ऑयल (ऑयलसीड्स) योजना के तहत गठित समितियों की महत्वपूर्ण बैठक कर संबंधित अधिकारियों को योजना के क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु सभी अधिकारियों को समर्पण और टीमवर्क के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उप कृषि निदेशक एस के उत्तम ने योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह मिशन भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा 2025 से 2026-31 तक के लिए स्वीकृत किया गया है। इसका उद्देश्य तिलहनी फसलों जैसे तिल, मूँगफली, सोयावीन, राई/सरसों और अलसी के उत्पादन को बढ़ावा देना है, ताकि किसानों को तिलहन में आत्मनिर्भर बनाया जा सके और भारत की आयातित खाद्य तेलों पर निर्भरता कम की जा सके।नेशनल मिशन ऑन एडिबिल ऑयल योजना के तहत कई प्रमुख कार्यों की योजना बनाई गई है, जिसमें प्रमुख तिलहन फसलों के लिए कलस्टर प्रदर्शन, उन्नत बीजों की उपलब्धता बढ़ाना और बाजार तक किसानों की पहुंच को मजबूत करना शामिल है। इसके अलावा, हर कलस्टर और ब्लॉक में मृदा स्वास्थ्य परीक्षण कराना अनिवार्य किया गया है, जिससे फसल की उर्वरता और गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। यह मिशन कृषकों को उन्नत बीज, नई तकनीक और बेहतर उत्पादन पद्धतियों के माध्यम से तिलहन उत्पादन में वृद्धि करने का अवसर प्रदान करेगा। इसके लिए जिले में 30 तिल फसल कलस्टर बनाए गए हैं और सोयाबीन ब्लॉक के लिए 700 हेक्टेयर का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह, उप कृषि निदेशक एस के उत्तम, और डीएचओ प्रशांत निरंजन समेत अन्य संबंधित अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

## विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में शिथिलता नहीं करेंगे बर्दाश्त-कुमुदेंदु

**- नवागंतुक मुख्य विकास अधिकारी ने चार्ज लेने के बाद बताई प्राथमिकताएं**



नये सीडीओ कुमुदेंदु कलाकर सिंह

**उरई(जालौन)।** शासन की मनसा अनुसार जो भी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है वह पूरी ईमानदारी और पारदर्शी के साथ हो सके और उनका लाभ जरूरतमंदों को दिलाया जा सके साथ ही गोवंश संरक्षण कृषि क्षेत्र के संवर्धन और पशुपालन को बढ़ावा देना उनकी प्राथमिकता का हिस्सा है और वह शासन की मनसा अनुसार जो भी जिम्मेदारियां उन्हें सौंपी गई है उनका पालन वह पूरी पारदर्शिता के साथ करेंगे शासन की योजनाओं के पात्रों को उनका हक दिलाया जा सके इसके लिए वह सदैव तत्पर रहेंगे। विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी तरह की शिथिलता को वह कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे उनका यही प्रयास रहेगा की सभी विकास योजनाएं बेहतर ढंग से क्रियान्वित हो सके और इनका लाभ प्रत्येक जरूरतमंद को पूरी तत्परता और पारदर्शिता के साथ दिलाया जा सके।

जनपद के नए मुख्य विकास अधिकारी के तौर पर आए कुमुदेंदु कलाकर सिंह ने चार्ज ग्रहण करने के उपरांत बातचीत में यह बात कहीं इससे पूर्व उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र श्रीवास के स्थान पर चार्ज ग्रहण किया निज कार्यालय में हुई मुलाकात के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि इससे पूर्व जनपद पीलीभीत में मुख्य विकास अधिकारी के तौर पर अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन कर चुके है साथ ही कानपुर जनपद में भी वह परियोजना निदेशक के पद पर जिम्मेदारियां निभा चुके हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन द्वारा जो भी विकास कार्य और योजनाओं का संचालन किया जा रहा है उनके क्रियान्वयन में तेजी लाना साथ ही उन्हें पूरी पर दस्त के साथ आम जनमानस के हितों से जोड़ना उनका दायित्व है और वह इस दायित्व के निर्वहन में किसी भी तरह की कोई शिथिलता बर्दाश्त नहीं करेंगे उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं में जनपद में गोवंश संरक्षण के साथ-साथ कृषि के क्षेत्र में किसानों को अधिक से अधिक लाभान्वित कराए जाने वाली योजनाओं से उन तक विकास को पहुंचाना तथा पशुपालन को बढ़ावा देना मुख्य रूप से है और इन सब कार्यो के साथ वह इस बात पर सर्वाधिक जोर देना पसंद करेंगे की इन सब योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी तरह की कोई हीला हवाली देखने को ना मिले जन शिकायतों के निस्तारण को लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने यह भी साफकर दिया कि आम जनता की समस्याएं समय पर निस्तारित हो और जनमानस को पूरी तरह से राहत पहुंचाई जा सके इस दिशा में वह खुद के साथ-साथ अपने अधीनस्थों को भी सक्रिय रखने का प्रयास करेंगे।

## खबर एक नज़र

### ज्येष्ठ माघ के आखिरी मंगल को कालपी नगर में हुये जगह-जगह भंडारे



**कालपी(जालौन)।** नगर में स्थित मां सिद्धिदात्री मंदिर के परिसर में ज्येष्ठ माघ के आखिरी मंगलवार को हनुमान जी के पूजन के साथ भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। भक्तों को प्रसाद के रूप में पूड़ी-सब्जी, हलवा, लड्डू, मीठा शरबत का वितरण किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में भक्तों ने हिस्सा लिया। धार्मिक मान्यता के मुताबिक ज्येष्ठ माघ के आखिरी मंगल का बहुत ही अधिक महत्व है। ज्येष्ठ माघ के मंगल के पावन अवसर पर सुबह से ही भारी संख्या में भक्तगण मां सिद्धिदात्री मंदिर के परिसर में एकत्रित हो गये। पालिकाध्यक्ष अरविंद यादव ने कहा कि हनुमान जी सभी के दुखों का हरण करने वाले है। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों ने आपसी सद्भाव बना रहा है, बाबा के भक्तों के साथ यतेंद्र रजावत तथा आशीष चतुर्वेदी के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों ने जमकर प्रसाद चखा। इस अवसर पर बाबा के नारे गूंजमायन होते रहे। इसके साथ ही नगर के विभिन्न स्थानों में भंडारो का आयोजन किया गया, जहां भक्तों ने जमकर प्रसाद चखा।

### मदारीपुर में नौ कुंडीय सतचण्डी महायज्ञ की निकाली गई भव्य कलश शोभा यात्रा

कुठौंद(जालौन)। विकासखंड कुठौंद की ग्राम पंचायत मदारीपुर की बड़ी माता मंदिर पर नौ कुंडीय सतचण्डी महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत महापुराण की आज 9 जून दिन सोमवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। भव्य एवं विशाल कलश यात्रा में बैंड बाजे व डीजे के साथ हजारों की संख्या में महिलाओं एवं पुरुषों ने भाग लिया।भक्तों ने बैंड बाजे व डीजे की धुन पर नृत्य करते हुए जय श्री राम के जयकारों के साथ कलश यात्रा का शुभारंभ किया।इस विशाल कार्यक्रम में श्रीमद् भागवत महापुराण के कथा व्यास महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 जगन्नाथ पीठाधीश्वर महंत राघव दास जी महाराज अयोध्या धाम तथा यज्ञ आचार्य राघवेंद्र शुक्ला दिबियापुर तथा इस विशाल कार्यक्रम की आयोजक संत शिरोमणि श्री श्री 108 महंत श्री भरत मुनि महाराज सिरसा कलार व श्री श्री 1008 मंडलेश्वर श्री राघव दास जी महाराज संकट मोचन मंदिर दौन बिचौली व महंत श्री राम कुमार दास जी महाराज हनुमान मंदिर मदारीपुर के सानिध्य में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस विशाल कार्यक्रम की आयोजक श्री भरत मुनि महाराज ने बताया कि गणेश पूजन कलश यात्रा 9 जून दिन सोमवार तथा कथा प्रारंभ 10 जून दिन मंगलवार एवं कथा विराम 16 जून दिन सोमवार पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारा 17 जून दिन मंगलवार को होगा तथा कथा का समय दोपहर 3रू00 बजे से शाम 7रू00 तक उन्होंने बताया कि इस विशाल कार्यक्रम में प्रदेश के जाने-माने कलाकारों के द्वारा रामलीला का आयोजन भी किया जाएगा जो 11 जून से 15 जून तक होगा आयोजक श्री भरत मुनि महाराज ने बताया कि आए हुए साधु संतों के लिए ठहरने व भोजन प्रसादी की उचित व्यवस्था की जाएगी।इस मौके पर सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु लोग उपस्थित रहे।

## सनी सभासद के समर्थन में मोहल्लेवासियों ने डीएम कार्यालय परिसर में की नारेबाजी

**- सभासद की पत्नी संगीता बेलदार ने बताया पूर्व पालिकाध्यक्ष अनिल बहुगुणा से जान का खतरा**

**- झूठी कहानियां बनाकर व्यापार मंडल का गलत इस्तेमाल कर रहे बहुगुणा**



उरई : सनी सभासद के समर्थन प्रदर्शन करते वार्डवासी।

**उरई(जालौन)।** मंगलवार को मोहल्ला उमरारखेरा निवासिनी संगीता पत्नी सनी बेलदार सभासद के साथ बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी पहुंचे जहां पर उन्होंने डीएम कार्यालय के बाहर नारेबाजी करते हुये एक ज्ञापन जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को संबोधित सौंपा जिसमें कहा गया कि यदि मेरे पति या परिवार की जानमाल का खतरा नजर आ रही है ऐसी स्थिति में यदि किसी भी प्रकार की कोई अनहोनी घटना घटित होती है तो इसके लिये पूर्व पालिकाध्यक्ष अनिल बहुगुणा, उनका पुत्र शिवम बहुगुणा, विशाल गुप्ता आदि जिम्मेदार होंगे।

डीएम व एसपी को संबोधित दिये गये ज्ञापन में संगीता पत्नी सनी बेलदार ने बताया कि तीन वर्ष पूर्व अनिल बहुगुणा के पुत्र शिवम गुप्ता व उसके साथ अरुण गुप्ता, वीरू इटौदिया, विवेक गुप्ता, अशोक सोनी ने घर में घुसकर मेरे साथ बुरी नियत के साथ मारपीट की थी जिसकी रिपोर्ट मैंने उरई कोतवाली में दर्ज करायी थी। जिसका मुकदमा आज भी न्यायालय में चल रहा है। इसी रंजिश की वजह से पूर्व पालिकाध्यक्ष अनिल बहुगुणा के दबाब में व्यापारी वर्ग मेरे पति को झूठा फंसाना चाह रहे हैं। जबकि मेरे पति के साथ विशाल गुप्ता पुत्र रामबाबू गुप्ता निवासी रामनगर उरई व उसके साथ अनिल बहुगुणा व अन्य व्यक्तियों ने मेरे पति को बहुत बेइज्जत किया और मां-बहिन की गालियां दी तथा मामले में तपसिया करने को लेकर कई लोग आये थे। दो दिन पूर्व ही जगदीश तिवारी, पुष्पेंद्र जो कि भाजपा के बड़े नेता वह भी लगातार पैरवी कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में मेरे पति सनी बेलदार पर जनमाल का खतरा नजर आ रहा है। इस तरह के गंभीर खतरे को देखते हुये अपनी और अपने परिवार की जानमाल की सुरक्षा आवश्यकता है। पूर्व पालिकाध्यक्ष अनिल बहुगुणा आये दिन झूठी कहानियां बनाकर व्यापार मंडल का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। संगीता का कहना था कि मेरे पति व मेरे परिवार को किसी भी प्रकार का कोई भी जानमाल की हानि होती है तो पूर्व पालिकाध्यक्ष अनिल बहुगुणा, उनके पुत्र शिवम बहुगुणा, विशाल गुप्ता पुत्र रामबाबू जिम्मेदार होंगे। संगीता ने डीएम व एसपी को दिये ज्ञापन में परिवार को उचित सुरक्षा दिलाये जाने की भी मांग की है ताकि वह शांतिपूर्ण तरीके से जीवन ज्ञापन कर सके। इस दौरान विद्या, संतोषी, सुनीता, सीता, कमलेश, सुमन, विक्की, दौलत सिंह, पर्वत, संतराम, ममता, प्रशांत, राजो, गोलू, देशराज वर्मा, राज, आकाश, नंदराम, राकेश, जगदीश, वीर, गोविंद, रामकुमार, प्रवीण कुमार, राहुल, नरेश सहित अनेकों मोहल्लेवासी साथ में थे।

## खराब पड़े वाटर कूलर को ठीक कराए जाने के लिए एस डी एम को दिया पत्र

कोंच(जालौन)। वार संघ कोषाध्यक्ष शशांक श्रीबास्तव ने दिन मंगलवार को उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह को एक पत्र सोंपते हुए बताया कि मुंसिफ न्यायालय परिसर के पास लगा वाटर कूलर ख्याब पड़ा है जिसकी सूचना कईबार दी जा चुकी है लेकिन कोई भी कार्यवाही नही हुई है कोषाध्यक्ष ने एस डी एम से जनहित में पेयजल आपूर्ति हेतु वाटर कूलर को अतिशीघ्र ठीक कराए जानी की मांग की है।

## अकादमी पुरस्कार हेतु 15 जून तक करें नामांकन-डीएम



**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने अवगत कराया है कि निदेशक उत्तर प्रदेश संगीत नाट अकादमी, संस्कृति विभाग के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी लखनऊ द्वारा वर्ष 2022, 2023, एवं 2024 के लिए अकादमी पुरस्कार हेतु निर्धारित नियमावली के अनुसार नामांकन प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं, अकादमी पुरस्कार के लिए उत्तर प्रदेश के निवासी ऐसे विशिष्ट कलाकारों के नामों पर विचार किया जाएगा, जिसने उत्तर प्रदेश में जन्म लिया हो और विगत 10 वर्ष से प्रदेश, देश व विदेश में कहीं भी कला सेवा में रत हो अथवा उसने प्रदेश के बाहर जन्म लिया हो परन्तु उसने पुरस्कार के लिए विचार किये जाने वाले वर्ष से पूर्व कम से कम एक दशक तक निरन्तर उत्तर प्रदेश में रहकर संगीत, नृत्य एवं रंगमच के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान किया हो। पुरस्कार हेतु गायन, वादन, नृत्य, रंगमंच समीक्षा, लेखन, कला उननयन एवं कला छायांकन आदि विधाएं निर्धारित हैं। इन विधाओं में रुचि रखने वाले महानुभाव 15 जून तक अपना नामांकन उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी लखनऊ को जिला सूचना कार्यालय के माध्यम से भिजवाना सुनिश्चित करें।

## मुख्य विकास अधिकारी को जिला प्रशासन ने दी भावभीनी विदाई



ललितपुर। मुख्य विकास अधिकारी कमलाकांत पाण्डेय का जनपद बस्ती में ज्वाइंट कमिश्नर के पद पर स्थानान्तरण होने के उपलब्ध में कलैक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सभी अधिकारियों ने एक-एक कर उनके कार्यकाल पर प्रकाश डाला और उनके सहयोग व सहजता के बारे में अपने-अपने अनुभव साझा किये। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने अपने सम्बोधन में कहा कि उन्होंने पूर्व में भी मुख्य विकास अधिकारी के साथ कार्य किया है, वहां वह पीडी के पद पर तैनात थे, उन्होंने कभी आराम नहीं किया है, हमेशा मेहनत और दूरदर्शिता के साथ कार्य करते हैं, जिले में तीन विंग- विकास, राजस्व और पुलिस विंग ने आपसी समन्वय के साथ कार्य किया है, जिसका श्रेय मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी और पुलिस विभाग को जाता है व हम सभी आशा करते हैं कि आप जहां रहें, अपने मार्गदर्शन से विकास के नये-नये आयाम स्थापित करें और स्वस्थ्य रहें। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अंकुर श्रीवास्तव ने कहा कि मुख्य विकास अधिकारी ने अपने कार्यकाल में जो कार्य किये हैं, वह आज हम सभी धरातल पर देख रहे हैं व सबसे महत्वपूर्ण बात उनकी सहजता और सरलता है, वह जिस तरह से हर एक अधिकारी और कर्मचारी से कार्य कराते हैं, वह अद्भुत है, आज तक किसी को कार्य करने में बोझ या तनाव महसूस नहीं हुआ है व हमेशा हर समस्या का हंसकर सामना किया है और कभी कोई समस्या अपने अधीनस्थों पर नहीं आने दी व आपका मार्गदर्शन हमेशा हम सभी को प्रेरणा देता रहेगा। अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने कहा कि मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद में अनेकों विकास कार्य कराये हैं, जो आज जिले के अधिकारी और जनता के सामने हैं। नवागंतुक मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान ने कहा कि आज बहुत अच्छा अवसर है कि सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से एक साथ मिलने का अवसर मिला है, उन्होंने बताया कि निवर्तमान सीडीओ से एक घण्टे की मुलाकात में ही उनके द्वारा जिले की पूरी पृष्ठभूमि और प्रशासनिक व्यवस्था के बारे में पूरी जानकारी दी है व यह उनकी उत्कृष्ट कार्यकुशलता को दर्शाता है, उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी के निर्देशन और उनके नेतृत्व में सभी विकास कार्य तीव्र गति से कराये जायेंगे। कार्यक्रम के अंत में निवर्तमान मुख्य विकास अधिकारी कमलाकांत पाण्डेय ने कहा कि उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि राजनैतिक रही है, इसलिए वह लोगों की समस्याओं को भलीभांति समझते हैं व सरकारी सेवाओं में आने से पहले वह अधिकतर लोगों के बीच रहा करते थे और उनकी समस्याओं पर चर्चा करते थे, उनकी पहली नियुक्ति के दौरान उनके बड़े भाई और उनके सहकर्मियों ने उनका बहुत साथ दिया, उन्होंने अधिकांश कार्य अपने परिवारजनों और सहकर्मियों से सीखा व जिलाधिकारी के उत्कृष्ट निर्देशन और नवाचार की सोच से जनपद में अनेकों विकास कार्य करने का मौका मिला है, इसी का परिणाम है कि जिले में खेल मैदान, नदी नालों का पुनरुद्धार, पार्क, अमृत सरोवर, मियावाकी वृक्षारोपण जैसे नवाचार आज धरातल पर दिखायी दे रहे हैं, हम जितना सरल और सहज होकर कार्य करते हैं, परिणाम उतने ही सकारात्मक आते हैं। इसके उपरान्त जिलाधिकारी सहित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों ने मुख्य विकास अधिकारी का माल्यार्पण, स्मृति चिन्ह व अन्य उपहार भेंट कर उनका सम्मान किया और उन्हें भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, पीडी डीआरडीए, डीसी मनरेगा, डीसी एनआरएलएम, जिला विकास अधिकारी, सभी खण्ड विकास अधिकारी, डीएफओ, डीआईओएस, डीएसओ, डीपीओ सहित राजस्व व विकास विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आत्मविश्वास नेतृत्व क्षमता और सामाजिक चेतना का विकास करता है रंगकर्म -पारस

**- नाटक, गीत और नृत्य के अभ्यास में हर रोज़ नए रंग भर रहे इप्टा रंगकर्मी**



उरई : नृत्य सीखती बच्चियां।

**कोंच(जालौन)।** न्यू सिटी सूरज ज्ञान मॉडर्न पब्लिक स्कूल में भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) इकाई कोंच द्वारा आयोजित 25 वीं निशुल्क बाल एवं युवा रंगकर्मी नाट्य कार्यशाला में बच्चों और युवाओं के बीच नाटक, संगीत एवं नृत्य की विधाओं का उत्साहपूर्वक अभ्यास जारी है। कार्यशाला का उद्देश्य युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर उनमें छिपी रचनात्मकता को उजागर करना है।

कार्यशाला का शुभारंभ इप्टा गीत ष्बजा नगाड़ा शांति काष् से हुआ, जिसने समूचे वातावरण को ऊर्जा और उद्देश्य से भर दिया। इसके पश्चात प्रतिभागियों ने सामाजिक सरोकारों से जुड़ा प्रसिद्ध नाटक षाड्राष'का अभ्यास कर रंगमंच की बारीकियों को सीखा और अभिव्यक्ति की कला में निपुणता प्राप्त करने की दिशा में कदम बढ़ाया। वही नाटक निर्भया के माध्यम से समाज की उस सोच की जमकर बखेड़िया उधेड़ी जिसमे यह कहा जाता कि महिलाओ से जुड़े कुछ अपराध छोटे कपड़ो के कारण होते।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की कड़ी में स्वागत गीत ष्जो उनके आने की आहट है, गरीब खाना सजाया हमनेष् की भी सशक्त रिहर्सल की गई, जिसमें भाव, स्वर और संगीत का समन्वय देखने लायक था इसके साथ ही चिट्ठी न कोई संदेश जाने कौन सा है वो देश जंहा तुम चले गए की रिहर्सल ने भी भाव विभोर कर दिया। इसके साथ ही प्रांतीय सचिव डॉ मुहम्मद नईम बॉबी एवं इप्टा अध्यक्ष अनिल कुमार वैद के दिशा-निर्देशन में अन्य गतिविधियों के माध्यम से रंगकर्मियों ने अपनी प्रतिभा को उकेरा। वही मास्टर क्लास में इप्टा सचिव पारसमणि अग्रवाल ने कहा कि रंगमंच केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने वाला सशक्त माध्यम है। आज जब सामाजिक विषमताएं और संवेदनहीनता बढ़ रही हैं, तब नाटक जनमानस को जागृत करने का कारगर औजार बन सकता है। रंगकर्म व्यक्ति में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक चेतना का विकास करता है।

कार्यशाला के संयोजन में अहम भूमिका निभा रही साहना खान एवं कोमल सिंह ने भी रंगकर्म के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी के लिए ऐसे आयोजनों का होना अत्यंत आवश्यक है। इप्टा पदाधिकारी अंकुर राठौर और यूनिस मंसूरी ने भी रंगकर्मियों को सम्बोधित कर इप्टा से जुड़े अपने अनुभव बताते हुए कहा कि कार्यशाला में प्राप्त अनुभव निश्चित ही प्रतिभागियों के व्यक्तित्व विकास में सहायक होंगे और भविष्य में उनके रंगमंचीय सफर की मजबूत नींव बनेंगे। कार्यशाला में प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को अभिनय, स्वर, संवाद, शारीरिक भाषा, मंच संचालन, नाट्य संरचना एवं भाव-प्रस्तुति की विधियां व्यावहारिक रूप से सिखाई जा रही हैं।

इस अवसर पर सूफिया मंसूरी, गौरांगी व्यास, मान्या, अंशिका, दीप्ति द्विवेदी, उन्नति सोनी, काजल दुवे, उन्नति दुवे, हर्षिका यादव, सौम्या झा, अवंतिका सोनी, परी कुशवाहा, अनुभा पटेल, सोफिया, आराध्या गुप्ता, पलक, छाया, सौम्यल्या मंसूरी, आयत मंसूरी, अलीशा, नैना सोनी, आर्या मयंक, प्रमिषा, श्रेया अग्रवाल, सृष्टि अग्रवाल, अक्षिता कुशवाहा, कृतिका कुशवाहा, शिवन्या पटेल, भव्या वर्मा आदि रंगकर्मी उपस्थित रहे।

## बहादुर सैयद अमृत सरोवर को फिर से जल से लबालव करने की कवायद

कालपी(जालौन)। लगातार भीषण गर्मी के मौसम के कारण तालाबों तक का पानी सूख रहा है। इसी को दृष्टिगत रखते हुये बहादुर सैयद तालाब अमृत सरोवर को नगर पालिका परिषद के द्वारा निकटवर्ती प्राइवेट निजी तालाब से स्वच्छ जल से लवालव करने की योजना तैयार की गई है।

उल्लेखनीय हो कि प्राचीन कर्बला के मैदान में वार्ड नंबर 23 में नगर पालिका परिषद कालपी के द्वारा वर्ष 2021-22 के बजट में बहादुर सैयद तालाब अमृत सरोवर का निर्माण कराया गया था। चूंकि काफी उपयोग करने के बाद अमृत सरोवर का पानी गंदा हो गया था। पिछले महीने पप्पू सभासद, बरकत सभासद, लिपिक शिशुपाल सिंह यादव पप्पी, लिपिक सरफराज खान आदि लोगों के साथ नगर पालिका के अध्यक्ष अरविंद यादव तथा अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला ने कर्बला क्षेत्र का निरीक्षण करके बहादुर सैयद अमृत सरोवर की हकीकत को देखा था।

## जिला सैनिक बंधुओं की बैठक सम्पन्न



ललितपुर। भूतपूर्व सैनिकों, आश्रितों एवं उनकी विधवाओं को जिला स्तरीय समस्याओं के निस्तारण हेतु जिला सैनिक बंधुओं की बैठक का आयोजन जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं की सुनवाई सम्पन्न हुई। कर्नल आशीष अहलूवालिया ने जिलाधिकारी एवं विभागों से आये अधिकारियों, प्रतिनिधियों का आभार प्रकट किया व केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित लाभकारी योजनाओं से भूतपूर्व सैनिकों, दिवंगत सैनिकों की पत्नियों एवं आश्रितों को अवगत कराया। जिलाधिकारी को पिछली सैनिक बन्धु बैठक में आई शिकायतें लम्बित, निस्तारण के बारे में अवगत कराया गया व जिलाधिकारी ने लम्बित प्रकरणों से संबंधित विभागों के अधिकारियों को अतिशीघ्र निस्तारण का आदेश दिया एवं सभी भूतपूर्व सैनिकों को जल्दी समस्या समाधान हेतु भरोसा दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि भूतपूर्व सैनिकों, आश्रितों एवं उनकी विधवाओं को सैनिक बन्धु बैठक में आकर अपनी समस्याओं से अवगत करायें एवं उन्होंने आश्वासन दिया कि समस्याओं का निस्तारण, समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा।

# पौध लगाने का डीएम ने दिया टारगेट

- जनपद में रोपे जाएंगे 64 लाख से अधिक वृक्ष
- छायादार के अलावा फलदार वृक्षों के लगाने का डीएम ने दिया टास्क


बांदा : बैठक लेती डीएम ।

**बांदा।** जनपद में पौधारोपण को लेकर डीएम ने अधिकारियों को टारगेट साफ कर दिया है। उन्होंने निर्देश दिए है कि पूरे जनपद में 64 लाख 90 हजार पौध लगाए जाएंगे। जिसमें छायादार के अलावा फलदार पौध भी शामिल रहेंगे। डीएम ने आयोजित बैठक में निर्देशित किया है कि पौधरोपण की तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं।

जिलाधिकारी जे0 रीभा अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा समिति/जिला पौधरोपण समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी जे0 रीभा ने सभी संबंधित अधिकारियों को गड्ढे की खुदाई का कार्य समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि जनपद में 64 लाख 90 हजार पौध का रोपण किया जाना है। उन्होंने अधिशासी अधिकारियों, परिवहन, रेलवे, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि दो प्रकार के पौधों का रोपण करें, जिसमें फलदार पौध एवं अन्य पौध रोपित किए जाएंगे। उन्होंने जिला वनाधिकारी को मांग के अनुसार पौध की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी पीएचसी/सीएचसी व विद्यालयों में पौधारोपण के साथ ग्रीन चौपाल भी कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने केन नदी के किनारे एवं चिन्हित स्थानों पर पौधारोपण की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। उन्होंने जिला उद्यान अधिकारी को फलदार पौधों की पौध की उपलब्धता सुनिश्चित रखना के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि समस्त विकास खण्डों, तहसीलों एवं ग्राम स्तर पर यह पौधारोपण किया जाएगा। जिलाधिकारी जे0 रीभा ने कहा कि पौधारोपण के कार्य में लापरवाही बिल्कुल बर्दास्त नहीं की जाएगी।

अगर कार्य में शिथिलता बरती गई तो वह कार्यवाही सुनिश्चित करेंगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडे, जिला विकास अधिकारी, जिला वनाधिकारी अरविंद कुमार सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# दोस्त को मौत के घाट उतारने वाला अपराधी गिरफ्तार

**चित्रकूट ब्यूरो:** बीते शनिवार को शहर के शंकर बाजार स्थित पावर हाउस के पास शराब पार्टी के दौरान दोस्तों के बीच गोली चलने से हुई युवक की मौत के मामले में पुलिस ने गोली चलाने वाले आरोपी को घटना में प्रयुक्त तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया।

कर्वी कोतवाली प्रभारी उपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि बीते सोमवार को प्रेमशंकर पुत्र पुनीवा निवासी मुलायम नगर ने कोतवाली कर्वी में सूचना दी कि बीते सात जून शनिवार को उसका पुत्र पारस वर्मा अपने दोस्तों के साथ पावर हाउस के पास बैठा था। इस दौरान मैकू केवट उर्फ रामशरण निषाद निवासी रानीपुर भट्ट कोतवाली कर्वी वहां पर आ गया और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर तमंचे से फायर कर दिया। जिससे उसके पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। बताया कि इससे पूर्व भी मैकू ने उसके पुत्र को लाठी-डण्डों से मारा था, जिससे उसका हाथ फ्रैक्चर हो गया था। इस सूचना पर कोतवाली कर्वी में आरोपी के विरुद्ध सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। साथ ही आरोपी की गिरफ्तार के लिए पुलिस टीम को लगाया गया।

आरोपी की गिरफ्तारी के लिए की जा रही कार्यवाही के क्रम में मंगलवार को चौकी प्रभारी गल्ला मण्डी समिति विवेक कुमार सिंह व उनकी टीम उपनिरीक्षक हर्षित मिश्रा व आरक्षी शिवपूजन यादव द्वारा हत्या के आरोपी मैकू केवट को रानीपुर भट्ट में एक तालाब के पास से गिरफ्तार किया गया। पूंछतांछ करने पर आरोपी ने बताया कि वह पावर हाउस के पास खेत में अपने दोस्त पारस के साथ बैठकर पार्टी कर रहा था, इस दौरान आपस में हुए विवाद के कारण उसने तमंचे से पारस पर फायर कर दिया और मौके से भाग गया।

आरोपी के निशानदेही पर बन्धोइन देवी मन्दिर के पीछे झाडियों के पास से घटना में प्रयुक्त तमंचा भी बरातद किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी मैकू केवट के विरुद्ध कोतवाली कर्वी में आधा दर्जन से अधिक मामले पंजीकृत है।

# पुलिस के हत्थे चढ़े तीन अभियुक्त


बांदा : बैठक को ।

- गिरफ्तार करने के बाद अभियुक्तों को भेजा गया जेल
- एसपी के निर्देशन पर जिले में अनवरत जारी है धरपकड़ अभियान

**बांदा।** एसपी के निर्देशन पर चल रहे अभियान के क्रम में थाना पुलिस ने अलग-अलग तीन अभियुक्तों को पकड़ा है। गिरफ्तार करने के बाद सभी अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा विभिन्न अभियोगों में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बांदा पुलिस द्वारा 01 वारंटी अभियुक्त तथा कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर सम्बन्धित न्यायालय पेश किया गया। थाना तिंदवारी पुलिस द्वारा प्रमोद पटेल पुत्र भूपत निवासी जसईपुर थाना तिंदवारी को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष सुरेश कुमार सैनी ने बताया कि अभियुक्त प्रमोद पटेल पिछले काफी समय से वांछित चल रहा था। जिसकी पुलिस द्वारा निरंतर तलाश की जा रही थी। कहा कि सूचना पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार करने के बाद अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है। इसी तरह थाना गिरवां पुलिस द्वारा अभियुक्त श्यामसुन्दर पुत्र सिद्धराम निवासी हुसैनपुर खुर्द थाना गिरवां तथा राकेश कुमार पुत्र सुखदयाल निवासी हुसैनपुर खुर्द थाना गिरवां को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। गिरवां थानाध्यक्ष सीपी तिवारी ने बताया कि अभियुक्त पिछले काफी समय से वांछित चल रहे थे। जैसे ही उनके मौजूद होने की सूचना मिली तो तत्काल अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार करने के बाद अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है।

## खबर एक नज़र

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

हमीरपुर। बैंको के जमा ऋण अनुपात में सुधार के उद्देश्य से बैंकर्स के साथ जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट स्थित डा. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कक्ष में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि केन्द्र तथा प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से संबंधित ऋण प्रकरणों तथा भारतीय स्टेट बैंक एवं पंजाब नेशनल बैक के सीडी रेसियो खराब होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं में बैंकों द्वारा प्राथमिकता के साथ ऋण दिया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता न बरती जाए अन्यथा संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार समर्थित विभिन्न योजनाओं में जानबूझकर ऋण न देने वाले बैंकर्स पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी बैंकर्स अपनी कार्यशैली को सकारात्मक करके सरकार की मंशानुरूप कार्य करे। जिलाधिकारी ने स्वरोजगार संबंधी योजनाओं के लंबित प्रकरणों पर बैंकर्स को समयबद्ध ढंग से निर्णय लेकर नियमानुसार पेंडेंसी को निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन के अन्तर्गत गठित स्वयं सहायता समूह को सीसीएल करने हेतु सप्ताह में बृास्पतिवार के दिन निर्धारित किया जाए तथा रोस्टर बनाकर तथा स्वयं समूह की महिलाओ को ऋण संबंधीं औपचारिकताएं पूर्ण करने हेतु बार-बार बैंक के चक्कर न लगवाया जाए। सभी औपचारिकताएं एक बार में पूर्ण कर ली जाए। उन्होने उपायुक्त उद्योग को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना को लक्ष्यपूर्ति करने के निर्देश दिए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, डीसीएआरएलएम, सहायक महाप्रबंन्धक एसबीआई, जिला प्रबन्धक नाबार्ड, जीएमडीआईसी, एलडीएम व बैंकर्स सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पिता ने कहा मेरी बेटी एवं नाती को जिंदा जलाया है रिपोर्ट दर्ज करो

**स्वतंत्र भारत संवाददाता अतर्रा बांदा।** कस्बा के देबिन नगर मुहल्ला में रविवार की आधीरात को सुभम दीक्षित की पत्नी अनीता उर्फ अन्नू 9 माह के बेटे पार्थ के साथ संदिग्ध अवस्था में जलने से मृत्यु हो गई थी। मिली जानकारी के अनुसारमध्य प्रदेश छतरपुर जिला के बांसिया गांव निवासी शिवदत्त त्रिवेदी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बेटी अनीता उर्फ अन्नू की शादी अप्रैल 2022 में नरैनी कस्बा निवासी शुभम् पुत्र ब्रह्मप्रकाश दीक्षित के साथ हिन्दू रीति रिवाज से की थी। शादी में पति शुभम् एसास सुनीताए व ननद पूजा द्वारा मागा गया दहेज में साढ़े तीन लाख नगदए एक लाख का समान व एक लाख का जेवर दिया गया था।ससुराल पक्ष द्वारा कार की मांग कर रहे थे प्रार्थी देने में असमर्थ था कार न देने पर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित कर मायके से रुपया मंगाने का दबाव बनाते थे और उसकी जमीन का तीसरा हिस्सा बैनामा कराने के लिए दबाव बनाते थे। बैनामा न कराने पर पुत्री को मार डालने की धमकी देते थे । 9 जून की रात ससुराल पक्ष ने सूचना दिया कि तुम्हारी बेटी व नाती बेडरूम में आग लगाकर मर गए है । सूचना पर हम लोग नरैनी पहुंचे मौके पर देखा है कि किचेन से सिलेंडर को लाकर बेडरूम में रख दिया और आग लगाकर दोनों को हत्या कर दी गई । पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग किया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम मोहन राय ने बताया मायके पक्ष द्वारा तहरीर मिल गई है मुकदमा दर्ज किया जायेगा।

### नए तहसीलदार ने संभाली कमान

**स्वतंत्र भारत संवाददाता अतर्रा बांदा।** किसानों एवं अधिवक्ताओं सहित आम जनमानस के फरियादियों का सही कार्य को न करना तथा कार्यों के बदले सुविधा शुल्क लेकर कार्य को लटकाए रहना यह एक फितरत बन गई थी सतीश कुमार वर्मा तहसीलदार की । मिली जानकारी के अनुसार भ्रष्ट सतीश कुमार वर्मा तहसीलदार का स्थानांतरण नरैनी तहसील के लिए हो गया। तथा नरैनी के तहसीलदार संतोष कुमार कुशवाहा को अतर्रा तहसील की कमान जिलाधिकारी बांदा जे रीभा के द्वारा दी गई है। देखना यह दिलचस्प होगा की नौगंतुक तहसीलदार की कार्य शैली आम जनमानस के हित में होगा या नहीं अभी कुछ कहा नहीं जा सकता।

# जीआरपी के हत्थे चढ़े दो चोर

- चोरों के कब्जे से चोरी का माल हुआ बरामद
- ट्रेन में यात्रियों के साथ देते थे वारदात को अंजाम



बांदा : चोरी के माल के साथ पकड़े गए चोर ।

**बांदा।** जीआरपी पुलिस ने ट्रेन में चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को पकड़ा है। जिनके कब्जे से चोरी का माल भी बरामद हुआ है। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने अभियुक्तों को जेल भेज दिया है।

पुलिस अधीक्षक रेलवे अनुभाग झांसी विपुल कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में ट्रेन/प्लेटफार्म पर चोरी/लूट/जहर खुरानी की घटनाओ पर अंकुश लगाये जाने हेतु निरन्तर चल रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपाधीक्षक रेलवे अनुभाग झांसी शोहराब आलम के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक जीआरपी नवेन्दु शेखर अग्निहोत्री द्वारा उच्चाधिकारीगणो के आदेश निर्देश के क्रम में थाना जीआरपी पुलिस टीम द्वारा विगत कई दिनों से चोरी के मुकदमो में यात्रियों के चोरी गये सामान व मोबाइल फोनों को बरामद करने के उद्देश्य से टीमें लगी हुयी थी, जिसमें जीआरपी पुलिस टीम के अथक प्रयासों से मंगलवार को माल गोदाम के आगे रेल पटरी के किनारे से बहद रेलवे स्टेशन से 02 शातिर चोरों क्रमशः रिशाल पुत्र मुन्ना निवासी ग्राम ककरायी थाना गोपीगंज जनपद भदोही उम्र करीब 25 वर्ष, शिवा पुत्र छोटेलाल कंजड निवासी बडा मलदईया थाना मडुआडींह जनपद बनारस (वाराणसी) उ0प्र0 उम्र करीब 24 वर्ष व हालपता दालमण्डी के पास झोपड पट्टी में थाना दारागंज जिला प्रयागराज उ0प्र0 को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें से अभियुक्त रिशाल उपरोक्त के कब्जे से 01 एक अदद मोबाइल फोन व 500 रुपये नगद बरामद हुए। अभियुक्तगण शिवा उपरोक्त, रिशाल उपरोक्त दोनो व्यक्ति शातिर किस्म के अपराधी है, अभियुक्तगण उपरोक्त रेलवे स्टेशन बाँदा व आस पास के रेलवे स्टेशनो पर आने जाने वाली ट्रेनों से से यात्रियो के कीमती सामान व मोबाइल फोन आदि चोरी करते है। पुलिस ने डॉक्टरी परीक्षण के बाद अभियुक्तों को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक नवेन्दु शेखर अग्निहोत्री, मुख्य आरक्षी सन्दीप कुमार, आरक्षी कृष्णकान्त, कामता सिंह, अंकित यादव शामिल रहे।

## जिले में ग्रामीण तथा नगर क्षेत्र पर संचालित शराब की दुकानों से प्रिंट रेट से अधिक दामों में बेची जा रही है शराब

**महोबा।** जनपद में आबकारी विभाग की उदासीनता का परिणाम यह है कि शराब की दुकानों में प्रिंट रेट से अधिक दामों में शराब धड़ल्ले से बेची जा रही है और विभाग मौन साधना धारण किए हुए है। कबरई थाना क्षेत्र अंतर्गत कंपॉजिट दुकान नंबर 2 का मामला है। फूलचंद्र पुत्र कल्लू अहिरवार निवासी आजाद नगर कबरई ने थाना प्रभारी कबरई को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है जिसमें बताया गया है कि 7 जून 2025 को रात्रि करीब 9 बजे उसका भाई अनिल पुत्र कल्लू अहिरवार कंपॉजिट दुकान नम्बर.2 बाँदा तिराहा में एक क्वार्टर शराब लेने गया था जहाँ सेल्समेन अंकित खटीक पुत्र लल्ला खटीक निवासी विशाल नगर कबरई उससे प्रिंट रेट से 20 रुपये अधिक यानि 180 कि जगह 200 रुपये मांगने लगा स भाई अनिल के विरोध करने पर सेल्समेन अंकित ने अज्ञात सहयोगी सेल्समेन के साथ मिलकर बुरी बुरी गलियां देते हुए बुरी तरह लात जूतों से मारा पीटा तथा जोर का धक्का देकर गिरा दिया जिससे अनिल के पैर में गंभीर छोट आयी है। साथ ही कही शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित ने अपना प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कबरई में करवाया है। पीड़ित ने कबरई पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।

# बैठक कर एसपी ने सुनी पेंशनर्स की समस्याएं



**चित्रकूट ब्यूरो:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक चैंबर में पुलिस पेंशनर्स की बैठक आयोजित की गई। जिसमें एसपी ने पेंशनर्स की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित को निस्तारण के लिए निर्देशित किया।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पुलिस पेंशनर्स की समस्याओं पर चर्चा करते हुए सभी से कानून व्यवस्था को बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। एसपी ने सभी पेंशनर्स को स्वास्थ्य बीमा योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही कानूनी सहायता व शिकायत निवारण तंत्र की जानकारी भी दी। इस दौरान पुलिस पेंशनर्स ने अपनी समस्याएं और अनुभव साझा किए। एसपी ने पेंशनर्स की समस्याओं को नोट कर और उनके समाधान के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया। साथ ही पुलिस पेंशनर्स के बीच सहयोग और संवाद को बढ़ावा देने का प्रयास किया ताकि स्थानीय समस्याओं का समाधान किया जा सके।

# संवादात्मक और सहभागितापूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ समर कैंप




चित्रकूट ब्यूरोः राज्य परियोजना के निर्देशानुसार जनपद के समस्त उच्च प्राथमिक विद्यालय में बीती 21 मई से संचालित ग्रीष्मकालीन शिविर (समर कैंप) का मंगलवार का समापन किया गया। समापन दिवस के अवसर पर विद्यालयों में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

राजकीय बालिका इण्टर कॉलिज कर्वी में समर कैंप के समापन दिवस के अवसर पर मंगलवार को छात्राओं को योग और प्राणायाम कराया गया। इसके बाद विभिन्न वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन कर विजेता बच्चों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया गया। कॉलिज की प्रधानाचार्या शशिकला सिंह ने बताया कि समर कैंप में दिए गए विभिन्न विषयों के प्रशिक्षणों में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसके तहत छात्राओं को समूहों में बाँटकर संवादात्मक और सहभागितापूर्ण वातावरण तैयार किया गया। जिसमें छात्राओं ने अपने विचारों को साझा करने का अभ्यास किया। इसके साथ ही शारीरिक गतिविधियों योगा, रस्साकशी, रस्सीकूद आदि में उत्साह और जोश के साथ प्रतिभाग किया। कंप्यूटर शिक्षा के अंतर्गत छात्राओं को टाइपिंग, एमएस पेंट, गूगल टूल्स, ईमेल संचालन आदि बेसिक डिजिटल स्किल्स का प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा छात्राओं को विभिन्न कैरियर विकल्पों के बारे में बताया गया, जिससे वह अपने भविष्य को लेकर स्पष्ट योजना बना सकें। बताया कि कला और संस्कृति के क्षेत्र में छात्राओं को पारंपरिक कलाओं जैसे पेपर मैश, मिट्टी कला, मेंहदी, रंगोली, लोकगीत, लोकनृत्य और रंगमंच आदि का प्रशिक्षण भी दिया गया। इस मौके पर विद्यालय की शिक्षिका प्रज्ञा पाठक, चंद्रभागा सिंह आदि मौजूद रहीं।

इसी प्रकार पहाड़ी के उच्च प्राथमिक विद्यालय छछरिया खुर्द में भी समर कैंप के समापन दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। समर कैंप में खेल शिक्षक श्याम सुंदर यादव के नेतृत्व में बच्चों को विभिन्न विषयों का प्रशिक्षण दिया गया ।

## फर्जी दरोगा बनकर की गाली-गलौज डकैती घर में डालने की दी धमकी



**अतर्रा बांदा ।** कोतवाली के ग्राम तेरा ब का है जहां पीड़ित बद्री प्रसाद सोनी पुत्र रामप्रसाद ने बताया कि मेरी पुत्री की शादी दिनांक 05ण06ण2025 को थी उसी दिन पारिवारिक दबंग दीपक सोनी पुत्र हीरालाल सोनी निवासी कालिंजर रोड सुभाष नगर नरैनी का रहने वाला है उक्त व्यक्ति बारात वाले दिन मेरे घर शाम 8रू30 बजे आया और अंदर लड़की के कमरे में जाने लगा जब मैने उसे यह कहा कि उस कमरे में न जाओ लड़की तैयार हो रही है तो उक्त व्यक्ति ने गाली गलौज देना शुरू कर दिया और बोला मुझे अंदर जाने दो मुझे लड़की से मिलना है और वह लड़की के कमरे में घुस गया तभी मेरे छोटे भाई ने उसे जाकर पकड़ा तभी उसने मेरे भाई के 5000ते छीन लिया जब उक्त घटना को कई लोगों ने देखा तो दीपक सोनी को कई लोगों ने पहुंच कर और घसीट कर बाहर निकल दिया जिससे खुन्नस खाए दीपक सोनी ने वही पर धमकी दिया कि मैं तुम्हारे घर में डकैती डालूंगा और फर्जी मुकदमे लगा कर 1500000 ते वसूल करूंगा यह कहते हुए करीब 11 बजे वहां से चला गया उक्त घटना की सूचना मैने 112 को दिया था और 112 नंबर के माध्यम से पैसा 5000 वापस मांगा मगर नहीं दिया अगले दिन 06 जून को मेरे मोबाइल में फोन आया कि मैं नरैनी थाने सेैप् बोल रहा हु क्या मामला है क्यों तुम दीपक सोनी को परेशान कर रहे हो बात बात में उसने मुझे गाली दी और कहा अभी तो मैने 5000 लिया है देखना क्या हाल करता हु तब हम लोग समझ पाए कि फर्जीैप है इसके बाद उक्त व्यक्ति दीपक सोनी अलग अलग नंबरों से मुझे फोन कर कर गाली गलौज करता है जिसकी धमकी और गाली देने की रिकॉर्डिंग मेरे पास मौजूद है इस विषय में जब अतर्रा थाना कोतवाली के थानाध्यक्ष आनंद कुमार से बात की गई तो बताया कि इनका प्रार्थना पत्र मिला है जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी यह एक गंभीर मामला लगता है जिसमें दबंग लोगों द्वारा पीड़ित व्यक्ति को धमकाया और गाली गलौज किया गया है। पीड़ित व्यक्ति के पास रिकार्डिंग मौजूद होने से यह मामला और भी मजबूत हो जाता है। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि पुलिस और प्रशासन इस मामले में कैसे कार्रवाई करते हैं और पीड़ित व्यक्ति को न्याय मिलता है या नहीं। साथ हीए यह भी देखना होगा कि दबंग लोगों के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाती है!

# दृष्टि संस्था द्वारा कराया गया छह प्रज्ञा चक्षु जोड़ों का विवाह




**चित्रकूट ब्यूरोः** जिला मुख्यालय स्थित दृष्टि संस्था में मंगलवार को छह प्रज्ञा चक्षु जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया। जिनमें से पांच जोड़ों का विवाह हिंदू धर्म व एक जोड़े का विवाह क्रिश्चियन धर्म के रीति-रिवाज के अनुसार सम्पन्न कराया गया।

संस्था के संस्थापक शंकर लाल गुप्ता ने बताया कि नेत्रहीन युवक-युवतियों के विवाह की समस्या को देखते हुए सन् 2001 में अखिल भारतीय दिव्यांगजन सामूहिक विवाह सम्मेलन की शुरुआत की गई। जिसके बाद लगातार बीते 25 वर्षों से दृष्टि संस्था द्वारा नेत्रहीनों के सामाजिक पुनर्वास एवं उनको आत्मनिर्भर बनाने के लिए विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। बताया कि अभी तक संस्था द्वारा 204 जोड़ों का संस्था द्वारा विवाह कराया जा चुका है। जिनमें से अधिकांश जोड़े नौकरी पेशा हैं। साथ ह ीवह अपने परिवार के पालन कर्ता भी हैं। बताया कि इसी क्रम में मंगलवार को संस्था में छह प्रज्ञा चक्षु युवक-युवतियों का विवाह संपन्न कराया गया। जिसमें फतेहपुर की अरुणा का विवाह हमीरपुर के शिक्षक सुजान कुशवाहा के साथ, बांदा की रामलली का विवाह चित्रकूट के अरुण के साथ, जबलपुर की जया भारती का विवाह आगरा के विष्णु के साथ, जबलपुर की ही भारती का विवाह भावनगर गुजरात के बालकृष्ण के साथ, बिहार की काजल का विवाह दिल्ली के अमित के साथ और झारखंड की स्नेहलता तिग्गा का विवाह मुरैना के कालीचरण के साथ हुआ। बताया कि कार्यक्रम में पांच हिन्दू जोड़ों के साथ एक क्रिश्चियन जोड़े का विवाह भी क्रिश्चियन धर्म के रीति-रिवाज के अनुसार कराया गया। बताया कि वैवाहिक कार्यक्रम में मुख्य आचार्य की भूमिका श्रवण गुप्ता ने निभाते हुए वैदिक रीति के अनुसार विवाह संपन्न कराया। इसके साथ ही सभी जोड़ों को विवाह प्रमाण पत्र भी दिया गया। इस दौरान सभी नवविवाहित जोड़ों को समाजसेवियों व संस्था के सदस्यों ने उपहार भेंट किए। इस मौके पर जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, समाजसेवी बृजेश त्रिपाठी, संस्था के कोषाध्यक्ष पीडी गुप्ता, सदस्य अरुण कुमार, जवाहरलाल पटेल, वर्षा गुप्ता, शोभा गुप्ता, पंकज दुबे, बसंत लाल, रघुनाथ प्रसाद, राजेश शुक्ला, अरुण कुमार, रमा शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# डूड़ा विभाग के अधिकारी कर्मचारी हुए लापरवाह आए हुए फरियादियों की समस्या का समय से नहीं होता निदान

**महोबा ।** डूड़ा कार्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही से आमजन की समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। इस मुद्दे पर भाजपा के युवा नेता नरेंद्र मिश्रा ने आम जनता की समस्याओं को लेकर अपर जिलाधिकारी से मुलाकात की और उन्हें हालात से अवगत कराया।

कलेक्ट्रेट में अचानक पहुंचे नरेंद्र मिश्रा ने देखा कि डूड़ा कार्यालय में अधिकांश कुर्सियां खाली थीं। वहां केवल एक व्यक्ति बैठा था जो किसी भी कार्य में सक्षम नहीं था। दूसरी ओरए आवास चेक कराने के लिए खरेला एवं महोबा से आई कई महिलाएं और पुरुष कार्यालय के बाहर खड़े थे लेकिन कोई अधिकारी उनकी समस्याओं को सुनने को तैयार नहीं था।

युवा नेता नरेंद्र मिश्रा ने वहां खड़ी महिलाओं से बातचीत कीए जहां उन्हें पता चला कि कोई भी अधिकारी आवास की स्थिति बताने के लिए उपलब्ध नहीं था। 45 डिग्री तापमान में ये महिलाएं अधिकारियों के चक्कर काट रही थीं लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही थी। इस पर नाराजगी जताते हुए भाजपा नेता ने संबंधित अधिकारियों से बात की और आखिरकार जिलाधिकारी को भेजने की व्यवस्था की जिसके बाद आवास की स्थिति की जांच करवाई गई।

युवा नेता ने कहा कि यदि अधिकारियों की लापरवाही जारी रही तो जनहित की अनदेखी करने वाले अधिकारियों को जिले से बाहर का रास्ता दिखाने का काम किया जाएगा। जनता की समस्याओं को सुनना और समझना अधिकारियों की प्राथमिकता होनी चाहिए। इस मामले के प्रति लोगों द्वारा गहरी नाराजगी व्यक्त की गई है स उम्मीद जताई जा रही है कि अधिकारियों द्वारा ठोस कदम उठाए जाएंगे ताकि इस तरह की समस्याओं का सामना न करना पड़े।

स्वतंत्र भारत
कानपुर बुधवार, 11 जून 2025
10
मध्यांचल समाचार
इटावा/फर्रूखाबाद/औरैया/मैनपुरी/एटा/कन्नौज/फिरोजाबाद/आगरा/मथुरा/अलीगढ़

**बिजली निजीकरण के खिलाफआज कचहरी पर होगा प्रदर्शन**
इटावा। बिजली निजीकरण.स्मार्ट मीटर योजनाए बिजली दरों में 30ः वृद्धि के प्रस्तावए बिजली कटौती के खिलाफए किसानों को एमएसपी की गारंटीए कर्जा मुक्तिए आशा. रसोइया को 26000 माह वेतनए महंगाईए भ्रष्टाचारए बढ़ते अपराधों आदि के खिलाफकिसानों. मजदूरों का प्रदर्शन 11 जून को कचहरी पर होगाए डॉ अम्बेडकर चौराहा पर 10 बजे एकत्रित होंगे वहां से जुलूस की शक्ल में कचहरी पर पहुँचेंगेए राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री को जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किए जाएंगे

# गंगा नहाते समय दो किशोरो की डूब कर मौत



स्वतंत्र भारत संवाददाता
फर्रूखाबाद। कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव शेरपुर सराय निवासी चार भाई बहन सुबह 10 बजे गंगा नहाने गए थे नहाते समय गहरे पानी में चले जाने के कारण दो किशोर गंगा में डूब गए ग्रामीणों और पुलिस की मदद से 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दोनों डूबे हुए किशोरों को अचेत अवस्था में बाहर निकाल लिया गया शेरपुर सराय निवासी 16 वर्षीय किशोर अरुण पुत्र सत्यराम अपनी बहन अंशिका चाचा के लड़के आदित्य और बुआ के लड़के सागर पुत्र रामस्वार्थ निवासी गंगागंज गुरौली कन्नौज के साथ गंगा नहाने अपने गांव के पास ही गया था अरुण सागर को तैरना सिखाने के लिए गहरे पानी में लेकर गया तथा सागर को एक छोटा डब्बा ढक्कन बंद कर पकड़ा दिया जिससे कि सागर पानी में डब्बे के सारे तैरने का प्रयास करता रहे परंतु गहरे पानी में जाने के कारण सागर के हाथ से डब्बा छूट गया और उसने अरुण का कंधा पकड़ लिया।

जिससे दोनों गहरे पानी में डूब गए साथ में नहा रही बहन अंशिका ने भाग कर घर वालों को घटना की जानकारी दी मौके पर ग्राम प्रधान सुरेंद्र तथा परिजन गंगा के किनारे पहुंचे और सूचना थाना पुलिस कमालगंज को दी गई मौके पर थाना प्रभारी राजीव कुमार ने पुलिस फोर्स के साथ पहुंचकर डूबे हुए किशोरो को ढूंढने के लिए गोताखोरों को बुलवाया एक घंटे बाद गोताखोरों ने अरुण को अचेत अवस्था में पानी के अंदर से ढूंढ निकाला और उसके आधा घंटे बाद सागर को भी ढूंढ कर निकाल लिया परिजन निजी वाहन से दोनों किशोरों को अचेत अवस्था में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमालगंज लेकर पहुंचे यहां डॉक्टर अजय यादव ने दोनों किशोरो को मृत घोषित कर दिया वहीं अंशिका और आदित्य किनारे पर नहा रहे थे जो सकुशल बाहर निकल आए थे अचानक हुई दो मौतो से घर में कोहराम मच गया।

देखते ही देखते सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एकत्रित हो गए परिजनों ने बताया कि सागर दशहरा को अपने मां के घर शेरपुर सराय आया था सागर अपने दो भाई में बड़ा था छोटे भाई जालिम का रो.रो कर बुरा हाल था वही अरुण अपनी छः बहनों तथा तीन भाइयों में तीसरे नंबर पर था अरुण की मौत के बाद मां रीता देवी बहन अर्चना अक्षिता दीक्षा शिल्पीए दमयंती अंशिका का रो रो कर बुरा हाल था अरुण के पिता हैदराबाद में प्राइवेट नौकरी करते हैं घटना की जानकारी होने पर नायब तहसीलदार हर्षित कुमार ने मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली और दुखी परिवार को आवश्यक सहायता दिलाए जाने का भरोसा दिलाया सब इंस्पेक्टर जगदीश कुमार ने दोनों शवो का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया

## समर कैंप में भाग लेने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया

फर्रुखाबाद। महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में बीस दिवसीय समर कैंप का समापन मुख्य अतिथि डॉ रजनी सरीन ने किया इस अवसर पर उन्होंने छात्राओं की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन कर उनके कार्य की प्रशंसा की विशिष्ट अतिथि जिला समन्वय महेंद्र मिश्रा ने छात्राओं को सिखाई गई विधाओं को अपने जीवन में उतरने के लिए प्रेरित किया रामाचारी दीपकर राजपूत ने बताया कि समर कैंप का आयोजन 21 मे से 10 जून तक किया गया छात्राओं को प्रशंसकों द्वारा रंगोली नृत्य कला चित्रकला आज विधाओं में प्रशिक्षण प्रदान किए गए कैंप प्रशिक्षण में शिक्षिका श्रीमती आदेश गंगवार सर्वेश शाक्य गीता देवी दीप्ति सिंह लवी राठौर डॉक्टर दीप्ति यादव डॉक्टर रणधीर योग प्रशिक्षक अंकुर द्विवेदी प्रियंका पांडे क्षेत्र समन्वय पवन कटिहार साक्षी पाल सोनिका नीलम सोमवंशी उपस्थित रहे छात्राओं को सकिसा का एक दिवसीय भ्रमण भी कराया गया कार्यक्रम का संचालन छात्रा कविता जोशी ने किया छात्रा पलक छवि संजना अर्जी जूली ने योग का प्रदर्शन किया लोकगीत राम भजन आराध्या शगुन दिव्यांशी स्नेहा भावना अर्पिता ने प्रस्तुत किया हरियाणा का लोक नृत्य जानवी रश्मि संगम अनु छवि अंजलि सुहाना ने प्रस्तुत किया जिसकी सभी ने सराहना की कार्यक्रम में सभी प्रशिक्षकों एवं प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में सरिता वाजपेई मीनाक्षी भास्कर रिंकू मीना दीप्ति कांति उर्मिला मदन अजय आदि मौजूद रहे

## केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर 12 जून को प्रदर्शनी लगाई जाएगी

फर्रुखाबाद। आवास विकास स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर मोदी सरकार के गौरवशाली 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में भाजपा जिलाध्यक्ष फतेह चंद्र वर्मा ने जिला पदाधिकारियों के साथ तैयारी बैठक मे उन्होंने विभिन्न पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई

श्री वर्मा ने बताया केंद्र कि भाजपा सरकार के 11 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं इन 11 वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के जितने भी कार्य किए गए उन कार्यों की जानकारी देने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे उन्होंने बताया 12 जून को भाजपा जिला मुख्यालय पर विशाल प्रदर्शनी लगाई जाएगी जिसमें केंद्र सरकार के द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्यों योजनाओं एवं ऐतिहासिक फैसलों की जानकारी प्रदर्शनी के माध्यम से दी जाएगी एवं उसी दिन सांसद मुकेश राजपूत अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य एवं जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगे 12 जून को ही कुसुम बैंक्विट हॉल में प्रबुद्ध वर्ग समागम सम्मेलन आयोजित होगा जिसमें सामाजिक क्षेत्र से जुड़े हुए व्यक्तियों को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी इस कार्यक्रम में प्रदेश से पदाधिकारी जिले में पहुंचेंगे। 21 जून विश्व योग दिवस को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए जनपद के विभिन्न स्थानों जैसा की मंडल शक्ति केंद्र एवं विधानसभा स्तर पर योग कार्यक्रम आयोजित होंगे इस कार्यक्रम के लिए पदाधिकारी को अलग.अलग जिम्मेदारियां दी गई हैं हर वर्ष की भांति योग दिवस का कार्यक्रम संगठन द्वारा पूरे जनपद में कराया जाएगा। इस अवसर पर अभिषेक बाथम अमरदीप दीक्षित अतुल दीक्षित वीरेंद्र कठेरिया जिला मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी एवं विकास पांडे आदि लोग मौजूद रहे ।

## विरासत के साथ बैनामों मैं किया गया फर्जीवाड़ा

छिबरामऊ कन्नौज । भारत छोड़ो पाकिस्तान चली गई मोहल्लाविरतिया निवासी हलीमा बीवी से जुड़ी शत्रु संपत्ति के मामले की प्रशासन द्वारा कई बिंदुओं पर जांच चल रही है। जिसको लेकर जुड़ी संपत्तियों में दिग्गजों ने बड़े.बड़े खेल किए हैं। यहां तक की विरासत के साथ ही बैनामों में भी जमकर फर्जी बड़ा किया गया है । चर्चा है की जांच में तो कई दिग्गजो के चेहरे बेनकाब हो सकते हैं। इसमें सफेद पोष का भी कई जगह खेल निकाल सकता है। भारतीय किसान यूनियन औने गुट के प्रदेश महासचिव गोपाल दुबे टांडा और जिला अध्यक्ष संजीव ठाकुर ने हलीमा बीवी से जुड़ी संपत्ति का मामला जब से उजागर किया है। तब से दिन प्रतिदिन कोई ना कोई नया मामला चर्चा में आ जाता है ।किसान नेताओं की मां ने तो हलीमा बीवी से जुड़ी शत्रु संपत्ति के मामले में विरासत के साथ.साथ बैयानमों में भी जमकर फर्जी बड़ा किया गया है ।चर्चा यहां यहां तक है कि पाकिस्तान चली गई हलीमा बीवी के स्थान पर दूसरी महिला की हलीमा बीवी बनकर वर्षों पहले बैयनामे कर दिए गए। इसके अलावा फर्जी वाडा कर कई विरासत दर्ज कर दी गई। यदि इन मामलों की प्रशासनसही ढंग से जांच कर दी जाए ।तो बहुत बड़ा मामला उजागर हो सकता है इतना ही नहीं कई सफेद पोश लोगों के चेहरेभी बेनकाब हो सकते हैं ।हल्काकि जिस स्तर से प्रशासन हलीमा बीवी से जुड़ी संपत्तियों की जांच पड़ताल में जुटा है उसे तमाम लोगों के चेहरों के जा रंग उड़े हुए हैं वही कार्रवाई के डर से दिलों की धड़कनें भी बढ़ चुकी है। लोगों के चेहरे पर मुरझाई छा गई है ।

आशियाने बचानेकी जुगत लग गए लोग ।हलीमा बीवी से जुड़ी गाटा संख्या 625 का रकबा नंबर 0ण5500 यह नंबर के मोहल्ला विरतिया से जुड़ा हुआ है। इस रकबे पर इस समय बिल्डिंग खड़ी हुई है। जांच के बाद इस गाटा संख्या में रह रहे लोगों की नींद उड़ी हुई है। लोग जुगत में लगे हैं कि प्रशासन की उसे कार्रवाई के दायरे में कैसे बच सकें । हलीमा बीवी की गैर जनपद में भी जमीन है पाकिस्तान चली गई हलीमा बीवी से जुड़ी संपत्तियों छिबरामऊ और उसके आसपास के गांव के अलावा जनपद फर्रुखाबाद भी कई गांव में मिल सकती है चर्चा तो यहां तक है कि फर्रुखाबाद जनपद के मोहम्मदाबाद और पतोजा में भी उनसे जुड़ी कुछ संपत्तियां हो सकती हैं ।जले हुए मौजों में पड़ी जमीन में आएगी दिक्कत मोहल्ला विरतिया की रहने वाली बीवी हलीमा से जुड़ी तमाम संपत्तियां ऐसे मौजों में भी है जिनके राजस्व अभिलेख फतेहगढ़ के मुहाफिज खाने में लगी आग में जल गए थे। ऐसे में उन जले हुए मौजों के गांव की संपत्ति में शत्रु संपत्ति को ढूंढ पाना थोड़ा मुश्किल काम होगा।हालकि प्रशासन चाहेगा तो वह पूरी संपत्ति को चिन्हित कर अपने कब्जे में ले सकता है। हल्काकि उप जिला अधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी ने राजस्व कर्मचारियों को अधिकारियों को इससे जुड़ी जमीनों की तलाश में लगा दिया गया है।

# एनसीसी कैडेट्स को योग व बताए गए यातायात के नियम



स्वतंत्र भारत संवाददाता
फर्रुखाबाद। 12 यूपी बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर तथा कैंप कमांडेंट कर्नल ए एस मलिक के दिशा निर्देशन में शिविर के दूसरे दिन एनसीसी कैडेट्स को योग प्रशिक्षक ने योग कराया तथा यातायात प्रभारी ने यातायात के नियमों के बारे में जानकारी दी

एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 33 में प्रातः 6रू00 बजे से 7रू00 तक शिवाय योग एवम आरोग्य भारती के योगा आचार्य अमित सक्सेना ने कैंप साइट पर उपस्थित होकर सभी 486 कैडेट्स को योग क्रिया कराई गई तथा योग से होने वाले फायदों को योगाचार्य अमित सक्सेना द्वारा बताया गया। उनके द्वारा बताया गया कि योग करने से हमारा मन मस्तिष्क तथा शरीर स्वस्थ रहता है। इसे नियमित रूप से करना चाहिएए जिससे हमारी याददाश्त भी मजबूत होती है।

यातायात प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह ने सभी एनसीसी कैडेट्स को यातायात के नियमों के बारे में बताया साथ ही उनके द्वारा हेलमेट न पहनने पर ?1000 का जुर्माना 18 वर्ष से पूर्व वाहन चलाने पर जिस व्यक्ति के नाम वाहन होगा उसके विरुद्ध प्राथमिक ही दर्ज कराते हुए बाहन सीज करने तथा 25000 रुपये के जुर्माना के साथ दंड का प्रावधान है।
प्रदूषण प्रमाण पत्र न होने की स्थिति में ?10000 तक का जुर्माना हो सकता है वहीं यातायात के नियमों के बारे में कैंप कमांडेंट कर्नल अमरजीत सिंह मलिक ने सभी एनसीसी कैडेट्स को यातायात के नियम का अक्षरशः पालन करने हेतु हिदायत दी गई। लेफ्टिनेंट गिरिजा शंकर ने कहा कि यह आवश्यक नहीं कि आप रोड पर चल रहे हैं तो आप सुरक्षित हैं सड़क पर चलते समय दुर्घटना कभी भी घट सकती है।रोड पर असावधानी से नहीं चलना चाहिए। आप भले ही ना गलती करें परंतु कोई दूसरा व्यक्ति तो गलती कर सकता है ऐसा मानकर चलना चाहिए। इस लापरवाही का खामियाजा आपको तथा आपके परिवार को भुगतना पड़ेगा ।
कैडेट्स को शस्त्र प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं भी आयोजित होगी

## उद्यमियों की समस्याओं का अधिकारी निस्तारण करें-डीएम

इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आहूति की गई। बैठक में उन्होंने उद्यमियों द्वारा उठाई गयी समस्याओं के समाधान पर विस्तार पूर्वक जानकारी की। उन्होंने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण करना शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। उन्होंने व्यापारियों द्वारा उठाई गई समस्याओं के निदान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग के एमओयू में कोई प्रगति नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इंडस्ट्री प्रोमोशन के लिए प्राथमिकता नंण् 1 पर है। उन्होंने कहा कि एमएसएमई जैसी छोटी.छोटी इकाईयों पर ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि जो भी उद्यमी इंडस्ट्री लगाना चाहते है उनको शासन स्तर द्वारा अपेक्षित सहयोग प्रदान किया जाएगा एवं अच्छे बिजनेस प्लान वालों को भी सभी सरकारी विभागों द्वारा सहायता प्राप्त कराई जायेगी। उन्होंने बताया कि विद्युत विभाग द्वारा मुफ्त में स्मार्ट मीटर लगाए जाएं। उन्होंने बिजली विभाग से जुड़ी सभी समस्याओं के निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्यघर के अंतर्गत सोलर पैनल लगवाने पर बिजली का बिल कम आएगा एवं सब्सिडी भी मिलेगी। उक्त बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतमए सीओ सिटीए उपायुक्त उद्योग सुधीर कुमारए एलडीएमए विद्युत विभागए समस्त उद्यमियों सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# योग को जीवन का हिस्सा बनाएं




स्वतंत्र भारत संवाददाता
फर्रुखाबाद। रूप किशोर चतुर्वेदी इंटर कॉलेज सिकंदरपुर खास में समर कैंप के समापन पर प्रबंध समिति सदस्य राजेश कुमार पांडे ने कैंप में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं का उत्साह वर्धन किया और बोले कि योग से शरीर और मस्तिष्क दोनों स्वस्थ रहते है लिहाजा दैनिक जीवन में योग अनिवार्य है

प्रधानाचार्य डॉक्टर ओमपाल सिंह रघुवंशी ने बताया कि समर कैंप में छात्रो को नियमित विभिन्न प्रकार के योग कराए गए तथा योग को दैनिक जीवन की दिनचर्या में शामिल करने की भी बात उन्होंने कही

इस दौरान कैंप संचालक अरविंद कुमार को सम्मानित किया गया इस अवसर पर संजीव कुमार शाक्य अध्यक्ष अभिभावक अध्यापक संघ मोहित कुमार शुक्ला का सभी ने माल्यार्पण एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया
इस अवसर पर पुरुषोत्तम सिंह शाक्य रत्नाकर उपेंद्र कुमार अरविंद कुमार आदि मौजूद रहे

# किसानो की समस्या हल करने के लिए आंदोलन करने की चेतावनी दी गई



छिबरामऊ कन्नौज। भारतीय किसान यूनियन बलराज के युवा प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर सौरव यादव ने ग्राम बसावन पुरवा गुरसहायगंज में बैठक मैं किसने की समस्याओं की जानकारी ली गई।

जिसमें किसानों की समस्याओं को लेकर ग्रामवासियों से मुलाकात की वही पर जिला सचिव युवा रामवीर यादव के यहां पर बैठेक हुई जिसमें गांव में खाद बीज की समस्या को लेकर आश्वासन दिलाया कि सभी क्रय विक्रय केंद्रों पर खाद आपको उपलब्ध होगी किसानों ने बताया कि खाद किसानों को नहीं दी जाती है वही वहां पर तैनात बाबू नरेश दुबे द्वारा हमारे किसानों के साथ गलत व्यवहार करते हैं समय पर खाद नहीं देते यदि किसी प्रकार से किसानों के साथ अनुशासनहीनता की जाएगी तो भारतीय किसान यूनियन बलराज की तरफ से धरना प्रदर्शन किया जाएगा और एक बिजली की लाइन खराब हो गई है लोहे की लाइन है जर्जर स्थिति में है कहीं भी कोई हादसा हो सकता है जल्द लाइन दूसरी तैयार की जाएए इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन बलराज के युवा प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर सौरव यादवए मंडल सचिव मो चंदनएराजन यादवएमोनू शुक्ला जिला जिला उपाध्यक्षएहिमांशु जिला सचिव युवाए सोनू शुक्ला जिला प्रचारक मंत्रीएजिला संगठन मंत्री अखिलेश यादवएविक्की शाक्यएअरबाज खानए गुबरानएमैनुद्दीनए आदि मौजूद रहे।

## खबर एक नज़र

### पूर्व विधायक ने प्रसाद वितरित किया बाबा की बगिया में



छिबरामऊ कन्नौज प्राचीन बाबा की प्रज्ञा मंदिर पहुंचकर समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक पूजा पाठ करने के बाद प्रसाद वितरण किया समाजवादी पार्टी का पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव बाबा की बगिया पहुंचे और दर्शन पूजा पाठ करने को आप प्रसाद वितरण किया जिसे सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया श्री हनुमान मंदिर बाबा बगिया छिबरामऊ में प्रसाद कार्यक्रम में शमिल हुये छिबरामऊ लोकप्रिय पूर्व विधायक अरविन्द सिंह यादव ने प्रसाद वितरित किया इस मौके पर रीपू यादव जिलापंचायत सदस्य सोनू यादव पूर्व ब्लाकप्रमुख पवन यादव डॉ सुमित बिक्की चिक रामू प्रधान अंकुर सिंह यादव जयगरुदेव मैजूद रहे

### डंफर ने बाइक में मारी टक्करए युवती की मौत

बकेवरए इटावा। भाई के साथ बहेड़ा पार्क से घर जा रही 21 बर्षीय युवती को सती मंदिर के पास डम्पर चालक ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे युवती की मौके पर ही मौत हो गयी बाइक चला रहे भाई को एक खरोच तक नही आयी।

थाना क्षेत्र के ग्राम पृथ्वीरामपुर के रहने वाले आशीष कुमार पुत्र हवलदार ने बताया उसकी 21 बर्षीय बहिन मनीषा सोमवार की शाम घर से अपने भाई सोनू के साथ ग्राम बहेड़ा स्थित पार्क घूमने गये जब भाई बहिन पार्क से लौटकर वापस गांव लौट रहे थे जैसे ही उनकी बाइक थाना क्षेत्र के भरथना बकेवर मार्ग स्थित सती मंदिर के सामने पहुँची कि तभी भरथना की ओर से आ रहे तेज गति से डम्पर चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे युवती मनीषा की मौके पर ही मौत हो गई जब भाई सोनू के एक खरोच तक नही आयी। घटना की जानकारी भाई ने पुलिस व परिजनो को दी सूचना पर पहुँची पुलिस ने मृतक युवती का शव कब्जे में लेकर इटावा भिजवा दिया और टक्कर मारने वाला डम्पर चालक भाग जाने में सफल रहा और डम्पर को लाकर पुलिस ने थाना परिसर में खड़ा करा दिया।

### 34 बीडीसी सदस्यों ने वापस लिया अविश्वास प्रस्ताव

इटावा। चकरनगर ब्लॉक में उठे असंतोष के सुर आखिरकार शांत हो गए हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष ने दावा किया है किए एक सप्ताह पूर्व ब्लॉक प्रमुख रेखा देवी के खिलाफअविश्वास प्रस्ताव लाने वाले 34 बीडीसी सदस्य अब पूरी तरह से पार्टी लाइन पर लौट आए हैं। भाजपा नेतृत्व के हस्तक्षेप और समन्वय से अब सभी 44 सदस्य वर्तमान ब्लॉक प्रमुख के समर्थन में एकजुट हो गए हैं। ब्लॉक प्रमुख रेखा देवी पत्नी राकेश यादव के कार्यकाल पर सवाल उठाते हुए बीडीसी सदस्यों ने उन पर विकास कार्यों की अनदेखी और जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का आरोप लगाया था। इसको लेकर उन्होंने इटावा के डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल को अविश्वास प्रस्ताव भी सौंपा थाए जिससे स्थानीय राजनीति में हलचल मच गई थी। भाजपा जिला अध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता उर्फ अन्नू के नेतृत्व में चल रही सुलह और समन्वय की कोशिशें रंग लाई हैं। उन्होंने बतायाए श्चकरनगर ब्लॉक के सभी 44 सदस्य अब एकमत हैं। कुछ दिनों पूर्व 34 सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव पेश किया थाए लेकिन हमने सभी पक्षों से बातचीत कर मतभेद खत्म करवा दिए हैं। जिलाध्यक्ष लेकर पहुंचे गौरतलब है कि बगावती सुरों के बीच राजनीतिक समीकरणों में बदलाव की अटकलें लगाई जा रही थींए मगर अब भाजपा ने अंततः एकजुटता का संदेश देकर पार्टी की मजबूती को और अधिक स्पष्ट कर दिया है। ब्लॉक प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने वाले सदस्यों को भाजपा जिला अध्यक्ष अन्नू गुप्ता इटावा जिला अधिकारी कार्यालय लेकर पहुंचे। अरुण कुमार गुप्ता ने बताया कि अब चकरनगर ब्लॉक में कोई मतभेद नहीं है। सभी 44 सदस्य ब्लॉक प्रमुख रेखा देवी के समर्थन में हैं। भाजपा संगठन पूरी तरह से एकजुट है। कुछ मनभेद हो गए थे लेकिन सभी की बीच बैठकर वार्तालाप हो गई है। इस मौके पर नाराज बीड़ी से सदस्य पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया भाजपा वरिष्ठ नेता विमल भदोरियाए जितेंद्र गौड़ए रोहित शाक्य समेत कई भाजपा नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सूने घर का ताला तोड़ाए जेवरात नकदी चोरी

बकेवरए इटावा। सोमवार की रात लखना कस्बा में शिवा कालोनी में बाइक मिस्त्री के सूने पड़े घर में घर का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवरात और नगदी चुरा ले गए। गृह स्वामी परिवार सहित हरिद्वार गया हुआ था। चोर सीसीटीवी का डीबीआर भी चुरा ले गए। घर का मालिक मंगलवार की सुबह अपने परिवार के साथ घर पहुंचा तो दरवाजा खुला मिला। उसने अंदर जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा पड़ा थाएतब गृहस्वामी ने चोरी की घटना की जानकारी पुलिस को दी।चोर घर में लगे सीसीटीवी में कैमरे में कैद भी हुए हैं। पुलिस मामले की जाँच में जुटी है। बकेवर थाना क्षेत्र के लखना कस्बे के बेरी खेड़ा रोड स्थित शिवा कालोनी में रहने वाले निवासी सत्येन्द्र कुमार पुत्र भारत अपनी पत्नी रेनू और बच्चों के साथ 5 जून को हरिद्वार गए हुए थे। घर के मुख्य दरवाजे सहित अंदर कमरों में ताले पड़े हुए थे । सोमवार रात के समय चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला काटकर घर के अंदर प्रवेश कर गए। इसके बाद चोरों ने दो कमरों सहित तीन स्थानों के ताले काटकर उस कमरे में गए जहां अलमारी रखी थी। यहां चोरों ने अलमारी को उसकी चाबी से खोल कर और बक्से का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेबरात व डेढ़ लाख रुपये नगदी के अलावा सीसीटीवी का डीबीआर चोरी कर ले गए। मंगलवार की सुबह साढ़े पांच बजे गृहस्वामी सतेंद्र परिवार सहित हरिद्वार से वापस घर लौटा तो घर के मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर जाकर देखा तो कमरों में सामान बिखरा हुआ था।जिसे देखकर गृहस्वामी परिवार सहित हतप्रभ रह गया। उसने चोरी की घटना की जानकारी पुलिस को दी।सूचना पर प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र सिंह राठीए लखना चौकी इंचार्ज हाकिम सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में दो चोर कैद हुए हैं जिनकी पुलिस खोजबीन में लगी हुई है। पुलिस न फॉरेन्सिक टीम बुलवाकर घटना स्थल से साक्ष्य उठवाए। चोरों के बारे में सुराग के लिए डॉग स्क्वायड टीम को भी बुलवाया।

### राष्ट्रीय कवि संगम के प्रांत कार्यालय का उदघाटन

इटावा। राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मित्तल ने एकता कालोनी में संस्था के कानपुर.बुंदेलखंड प्रांत कार्यालय का उदघाटन किया।

इस अवसर पर श्री मित्तल ने कहा कि राष्ट्रीय कवि संगम एक विचार है एयह एक रचनात्मक आंदोलन है जो राष्ट्र जागरण धर्म हमारा के ध्येय वाक्य के साथ शुद्ध और राष्ट्रवादी रचना धार्मिता को प्रोत्साहित करता है।उन्होंने उपस्थित रचनाकारों से आव्हान किया कि वह देश और समाज को सकारात्मक दिशा देने का काम कविताओं के माध्यम से करें। संस्था के प्रांत अध्यक्ष राष्ट्रीय कवि रोहित चौधरी ने कहा कि इटावा का यह कार्यालय साहित्यिक सक्रियता को गति प्रदान करेगा। इस अवसर पर संरक्षक डॉण् कुश चतुर्वेदीए संजीव मिश्राए कार्यालय प्रभारी कुलदीप चौधरीए प्रांत मंत्री गोपाल पांडेयए जिलाध्यक्ष प्रशांत तिवारीए महासचिव हर्ष शर्माए डॉण् गोविंद द्विवेदीए अनिल दीक्षितए राघवेंद्र यादवए शेखर राजपूतए अंकित मिश्राए शरद बरुआए अंकित यादव आदि उपस्थित थे।

# आराजक तत्वों ने बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति को किया खंडित

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के चक कोटार गांव में बौद्ध स्थल पर स्थित बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति को सोमवार की

## सोसाइटी के अध्यक्ष की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

रात्रि में आराजक तत्वों ने बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की मूर्ति को खण्डित कर स्थल से 200 मीटर दूर फेंक दिया। सुबह मूर्ति स्थल पर पहुँचे लोगो ने बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की मूर्ति से धड़ को अलग देखकर ग्रामीणों को सूचना दिया। मौके पर सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और पुलिस को सूचना दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुँचे प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह घटना की सूचना उच्च अधिकारियो को दिया। मौके पर थाना संतनगर के थानाध्यक्ष जीतेन्द्र सरोज, थानाध्यक्ष ड्रमण्डगंज अरविन्द कुमार सरोज के साथ सीओ लालगंज अशोक कुमार सिंह, तहसीलदार लालगंज दीक्षा पाण्डेय, नायब तहसीलदार राहुल मिश्रा, बीडीओ हलिया विजय शंकर त्रिपाठी,प्रभारी एडीओ पंचायत अलोक भारती,एडीओ कृषि नरेंद्र कानापुरिया, सचिव संदीप कुमार, ने ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए खंडित बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर के मूर्ति के स्थान पर नया मूर्ति स्थापित करने व अज्ञात आराजक तत्वों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई का आश्वासन देकर मामले को शांत कराया। मूर्ति खंडित होने की सूचना पर विधानसभा पूर्व प्रत्याशी कृति कोल, अपना दल एस के नेता शशिकांत पटेल, विकास सोनकर, दिलीप पटेल, सहित कई लोग मौजूद रहे। बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की मूर्ति को सम्राट अशोक वेलफेयर सोसाइटी द्वारा 6 नवंबर 2024 को केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल द्वारा अनावरण कराया था। सम्राट अशोक वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष गौरी शंकर मौर्या ने तहरीर देकर अज्ञात आराजक तत्वों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए स्थल पर सीसीटीवी कैमरा तत्काल लगवाने का निर्देश सचिव संदीप कुमार को दिया है। इस संबंध में सीओ लालगंज अशोक कुमार सिंह ने बताया की चक कोटार गांव में स्थित बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की मूर्ति को रात्रि में किसी आराजक तत्वों द्वारा मूर्ति को तोड़कर खंडित कर दिया गया है। मौके पर पहुंचकर खंडित मूर्ति के स्थान पर नई मूर्ति स्थापित कराई जा रही है। अज्ञात आराजक तत्वों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किया जा रहा है। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।



# छत के रास्ते घर में घुसे चोरों ने आभूषण समेत नगदी पर फेरा हाथ

**मड़िहान (मिर्जापुर)।** थाना क्षेत्र के मटिहानी गांव में सोमवार की रात पर बांस की सीढ़ी के सहारेछत से घर में घुसे चोरों ने एक हजार रुपयेनकदी समेत लगभग चार लाख रुपयेमूल्य के सोनेचांदी के आभूषण पर फेरा हाथ दिया। सूचना मिलते ही पुलिसमामलेकी जांच में जुट गई है। मटिहानी गांव निवासी जमुना मौर्यके पुत्र प्रभात कुमार मौर्य ने बताया कि सोमवार की रात खानाखानेके बाद परिवार के सदस्य सोने चले गए। उमस भरी गर्मी के कारण पिता जमुना मौर्य,बड़े भाई प्रवीण बाहर दरवाजे पर चारपाई लगाकर सो रहे थे। वह खुद आंगन मेंचारपाई पर जबकि महिलाएं कमरे में सो रही थी। रात में घर के पीछे से दीवार में बांस की सीढ़ी लगाकर चोर छत पर चढ़कर घर अंदर घुस गए। जिस दो रूम के दरवाजे पर ताले लगे थे उस कमरेका ताला तोड़कर अलमारी मेंरखा 1000 रुपए नकद समेत सोने की चेन, मंगलसूत्र, सोने की चूड़ी, सोने की अंगूठी, पायल, पैंजनी, नाकका लौंग और भाई प्रवीण के कमरे की अलमारी तोड़कर मंगलसूत्र, सोने की अंगूठी, पैजनी, छागल, नथुनी, सोने का लौंग, सोने कालॉकेट वही कमरेके अंदर हैंगर में टगे पैंट की जेब से 200 रुपये नकद भी उठा ले गए। मंगलवार की सुबह लगभग पांच बजे पत्नी प्रीति मौर्या जैसे ही उठी तो देखा कि दोनों दरवाजे का ताला टूटा पड़ा है। यह देख शोर मचाने लगी। घर के अंदर देखा तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। पीड़ित की सूचना पर पहुंची डायल 112 के साथ मड़िहान पुलिस जांच में जुटी। इस सम्बन्ध मेंथाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि चोरी की तहरीर मिली है। जांच की जा रही है। जल्द ही चोरों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## दो बाइकों की भिड़ंत होने से चार घायल, एक रेफर

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भटवारी गांव में दिघिया मोड़ से पहले मंगलवार की दोपहर दो बाइको की भिड़ंत होने से दोनों बाइक सवार चार लोग घायल हो गए। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने एम्बुलेंस सेवा वाहन 102 पर सूचना दिया। मौके पर पहुंचे एम्बुलेंस सेवा वाहन के ईएमटी संतोष भारतीया व पायलट विनोद कुमार ने घायलों को एम्बुलेंस सेवा वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर प्रभारी चिकित्साधिकारी द्वारा एक व्यक्ति की हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर मिर्जापुर के लिए रेफर कर दिया है। थाना क्षेत्र के मवई कला गांव निवासी 25 वर्षीय कृपा शंकर अपने ससुराल मतवार से बाइक से वापस घर लौट रहे थे की रास्ते में नदना गांव निवासी 32 वर्षीय कृपा शंकर को बाइक पर बैठाकर आ रहे थे की जैसे ही भटवारी गांव दिघिया मोड़ से पहले पहुँचे की दिघिया गांव निवासी 55 वर्षीय रामनरेश अपने भतीजे 25 वर्षीय रमेश के साथ भटवारी गांव से वापस घर की तरफलौट रहे थे की दोनों की बाइको की टक्कर हो जाने के कारण बाइक सवार चारों लोग घायल हो गए। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घटना की सूचना एम्बुलेंस सेवा वाहन 102 पर सूचना दिए मौके पर पहुँचे एम्बुलेंस सेवा वाहन के ईएमटी संतोष भारतीय व पायलट विनोद कुमार ने घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये।जहां पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने प्राथमिक उपचार करने के बाद रामनरेश की हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर मिर्जापुर के लिए रेफर कर दिया है। मौके पर पहुँचे घायलों के परिजन उपचार के लिए लेकर चले गए है।

## सड़क हादसे में जख्मी युवक की उपचार के दौरान मौत

**लालगंज (मिर्जापुर)।** सड़क दुर्घटना मेंजख्मी युवक की प्रयागराज अस्पताल मेंउपचार के दौरान सोमवार की रात मौत होगई। पुलिस नेशव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लालगंज थाना क्षेत्र के बामी गांव निवासी रामजियावन के पुत्र 23 वर्षीयधर्मेंद्र मजदूर था। 13 मई की रात धर्मेंद्र अपनी बाइक से ससुराल हलिया थाना क्षेत्र के अहुगी कला गांव जा रहा था लेकिन ससुरालपहुंचनेसेपहलेही लालगंज के खजुरी गांव के पास सड़क पर अचानक आई गाय से बचने में डिवाइडर सेटकरा गया। हादसे में वह गंभीर रुप से जख्मी हो गया। लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद धर्मेंद्र को अन्यत्र रेफर कर दिया गया था। परिजन प्रयागराज अस्पताल मेंउपचार करा रहेथे। यहां उपचार के दौरान सोमवार की रात लगभग एक बजे धर्मेंद्र की मौत हो गई।युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन शव लेकर घर चलेआए। सूचना पर पहुंची पुलिस नेशव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## समर कैंप से होता है बच्चों में शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास : अरविंद शुक्ला

**जाफराबाद जौनपुर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत विभागीय निर्देशों के क्रम में सरकारी स्कूलों के कंपोजिट एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयो में 21 मई से आयोजित 21 दिवसीय समर कैंप का आज पी एम श्री कंपोजिट विद्यालय नाथूपुर विकास क्षेत्र सिरकोनी में समापन कार्यक्रम संपन्न हुआ । 21दिवसीय चले समर कैंप के समापन समारोह में आज बच्चो के साथ साथ एसएमसी के सदस्य, अभिभावक एवं ग्रामप्रधान भी उपस्थित हुए और बच्चो के साथ अपने अनुभवों को साझा किया । समर कैंप में उत्कृष्ट गतिविधि करने वाले बच्चो को सम्मानित किया गया । सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समर कैंप के



समापन के अवसर पर बच्चो एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जौनपुर के जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ल ने कहा कि विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जहां बच्चो के विभिन्न कौशलों का एक तरफ विकास हुआ वही दूसरी तरफ रूचिपूर्ण गतिविधियां बच्चो के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास में सहायक भी सिद्ध होगी। समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए ग्राम प्रधान शुचिता सिंह ने अभिभावकों से बच्चो को प्रत्येक दिन विद्यालय भेजने एवं उनके सीखने की प्रक्रिया में सहयोग करने की अपील की। समर कैंप के समापन कार्यक्रम में एसएमसी अध्यक्ष रविंदर यादव, श्रीमती सुषमा, आशा, बिंदु, नगीना, शहनाज, जमीला, जुलैखा, सरिता देवी, सुनीता, शीलादेवी, बृजेश यादव, संजय कुमार, राजबली गौतम सहित अन्य अभिभावक उपस्थित रहे । समर कैंप के समारोह की अध्यक्षता ग्राम प्रधान शुचिता सिंह और संचालन अभिषेक सिंह ने किया ।

## पुरस्कार वितरण की सुखद यादों के साथ 21 समर कैंप का समापन

**मिर्जापुर।** जिले में बेसिक शिक्षा परिषद एवं माध्यमिक विद्यालयों के समर कैंप का समापनहुआ। पीएमश्री राजकीय इण्टर कॉलेज में योग, व्यायाम और मेडिटेशन कराया गया। छात्रों ने अपनेअनुभव साझा किए। अतिथि के रूप में आमंत्रित अभिभावकों से फीडबैक प्राप्त किया गया। समर कैंप के प्रतिदिन केगतिविधि योग, प्राणायाम, क्रीड़ा, एकल व सामूहिक गायन, लोक नृत्य, मूर्ति कला, कैरी बैग, पोस्टर, लिफाफा बनाना आदिविधा में चयनित छात्रों को उप प्रधानाचार्य जय सिंह ने पुरस्कृत किया।समरकैंप के समापन के अवसर पर रवीन्द्र कुमार सिंह, रमाशंकर, कमलेश कुमार कश्यप व अन्य शिक्षणेत्तर कर्मचारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बाइक सवार भिड़े, एक घायल

**पटेहरा (मिर्जापुर)।** संतनगर थाना क्षेत्र के लालगंज कलवारी रोड पर करौदा मोड़ के पास अनियंत्रित दो बाइक सवार टकरा गए। इससेएकघायल हो गया। उसका इलाज पटेहरा पीएचसी पर कराया गया। लालगंज थाना क्षेत्र के घराघनपुर निवासी 44 वर्षीय दीपक कुमार कोरांव थाना क्षेत्र के मोथहा निवासी अपने साले जितेंद्र कुमार का इलाज कराने मड़िहान गए थे। जब वापस जाने लगे तब करौदा मोड़ के पास सामने से आ रहा बाइक सवार अचानक मुड़ गया। इससे दोनों बाइक सवारों में टक्कर हो गई। हादसे में बाइक परपीछे बैठा दीपक घायल हो गए। घायल व्यक्ति को एम्बुलेंस से पीएचसी पटेहरा लेजाया गया। जहां डॉ. राजकुमार ने प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिए।

## योग के माध्यम से बनें निरोग

**स्वतंत्र भारत मऊ।** योग के माध्यम से आप निरोग हो सकते हैं इसके लिए आपको अपनी दिनचर्या में सुधार लाना होगा इस आधुनिक विकास के युग में योग का काफी महत्व है सोमवार को जयसवाल समाज के तहसील अध्यक्ष द्वारपाल जायसवाल के आवास पर प्राकृतिक तरीके से योग विद्या पर न सिर्फ चर्चा अपितु युवा पीढ़ी को प्रकृति की उपहार की अनमोल जानकारी भी दी गई उन्होंने कहा कि योग के माध्यम से हम अपने चरित्र और मां को कैसे शांत रखें यह भी ज्यादा उपयोगी है सोना और जाग ना नियमित रूप से हो जाए तो तो निश्चित ही हम काफी समस्याओं से उबर जाएंगे उन्होंने म न को शांत करने के लिए योग को अपनाने की तरकीब भी बताई योग की प्राचीन परंपरा को आधुनिक जीवन के लिए उपयोगी बताया तथा कहा कि मानव जाति तन मन से स्वस्थ रहेंगे तभी हम विकास कर पाएंगे स्वस्थ रहने का वरदान भारतीय परंपरा में पहले से था आज योग को पूरा विश्व मान रहा है इस मौके पर सूर्य प्रताप सिंह बनवारी सोनकर दीनदयाल अनुराग गुप्ता राजेश यादव आदर्श सौरभ आदि क्षेत्र के तमाम लोग उपस्थित रहे।

## उपजिलाधिकारी ने बाढ़ आपदा राहत को लेकर की बैठक

**स्वतन्त्र भारत ग़ाज़ीपुर जमानियां (गाजीपुर)।** स्थानीय तहसील सभागार में मंगलवार की दोपहर में जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम ज्योति चौरसिया ने बाढ़ आपदा राहत की तैयारी को लेकर विभिन्न विभागों संग बैठक की।


स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

**सूचना**

मेरा पुत्र शिवम् मौर्य के विद्यालय में जन्म प्रमाणपत्र में त्रुटिवश माता का नाम RAGNI MAURYA अंकित है। सही नाम RAGINI MAURYA अंकित किया जाए। भविष्य में सही नाम से जाना व पहचाना जाए। रवीन्द्र कुमार पुत्र रामचंद्र नि. ईडब्ल्यूएस 2590 आवास विकास नंबर 3 कल्याणपुर कानपुर नगर।(39)

सी.आर.-524/K-39

**सूचना**

मेरी पुत्री ISHITA VERMA के विद्यालय में जन्म प्रमाणपत्र में त्रुटिवश पुत्री का नाम नही है, पिता DEEPAK VARMA व माता MADHU VARMA अंकित है। सही नाम ISHITA VERMA, पिता का नाम Deepak Verma व माता का नाम MADHU VERMA अंकित किया जाए। भविष्य में सही नाम से जाना व पहचाना जाए। दीपक वर्मा पुत्र रजनीश कुमार वर्मा, नि. जी 1/533 अर्मापुर इस्टेट, कानपुर नगर।(50)

सी.आर.-524/K-50

**अदालती सूचना**

न्यायालय अपर उपजिलाधिकारी मण्डल कानपुर जनपद कानपुर नगर तहसील कानपुर सदर
वाद सं. 7891/2025
कम्प्यूटरीकृत वाद सं. टी202503410107891
श्रीमती स्मिता वर्मा बनाम सियाराम
अन्तर्गत धारा 116 अधिनियम उ.प्र. राजस्व संहिता 2006

1. श्रीमती स्मिता वर्मा वयस्क पत्नी रोहित उमराव उर्फ पंकज निवासिनी 128/245, बी, गोपाल नगर किदवई नगर कानपुर नगर मो.नं. 7784031293...प्रार्थिनी/वादिनी

बनाम–1. सियाराम पुत्र सरदार निवासी ग्राम मिर्जापुर पोस्ट मंझावन जिला कानपुर नगर 2. वीरेन्द्र सिंह पुत्र रघुवीर निवासी ग्राम अटवा मिर्जापुर पोस्ट मंझावन जिला कानपुर नगर 5. सुरेन्द्र कुमार गुप्ता वयस्क पुत्र गुलाब चन्द्र निवासी ग्राम व पोस्ट मंझावन जिला कानपुर नगर 6. ग्राम सभा अटवा मिर्जापुर पो. मझावन जिला कानपुर नगर.....विपक्षीगण

बंटवारा वाद अन्तर्गत धारा 116 राजस्व संहिता 2006 मौजा अटवा कानपुर नगर गाटा सं. 157

आप सभी के नाम एक नालिस बाबत दायर की है आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 15.06.2025 ई० बवक्त बमुकाम असालतन या मार्फत, वकील के जो मुकदमाके हालात से करार वाकई वार्किफ किया गया हो और कुलउमूर अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावाको कीजिए और आपको लाजिम है कि उस रोज अपने जुमला गवाहो की जिनकी शहादत पर जुमला दस्तावेजात जिस पर आप बताइद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल कराना चाहते हो उसी रोज पेश करिए। आपको इतिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा गैर हाजिरी आपके मसमुआ फैसला होगा। बसब्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 10.06.2025 ई. को जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय श्रीमान अपर उप जिलाधिकारी मण्डल कानपुर जनपद कानपुर नगर तहसील कानपुर सदर

सी.आर.-524/K-CN

**अदालती सूचना**

न्यायालय अपर उपजिलाधिकारी मण्डल कानपुर जनपद कानपुर नगर तहसील कानपुर सदर
वाद सं. 26416/2023
कम्प्यूटरीकृत वाद सं. टी202303410126416
सूर्यकान्त आदि बनाम वासुदेव आदि
अन्तर्गत धारा 116 अधिनियम उ.प्र. राजस्व संहिता 2006

1. सूर्यकान्त वयस्क पुत्र स्व. ललित कुमार आदि निवासीगण ग्राम धरमंगदपुर तहसील सदर जिला कानपुर नगर मो.नं. 9131921463 ..प्रार्थीगण/वादीगण

बनाम–1.वासुदेव वयस्क पुत्र स्व. गया प्रसाद 2. अनिल वयस्क पुत्र स्व. गयाप्रसाद 3. अमरेन्द्र सिंह पुत्र शिव करन सिंह निवासी कटरा घनश्याम सचेण्डी कानपुर नगर 4. श्यामजी वयस्क पुत्र स्व. राम लाल 5. शिवकान्त वयस्क पुत्र स्व. रामनाथ 6. दिनेश कुमार पुत्र राम औतार 7. रामेश्वर वयस्क पुत्र स्व. सोहन लाल 8. शिव सहाय वयस्क पुत्र स्व. सोहनलाल 9. गिरीशचन्द्र वयस्क पुत्र स्व. राजाराम 10. परमेश चन्द्र वयस्क पुत्र स्व. राजाराम 11. उमेशचन्द्र वयस्क पुत्र स्व. राजाराम 12. रामरतन वयस्क पुत्र श्रीकृष्ण 13. शिवकुमार वयस्क पुत्र श्रीकृष्ण 14. शिवप्यारी बेवा पत्नी रजऊ 15. रामधनी वयस्क पुत्र लालता प्रसाद 16. दुलारे वयस्क पुत्र लालता प्रसाद 17. अनिल कुमार वयस्क पुत्र राम सहाय 18. प्रदीप वयस्क पुत्र रामसहाय 19. देववती पत्नी रामसहाय 20. शिव करन सिंह वयस्क पुत्र जगदीश 21. विजय कुमार वयस्क पुत्र लक्ष्मी नारायन 22. देवेन्द्र सिंह वयस्क पुत्र शिव करन 23. उमाशंकर वयस्क पुत्र सुखदेव 24. दयाशंकर वयस्क पुत्र सुखदेव 25. श्रीमती रंजन कुमारी पत्नी स्व. सुखदेव सभी निवासीगण ग्राम धरमंगदपुर /कानपुर विकास प्राधिकरण तहसील सदर जिला कानपुर नगर...विपक्षीगण

अन्तर्गत धारा 116 भूराजस्व संहिता 2006 ग्राम धरमंगदपुर कानपुर नगर खाता सं. 447

आप सभी के नाम एक नालिस बाबत दायर की है आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 12.06.2025 ई० बवक्त बमुकाम असालतन या मार्फत, वकील के जो मुकदमाके हालात से करार वाकई वार्किफ किया गया हो और कुलउमूर अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावाको कीजिए और आपको लाजिम है कि उस रोज अपने जुमला गवाहो की जिनकी शहादत पर जुमला दस्तावेजात जिस पर आप बताइद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल कराना चाहते हो उसी रोज पेश करिए। आपको इतिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा गैर हाजिरी आपके मसमुआ फैसला होगा। बसब्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 10.06.2025 ई. को जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय श्रीमान अपर उप जिलाधिकारी मण्डल कानपुर जनपद कानपुर नगर तहसील कानपुर सदर

सी.आर.-524/K-CN

**अदालती सूचना**

न्यायालय अपर उपजिलाधिकारी मण्डल कानपुर जनपद कानपुर नगर तहसील कानपुर सदर
वाद सं. 26411/2023
कम्प्यूटरीकृत वाद सं. टी202303410126411
सूर्यकान्त आदि बनाम स्वतंत्र कुमार आदि
अन्तर्गत धारा 116 अधिनियम उ.प्र. राजस्व संहिता 2006

1. सूर्यकान्त वयस्क पुत्र स्व. ललित कुमार आदि निवासीगण ग्राम धरमंगदपुर तहसील सदर जिला कानपुर नगर मो.नं. 9131921463 ..प्रार्थीगण/वादीगण

बनाम–1.स्वतंत्र कुमार पुत्र स्व. यज्ञदत्त 2. राजेन्द्र प्रसाद पुत्र स्व. यज्ञदत्त 3. ओमनारायण पुत्र स्व. यज्ञदत्त 4. ओम जी त्रिपाठी पुत्र स्व. श्याम नारायण 5. गोविंद पुत्र स्व. श्याम नारायण 6. रामनारायण पुत्र स्व. हरिहर दत्त 7. वासुदेव पुत्र स्व. गयाप्रसाद 8. अनिल पुत्र स्व. गया प्रसाद 9. उमाशंकर पुत्र स्व. सुखदेव 10. दयाशंकर पुत्र स्व. सुखदेव 11. श्रीमती रंजन कुमारी पत्नी स्व. सुखदेव उपरोक्त सभी निवासीगण ग्राम धरमंगदपुर डाकखाना धरमंगदपुर तहसील सदर कानपुर नगर...विपक्षीगण

अन्तर्गत धारा 116 भूराजस्व संहिता 2006 ग्राम धरमंगदपुर कानपुर नगर खाता सं. 628

आप सभी के नाम एक नालिस बाबत दायर की है आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 12.06.2025 ई० बवक्त बमुकाम असालतन या मार्फत, वकील के जो मुकदमाके हालात से करार वाकई वार्किफ किया गया हो और कुलउमूर अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावाको कीजिए और आपको लाजिम है कि उस रोज अपने जुमला गवाहो की जिनकी शहादत पर जुमला दस्तावेजात जिस पर आप बताइद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल कराना चाहते हो उसी रोज पेश करिए। आपको इतिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा गैर हाजिरी आपके मसमुआ फैसला होगा। बसब्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 10.06.2025 ई. को जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय श्रीमान अपर उप जिलाधिकारी मण्डल कानपुर जनपद कानपुर नगर तहसील कानपुर सदर

सी.आर.-524/K-CN


## हिंदू जागरण समिति के कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार प्रदर्शन

**स्वतंत्र भारत मऊ।** हिंदू जागरण समिति के कार्यकर्ताओं ने पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार गोरखपुर वाराणसी नेशनल हाईवे के निकट भीटी नहर वाली रोड के निर्माण की मांग को लेकर भीटी में जोरदार प्रदर्शन किया और नगर पालिका परिषद मऊ के अधिकारियों पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया चेतावनी दी और कहां की अगर भीटी नहर वाली रोड का निर्माण कार्य अति शीघ्र नहीं प्रारंभ किया गया तो हिंदू जागरण समिति के कार्यकर्ता ईट से ईट बजा देंगे। नगर पालिका परिषद मऊ का घेराव करेंगे और नगर पालिका परिषद में तालाबंदी करके विरोध प्रदर्शन किया जाएगा । इस अवसर पर हिंदू जागरण समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह ने कहा कि पिछले कई महीनो से भीटी नहर वाली रोड के निर्माण की मांग की जा रही है लेकिन नगर पालिका प्रशासन इस गंभीर समस्या पर ध्यान न देकर इस सड़क के निर्माण कार्य में हीला हवाली कर रहा है कहा कि उक्त सड़क की हालत बेहद दयनीय और चिंता जनक है जिसके कारण आम जनमानस को काफी दुश्वारियोका सामना करना पड़ रहा है उन्होंने चेतावनी दी और कहा कि हिंदू जागरण समिति की मांगों पर विचार नहीं किया गया तो आर पार का आंदोलन किया जाएगा समिति के प्रांत संगठन मंत्री एडवोकेट रामकृष्ण भारद्वाज ने उक्त सड़क के आधे अधूरे निर्माण में व्यापक पैमाने पर धांधली का आरोप लगाया है और कहां की दोषी लोगों के खिलाफ जांच करा कर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए उन्होंने नगर पालिका परिषद पर पक्षपात का भी आरोप लगाया और कहा कि यह कृत्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा संगठन के प्रवक्ता नरेंद्र सिंह ने कहा कि नगर पालिका परिषद मऊ लुट खसोट भ्रष्टाचार एवं कमीशन खोरी का अड्डा बन गया है कहां की विकास के लिए आए धन का गिरोह बनाकर बंदर बाट किया जा रहा है कहा कि नगर पालिका परिषद प्रशासन लगातार हीला हवाली कर रहा है कहां की भीटी नहर वाली रोड की स्थिति बेहद खराब है आम जनमानस को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है शादी ब्याह के सीजन में लोगों की गाड़ियां नहीं जा पा रही हैं मरीज और रोगी धूल और गर्दा से अत्यधिक परेशान है लेकिन नगर पालिका प्रशासन इस गंभीर समस्या को नजरअंदाज कर रहा है संगठन के जिलाध्यक्ष मनीष सिंह और यूथ ब्रिगेड के अध्यक्ष आर्यन सिंह ने कहा कि उक्त सड़क का निर्माण 19 लख रुपए की लागत से कराया जा रहा है लेकिन अभी तक उक्त सड़क का निर्माण कार्य अधूरा है नालियों पर पटरिया टूट कर बिखर गई है आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं निर्माण इकाई का कार्य बेहद घटिया है उन्होंने दोषी ठेकेदार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की संगठन के प्रांत के उपाध्यक्ष बृजेश सिंह पटेल और प्रांत मंत्री अमित वर्मा ने कहा कि उक्त सड़क का निर्माण भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है अधिकारी कर्मचारी और ठेकेदार मिलकर सरकारी धन को लुट रहे हैं जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा उन्होंने उक्त सड़क के अति शीघ्र निर्माण की मांग की। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक एडवोकेट सुदर्शन सिंह, रोशन वर्मा, रवि सैनी, सतीश मद्धेशिया, योगेंद्र प्रजापति, लकक्षू सेठ, आदित्य रंजन सिंह, विजय रंजन सिंह, राज श्रीवास्तव, मन्नू चौरसिया, रवि गुप्ता, अंकित प्रजापति, आकाश ठाकुर, गौतम बरनवाल, सत्यम यादव, राजू, आलोक गुप्ता, प्रियांशु, अनुराग बरनवाल, सत्यम ठाकुर, मनीष यादव, सौरभ मौर्य, पिंटू मद्धेशिया, राजकुमार मौर्य सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।


**अदालती सूचना**

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)
न्यायालय उपजिलाधिकारी न्यायिक सदर उन्नाव
वाद सं. टी202510690112979
हिमांशू आदि ...वादी बनाम चन्द्रसेन सिंह आदि...प्रतिवादी

1. चन्द्रसेन सिंह पुत्र स्व. फतेहबहादुर सिंह नि. ग्राम व पो. बन्दाखेड़ा परगना परियर तहसील व जिला उन्नाव 2. दिनेश सिंह पुत्र स्व. फतेहबहादुर सिंह नि. ग्राम व पो. बन्दा खेड़ा परगना परियर तहसील व जिला उन्नाव 3. भीमसेन पुत्र स्व. फतेह बहादुर सिंह नि. ग्राम व पो. बन्दाखेड़ा परगना परियर तहसील व जिला उन्नाव

चूकिं ऊपर नामाकिंत उक्त ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि धारा 116 अतएवं आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए तारीख 12.06.2025 ई. को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक कोण अनुदिष्ट अपने अभिवक्ता द्वारा उपस्थिति हो ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा और पारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज ता. 05.06.2025 ई.को निकाली गई। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-524/K-CN


## रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन के धक्के से वृद्ध की हुई मौत

**बरसठी जौनपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र में मंगलवार को गोठांव गांव के पास जंघई जौनपुर रेलवे ट्रैक पर मुंबई से आने वाली गोदान एक्सप्रेस ट्रेन से धक्का लगने से एक वृद्ध की मौत हो गयी। । सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने में लगी रही। थोड़ी देर बाद शव की पहचान सरसरा गांव निवासी 60 वर्षीय अच्छेलाल सरोज के रूप में हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं ट्रेन से धक्का लगने के बाद ट्रेन करीब पौने घंटे तक खड़ी रही। सरसरा गांव निवासी 60 वर्षीय वृद्ध अच्छेलाल सरोज की गांव से कुछ दूर पर दोपहर को रेलवे ट्रैक पार करते समय मुम्बई से आने वाली गोदान एक्सप्रेस ट्रेन से धक्का लगने से मौत हो गयी। सूचना के बाद पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अच्छेलाल के पास कोई संतान नही थी।

## अनियंत्रित बाइक से गिरकर युवक घायल

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** थाना क्षेत्र के इंदिरा नगर गांव के पास सोमवार की रात अनियंत्रित बाइक सेगिरकर बाइक सवार युवकगंभीर रूप सेजख्मी हो गया। रहगीरों की सूचना पर उसेसामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक इलाज केबाद चिकित्सक ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया।सोनभद्र जनपद के दरहा गांव निवासी 38 वर्षीय गुड्डु चौहान सोमवार की रात बाइक से अपने पाही पर जा रहे थे। जैसेही राजगढ़ चुनार मार्गपर इंदिरा नगर गांव के समीप पहुंचे, तभी सामने से पहुंचे ट्रक की तेज लाइट आँख पर पड़ी। जिससे उनकी आंख चौधिया गई जिससेबाइक समेत सड़क किनारेगड्ढे मेंगिर गए। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ मेंभर्ती कराया। जहां स्थिति गंभीर देख चिकित्सक नेघायल को ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया। आकस्मिक ड्यूटी पर तैनात डा. महेंद्र चौधरी ने बताया कि युवक कीहालत काफी खराब थी। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर वाराणसी भेजा गया।

## अधिवक्ताओं ने किया विरोध के साथ नारेबाजी

**स्वतंत्र भारत मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना मऊ तहसील अधिवक्ता स्थानीय अधिवक्ताओं द्वारा एक बैठक मंगलवार को संपन्न हुई बैठक में अध्यक्ष फिरोज अहमद सिद्दीकी ने बताया कि सुल्तानपुर जनपद के अधिवक्ता महेंद्र जो अपने घर से कचहरी जा रहे थे कि अज्ञात बदमाशों ने उन्हें गोली मारकर हत्या कर दी गई जिसको लेकर अधिवक्ताओं ने विरोध स्वरूप न्यायिक कार्य से विरट रहने का निर्णय लिया बाद में अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में तहसीलदार शैलेंद्र चंद्र सिंह के न्यायालय का बहिष्कार कर न्यायिक कार्य से विराट रहते हुए तहसीलदार के विरुद्ध नारेबाजी की। इस मौके पर अधिवक्ता उमाशंकर यादव आफताब अहमद अर्स आलम विजय कुमार संजय शर्मा प्रदीप पांडे अली अकरम खुर्शीद अहमद पवन श्रीवास्तव संतोष श्रीवास्तव आदि तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

## दसवीं पुण्यतिथि पर याद किये गए स्वर्गीय जियुत पाण्डेय

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** मधुबन कस्बा वार्ड नंबर 13 गुप्ता गली पिपरा में मंगलवार को डकरू सेवानिवृत्त बड़ेबाबू जीउत पाण्डेय की दसवीं पुण्यतिथि पूरे शिद्दत के साथ मनाई गई। मौके पर परिजन सहित समाजसेवी प्रबुद्ध जनों ने सेवानिवृत्त स्व. जीउत पाण्डेय की तस्वीर पर पुष्पार्चन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया और उनके जीवन चरित्र को याद कर सीख लेने की बात कही। साथ ही दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा के शांति की प्रार्थना की। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए भाजपा वरिष्ठ नेता सतीश पाण्डेय ने कहा कि जब व्यक्ति हमारे बीच नहीं रहता है, तब उसके महत्व का पता चलता है। पाण्डेय जी सहज स्वभाव के थे। उनका सभी आदर करते थे। नौकरी पेशे में रहते हुए कभी ईमानदारी से समझौता नहीं किए। भाजपा नेता व पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि शंकर मद्धेशिया ने कहा कि ये जिंदगी के मेले कभी कम ना होंगे, अफसोस है कि यहां हम न होंगे। जो जन्मा है उसकी मौत निश्चित है। सबको एक दिन जाना है। ऐसा कार्य करें कि पाण्डेय जी की तरह लोग याद करें। नगर अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी संजय गुप्ता ने कहा कि पाण्डेय जी में जाति-धर्म का भेद नहीं था। इसलिए उन्होंने अपने नौकरी के दौरान ईमानदारी व सख्ती के चलते खूब नाम कमाया। डॉ रमेश शुक्ल ने कहा कि पाण्डेय जी एक कुशल प्रशासनिक व्यक्ति थे। उनकी कमी हमेशा खलती है। वहीं अन्य वक्ताओं ने भी अपने-अपने विचारों को रखा। इस दौरान धनंजय पाण्डेय, यज्ञदत्त पाण्डेय, पवन पाण्डेय, निर्भय चंद पाण्डेय, सारंगधर पाण्डेय, हिमांशु पाण्डेय, बबलू ठठेरा, बलवंत चौधरी, राहुल दीक्षित, किशन गोंड आदि रहें।


पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।
सम्पादक : के.के. श्रीवास्तव
फोन : 0512-2332212
0512-2330533
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।

स्वतंत्र भारत

# देश विदेश

12

आरएनआई रजि नं. 50969/89 डाक पंजीयन सं. के.पी./सिटी एल.पी.पी./2/96

कानपुर, बुधवार, 11 जून, 2025

## एक नज़र

### ग्रेटा थनबर्ग इजरायल से निर्वासित

**तेल अवीव।** इजरायल के विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि ग्रेटा थनबर्ग को इजरायल से निर्वासित कर दिया गया है। इजरायल ने फ्रांस जाने वाले विमान में ग्रेटा को बिठाते हुए एक तस्वीर भी साझा की। ग्रेटा थनबर्ग का समर्थन कर रहे एक इजरायली संगठन ने भी इसकी पुष्टि की और बताया कि थनबर्ग और दो अन्य कार्यकर्ताओं ने निर्वासित किए जाने की सहमति दे दी, जिसके बाद उन्हें फ्रांस जाने वाले विमान से भेज दिया गया। हालांकि अन्य कार्यकर्ताओं ने जाने से इनकार कर दिया और फिलहाल वे इजरायली हिरासत में ही हैं। जलवायु कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग समेत समेत कई अन्य कार्यकर्ताओं को इजरायल ने सोमवार को हिरासत में ले लिया था। इजरायल के विदेश मंत्रालय ने बताया कि हिरासत में लिए गए कार्यकर्ताओं का बंदरगाह पहुंचने पर मेडिकल चेकअप किया गया। रक्षा मंत्री काट्ज ने बताया कि ग्रेटा थनबर्ग समेत सभी कार्यकर्ताओं को 7 अक्तूबर को हमास द्वारा की गई बर्बरता की डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई, लेकिन उन्होंने थोड़ी देर देखकर डॉक्यूमेंट्री देखने से ही इनकार कर दिया।

### कनाडा अगले साल तक पूरा करेगा नाटो का रक्षा खर्च लक्ष्य

**टोरंटो।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा है कि उनका देश 2026 की शुरुआत तक नाटो के सैन्य खर्च के 2 प्रतिशत जीडीपी वाले लक्ष्य को हासिल कर लेगा। पहले यह लक्ष्य दशक के अंत तक हासिल करने की योजना थी। कार्नी ने टोरंटो विश्वविद्यालय में दिए एक भाषण में कहा कि हमारा सैन्य ढांचा और उपकरण पुराने हो चुके हैं, जिससे हमारी तैयारियों में बाधा आ रही है। हमारी चार में से सिर्फ एक पनडुब्बी चालू हालत में है। हमारी नौसेना और जमीनी वाहन भी आधे से कम ही काम कर रहे हैं। पीएम कार्नी ने कनाडा के रक्षा उपकरणों के लिए अमेरिका पर अधिक निर्भरता को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि कनाडा रक्षा उपकरणों के लिए अमेरिका पर बहुत अधिक निर्भर है, जिसे अब बदला जाएगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका पर अधिक निर्भरता घटाने के लिए हम अपनी रक्षा पूंजी का तीन-चौथाई हिस्सा जो अमेरिका को भेजते हैं, अब नहीं भेजा जाएगा।

### दिल्ली : सातवीं मंजिल पर आग से पिता और दो बच्चों की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका सेक्टर-13 में लगी भीषण आग के बाद एक इमारत की सातवीं मंजिल से कूदने की कोशिश कर रहे दो बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई। आग शब्द अपार्टमेंट में लगी, जिसके बाद आठ दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। कई लोग रिहायशी इमारत में फंस गए, जबकि आग ने पूरी मंजिल को अपनी चपेट में ले लिया। एमआरवी स्कूल के पास सेक्टर-13 में सबद अपार्टमेंट की सातवीं मंजिल पर स्थित फ्लैट में आग लगने की खबर मिली है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि दो बच्चे (एक लड़का और एक लड़की, दोनों की उम्र 10 साल) खुद को बचाने के लिए बालकनी से कूद गए और उन्हें अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। बाद में, उनके पिता, यश यादव, उम्र 35 साल, ने भी बालकनी से छलांग लगा दी और उन्हें भी अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। आग लगने की सूचना सुबह 10.01 बजे मिली, जिसके बाद आठ दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया।

### सोचा भी नहीं था एनसीपी में आएगी दरार : शरद पवार

**मुंबई।** एनसीपी (सपा) प्रमुख शरद पवार ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि 26 साल पहले उनके द्वारा सह-स्थापित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में विभाजन होगा और उन्होंने चुनौतियों के बावजूद इसे आगे बढ़ाने के लिए अपने संगठन के कार्यकर्ताओं की सराहना की। पवार एनसीपी के 26वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे, जिसका विभाजन 2023 में होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी को कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन आप बिना हतोत्साहित हुए पार्टी को आगे ले जाते रहे। पार्टी में विभाजन हुआ। हमने कभी नहीं सोचा था कि पार्टी में विभाजन होगा, लेकिन ऐसा हुआ। पवार ने कहा कि कुछ लोग दूसरी विचारधाराओं के साथ चले गए और यह विभाजन और बढ़ गया। मैं आज इस बारे में बात नहीं करना चाहता। लेकिन जो लोग पार्टी के प्रति वफादार रहे, वह हमारी पार्टी की विचारधारा के कारण था। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनावों में एक अलग तस्वीर सामने आएगी।

### ऑस्ट्रिया के स्कूल में गोलीबारी, 11 की मौत

**वियना।** ऑस्ट्रिया के एक स्कूल में भीषण गोलीबारी की खबर है। इस घटना में कम से कम 11 लोगों के मारे जाने की खबर है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने क्रोनन जीतुंग अखबार के हवाले से बताया कि ऑस्ट्रिया के शहर ग्राज में मंगलवार को एक स्कूल में एक शूटर द्वारा की गई गोलीबारी 11 लोगों की मौत हुई है। ऑस्ट्रियाई राज्य मीडिया ने कहा कि छात्रों और शिक्षकों सहित कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि इस दौरान हमलावर भी ढेर हो गया है। पुलिस ने बताया कि ऑस्ट्रिया की राजधानी में ड्रेयर्सचुएत्जेन्गासे नामक एक सड़क पर एक ऑपरेशन चल रहा था। यहीं पर माध्यमित विद्यालय है।

### सिंगापुर के 1800 साल पुराने मंदिर में भव्य अभिषेक समारोह

**सिंगापुर।** सिंगापुर के सबसे पुराने हिंदू मंदिरों में शामिल श्री सिवन मंदिर अभिषेक समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान 1,800 की शताब्दी से भी पुराने इस मंदिर में 20,000 से अधिक श्रद्धालु जुटे। राष्ट्रीय सुरक्षा समन्वय मंत्री व गृह मंत्री के. षणमुगम गेलांग ईस्ट मंदिर के नाम से मशहूर मंदिर में श्रद्धालुओं के साथ शामिल हुए। वह बोले, आज का अभिषेक समारोह महत्वपूर्ण है, क्योंकि सिंगापुर में हिंदू समुदाय के दिल में इस मंदिर का विशेष स्थान है। षणमुगम ने समारोह की पट्टिका का अनावरण भी किया। सुबह 7 बजे से ही मंदिर के बाहर विशेष रूप से बनाए गए तंबुओं में पहुंचे श्रद्धालु महाकुंभाभिषेकम का बेसब्री से इंतजार करने लगे। यह मंदिर की छत पर बर्तनों से पवित्र जल डालने की प्रक्रिया है। कुंभम कहे जाने वाले पात्रों में जल भरा जाता है और लगातार सात दिन तक संस्कृत मंत्रों के जाप के माध्यम से इन्हें ऊर्जाप्रदान की जाती है।

### नदी में डूबने से आठ युवकों की मौत

**टोंक।** राजस्थान के टोंक जिले में मंगलवार को बनास नदी में डूबने से आठ युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ये लोग नदी में तैरने गए थे, लेकिन यह मजेदार सैर एक भयानक त्रासदी में बदल गई। शुरुआती रिपोर्ट्स से पता चलता है कि मृतक टोंक और जयपुर जिले के अलग-अलग इलाकों से थे। प्रत्यक्षदर्शियों और अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय निवासियों ने प्रशासन की मदद से घंटों की तलाशी के बाद सभी शवों को बरामद कर लिया।

## लॉस एंजिल्स में बढ़ता जा रहा तनाव

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका की सेना ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की आव्रजन नीतियों के विरोध में हो रहे प्रदर्शनों के बीच कैलिफोर्निया प्रांत के लॉस एंजिल्स शहर में 700 मरीन (समुद्री सेना) तैनात किये गये हैं। अमेरिकी

### विरोध प्रदर्शन के बीच 700 मरीन तैनात



उत्तरी कमान ने एक बयान में कहा, लॉस एंजिल्स में तैनात मरीन दूसरी बटालियन, सातवीं मरीन, एक मरीन डिवीजन के 700 मरीन तैनात किये गये हैं, जिसका उद्देश्य टास्क फोर्स 51 को पर्याप्त संख्या में बल प्रदान करना है, ताकि संघीय एजेंसी को मदद मिले। गौरतलब है कि हिंसा सात जून को तब भड़की जब लॉस एंजिल्स में अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) सेवा की ओर से अवैध प्रवासियों के खिलाफ छापेमारी की गयी, जिसके बाद विरोध प्रदर्शन शुरू हो गये। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़पें हुई। इसी बीच प्रांत के लिए संघीय फंड में कटौती की रिपोर्ट भी सामने आयीं। विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर अगले दिन व्हाइट हाउस ने शहर में दो हजार नेशनल गार्ड सैनिकों की तैनाती का एलान किया। लॉस एंजिल्स काउंटी के अधिकारियों ने बाद में कहा कि उन्होंने नेशनल गार्ड की तैनाती की मांग नहीं की थी और यह फैसला बिना उनकी सलाह के लिया गया। यह मुद्दा रिपब्लिकन व्हाइट हाउस और प्रांत की डेमोक्रेटिक सरकार के बीच टकराव का कारण बन गया।

पेंटागन ने यह कदम ऐसे समय उठाया है जब कैलिफोर्निया ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर 'नेशनल गार्ड' के जवानों के इस्तेमाल को लेकर मुकदमा चलाने की तैयारी कर ली है। वहीं प्रदर्शनकारी चौथे दिन भी सड़कों पर हैं। आमतौर पर नौसैनिक और नेशनल गार्ड के जवानों से कानून प्रवर्तन कर्तव्यों का पालन करने की अपेक्षा नहीं की जाती है क्योंकि यह 'पॉसे कॉमिटेटस अधिनियम' के तहत निषिद्ध है।

## 'अमेरिका के कारण बढ़ा आतंकवाद'

**वॉशिंगटन।** पाकिस्तान पीपल्स पार्टी के नेता बिलावल भुट्टो जरदारी इन दिनों अमेरिका दौरे पर हैं और वहां वे एक बयान से ब्लंडर कर गए हैं, जो पाकिस्तान को भारी पड़

### यह विदेशी मामलों को लेकर हो सकती है बड़ी गलती



सकता है। दरअसल बिलावल भुट्टो जरदारी ने अमेरिका पर ही आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगा दिया है। बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि अमेरिका ने अफगानिस्तान से निकलते हुए अफगानिस्तान में जो हथियार छोड़े, उनसे आतंकवाद को बढ़ावा मिला है और पाकिस्तान की आंतरिक सुरक्षा की चुनौती बढ़ी है। गौरतलब है कि पाकिस्तान पूरे दक्षिण पूर्व एशिया में और साथ ही पूरी दुनिया में आतंकवाद का केंद्र है। हालांकि भुट्टो ने इस सब से बेखबर होने का नाटक करते हुए आतंकवाद के खिलाफ क्षेत्रीय सहयोग बढ़ाने की बात कही। भुट्टो ने कहा कि हमें क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने की जरूरत है कि हमें अब क्या करना है और अफगानिस्तान से अमेरिका के निकलने के बाद वहां जो हथियार रह गए हैं, जो आतंकियों के हाथ लग गए हैं, उनका क्या करना है। जहां तक हथियारों की बात है, आप ये जानकर हैरान होंगे कि जब हम इन आतंकी समूहों से पाकिस्तानी क्षेत्र में लड़ते हैं तो आतंकियों के पास जो हथियार होते हैं, वे हमारे सुरक्षाबलों के हथियारों से भी कई गुना आधुनिक होते हैं। ये हथियार अमेरिका ने अफगानिस्तान में छोड़े थे। बिलावल भुट्टो जरदारी का यह बयान अमेरिका के साथ ही अफगानिस्तान को भी नाराज कर सकता है।

## रूस का दो यूक्रेनी शहरों पर ड्रोन और मिसाइल हमला

**कीव।** रूस ने मंगलवार सुबह यूक्रेन के दो शहरों- ओडेसा और कीव को निशाना बनाया। यूक्रेन के अधिकारियों ने बताया कि रूस के ड्रोन और मिसाइल हमलों में दो लोगों की मौत हो घई और कम से कम 13 अन्य घायल हो गए। ताजा हमले रूस द्वारा यूक्रेन पर लगभग 500 ड्रोन दागे जाने के कुछ घंटों बाद हुए। यूक्रेन और पश्चिमी अधिकारी आशंका जता रहे हैं कि 1 जून को रूसी हवाई ठिकानों पर यूक्रेन द्वारा किए गए ड्रोन हमलों के बाद रूस जवाबी कार्रवाई कर रहा है। क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह किपर के अनुसार, ताजा हमला दक्षिणी बंदरगाह शहर ओडेसा में हुआ। इस हमले में प्रसूति अस्पताल और आवासीय इमारतों को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने बताया कि रूसी हमले में शहर में दो लोगों की मौत हो गई और नौ लोग घायल हो गए। दूसरा ड्रोन हमला यूक्रेन की राजधानी कीव में हुआ। पत्रकारों ने घंटों तक शहर के चारों ओर विस्फोट और ड्रोन की गड़गड़ाहट सुनी।

## ईरान में नौ आईएस आतंकियों को दी गई फांसी

**तेहरान।** ईरान ने कहा है कि हमले के बाद हिरासत में लिए गए इस्लामिक स्टेट समूह के नौ आतंकियों को फांसी दे दी गई है। ईरानी न्यायपालिका की समाचार एजेंसी ने मंगलवार को फांसी की घोषणा की। इसमें कहा गया कि आतंकियों को ईरान के अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड के साथ झड़प में शामिल होने के बाद हिरासत में लिया गया था। इसमें तीन सैनिक मारे गए थे। ईरान में फांसी के बाद मृत्युदंड दिया जाता है। इस्लामिक स्टेट ने 2014 में खिलाफत के तहत इराक और सीरिया के विशाल भूभाग पर कब्जा कर रखा था। इसने अमेरिकी नेतृत्व वाली सेनाओं द्वारा परास्त कर दिया था। अफगानिस्तान में 2021 में तालिबान के जरिये पश्चिमी समर्थित सरकार के पतन के बाद से इस्लामिक स्टेट की ताकत बढ़ी है। इस्लामिक स्टेट ने पहले जून 2017 में तेहरान में संसद और अयातुल्ला रूहोल्लाह खुमैनी की समाधि पर हुए हमले की जिम्मेदारी ली थी। इसमें कम से कम 18 लोग मारे गए थे और 50 से ज्यादा लोग घायल हुए थे।

## केरल तट के पास जहाज में आग बुझाने की कोशिश जारी

**तिरुवनंतपुरम।** केरल तट के नजदीक जल रहे सिंगापुर के झंडे वाले जहाज की आग बुझाने को कोशिश आज भी जारी है। भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस सूरत ने क्रू के 18 सदस्यों को सुरक्षित

### चीन ने नौसेना को कहा धन्यवाद



बचा लिया है। वहीं क्रू के चार सदस्य अभी भी लापता हैं। जहाज में रविवार को आग लगी थी और मंगलवार को भी नौसेना, तटरक्षक बलों द्वारा संयुक्त और समन्वित बचाव अभियान चलाया जा रहा है। भारतीय तटरक्षक बल के जहाज सचेत और समुद्र प्रहरी आग पर काबू पाने की कोशिशों में जुटे हैं। तटरक्षक बल का डोर्नियर एयरक्राफ्ट बचाव अभियान का हवाई सर्वे कर रहा है। साथ ही मंगलवार को तटरक्षक बल का जहाज समर्थ भी बचाव अभियान में शामिल हो गया है। सोमवार को केरल तट से करीब 44 नॉटिकल मील दूर सिंगापुर का केंटनर जहाज हादसे का शिकार हुआ था। दरअसल कोलंबो से मुंबई जा रहा सिंगापुर का ध्वज लगा जहाज अचानक आग की लपटों में घिर गया। आग के चलते जहाज में तेज विस्फोट हुआ। जहाज पर करीब 650 कंटेनर लदे थे, जिनमें से कई कंटेनर समुद्र में गिर चुके हैं। माना जा रहा है कि जिस तेजी से आग धधक रही है, उसकी वजह जहाज के कंटेनर्स में कोई खतरनाक ज्वलनशील रसायन हो सकता है। फिलहाल जहाज के मालिकों से कंटेनर्स में रखे सामान की जानकारी मांगी गई है।

## हार्वर्ड : अधर में लटका भारतीय छात्रों का भविष्य


**न्यूयॉर्क।** हार्वर्ड में पढ़ रहे भारतीय छात्रों का कहना है कि वे ट्रंप प्रशासन की विश्वविद्यालय के खिलाफ लगातार लड़ाई के बीच अनिश्चितता और चिंता के दौर से गुजर रहे हैं। साथ ही नौकरी के अवसरों की कमी को लेकर भी फिक्रमंद हैं। हार्वड केनेडी स्कूल से पिछले महीने स्नातक हुए एक भारतीय छात्र ने नाम जाहिर नहीं होने की गुजारिश पर कहा, यह ऐसा समय है जब हम समझ नहीं पा रहे हैं कि क्या करें, क्या हमें घर लौट जाना चाहिए, या फिर यहीं कुछ उपाय निकालने की कोशिश करनी चाहिए। हार्वर्ड में कुछ भारतीय छात्रों ने नाम नहीं जाहिर करने के आग्रह पर 'न्यूज एजेंसी' से बात करते हुए पिछले कुछ महीनों के अपने अनुभवों और चिंताओं को साझा किया, जिस दौरान प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय को ट्रंप प्रशासन के लगातार हमलों का सामना करना पड़ा है। प्रशासन की कार्रवाई में 2.2 अरब अमेरिकी डॉलर के अनुदान पर रोक लगाना, अंतरराष्ट्रीय छात्रों को दाखिला देने की विश्वविद्यालय की पात्रता को रद्द करना तथा हार्वर्ड में अध्ययन या आदान-प्रदान कार्यक्रमों में भाग लेने के इच्छुक विदेशी नागरिकों के प्रवेश को निलंबित करना शामिल है।

## अमेरिका में एक और चीनी वैज्ञानिक गिरफ्तार

**वाशिंगटन।** अमेरिका में अवैध जैविक सामग्री की तस्करी मामले में एक और चीनी वैज्ञानिक को गिरफ्तार किया गया है। अमेरिकी सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा में क्षेत्रीय प्रमुख जॉन नोवाक ने इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि

### जैविक सामग्री की तस्करी का है आरोप

### बीते सप्ताह भी दो लोगों को पकड़ा गया था



रविवार को अमेरिका पहुंचते ही डेट्रॉयट हवाई अड्डे पर चीनी वैज्ञानिक को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की गई। इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। एफबीआई ने बताया कि गिरफ्तार चीनी वैज्ञानिक वुहान में हुआझोंग यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में एडवांस डिग्री हासिल कर रही हैं। उसने मिशिगन यूनिवर्सिटी में एक प्रोजेक्ट पूरा करने के लिए एक साल बिताने की योजना बनाई थी। इस वैज्ञानिक पर आरोप है कि उन्होंने महीनों पहले मिशिगन विश्वविद्यालय की प्रयोगशाला में कर्मचारियों को जैविक सामग्री भेजी थी। एफबीआई ने मामले में अदालत में दाखिल अपने दस्तावेज में कहा है कि यह सामग्री कुछ खास किस्म के फंगस से संबंधित है। इसके लिए सरकार की अनुमति की आवश्यकता होती है। बता दें कि बीते 10 दिनों में जैविक सामग्री की तस्करी से जुड़ा यह दूसरा मामला है। इससे पहले बीते सप्ताह ट्रंप सरकार ने एक जोड़े को खतरनाक फंगस की अमेरिका में तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया था।

## राजा रघुवंशी हत्याकांड : पति को खाई में फेंकने वाली सोनम ही थी

**इंदौर।** सोमवार सुबह यानी 9 जून से लेकर अब तक मिली जानकारी में ये तो साफ हो गया कि राजा रघुवंशी की असली कातिल खुद उसकी पत्नी सोनम है। पहले खुद को बेचारा और बदहवास दिखाकर विक्टिम कार्ड खूब खेला पर बेवफा

### मौत से पहले हत्यारों से खूब लड़े थे रघुवंशी



सोनम की एक न चली। इंदौर कपल केस में एक और खुलासा हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शिलॉन्ग की उन वादियों में राजा रघुवंशी को अंतिम धक्का या कहें पति को खाई में फेंकने वाली सोनम ही थी। यह भी पता चला कि खाई में फेंकने से पहले राजा की सांसें चल रही थीं और वह अंतिम सांस तक हत्यारों से लड़ते रहे।

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो राजा और सोनम के अलावा उन तीन हत्यारों ने पूरी योजना बना ली थी। जैसे ही शिलॉन्ग की ऊंची चोटी पर राजा और सोनम पहुंचे,आरोपियों ने राजा पर हमला कर दिया। अपने ऊपर हुए हमले के बाद राजा डिगा नहीं और हत्यारों का डटकर मुकाबला किया,लेकिन सीने और सिर पर गंभीर वार के चलते लड़ना मुश्किल था।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार,पुलिस ने बताया कि 4 में से एक आरोपी जिसका नाम विशाल चौहान था,उसने राजा के सिर पर पीछे से हमला किया था। सोनम वहीं खड़ी थी और चीखते हुए बोली मार डालो इसे। आरोपियों ने बताया कि खाई में फेंकने से पहले तक राजा रघुवंशी जिंदा था। आरोपियों के लिए राजा को खाई में मारने के बाद धकेलने में दिक्कत हो रही थी,तब सोनम ने ही मदद कर अंतिम धक्का दिया और राजा रघुवंशी गहरी खाई में गिर गया।

आरोपियों ने यह भी बताया कि मर्डर से आधे घंटे पहले सोनम ने राजा की मां से फोन पर बात की थी। आरोपियों में से एक आकाश नीचे बाइक की निगरानी कर रहा था। उसे ये देखना था कि कहीं कोई वहां आ तो नहीं रहा है। बता दें कि राजा से सोनम के सुपारी किलर्स ने एक दिन पहले यानी 22 मई को ही दोस्ती कर ली थी। राजा को भरोसे में लेते हुए उन्होंने 23 मई को इसल वारदात को अंजाम दिया। मर्डर के बाद सब आरोपी राज कुशवाहा के साथ इंदौर आ गए थे और सोनम वहीं भटक रही थी।

**आधी रात छह घंटे फोन पर बनाया था हत्या का प्लान**

हत्या का प्लान राज और सोनम नें मिलकर बनाया था। 11 मई को सोनम और राजा की शादी हुई और 16 मई को राज और सोनम ने फैसला लिया कि अगर उन्हें साथ रहना है तो राजा को रास्ते से हटाना ही होगा। इसके बाद राज ने इस हत्या की जिम्मेदारी अपने दोस्तों को दी जिन्होंने शिलॉन्ग पहुंचकर राजा की हत्या कर दी। इस दौरान राज खुद इंदौर में ही था। इस हत्याकांड के बाद सोनम और राज को लेकर भी कई बड़े खुलासे हुए हैं। राज सोनम के भाई की प्लाईवुड कंपनी में काम करता था। यहीं पर सोनम भी काम करती थी। इस दौरान दोनों के बीच दोस्ती हुई और दोस्ती प्यार में बदल गई। एक रिपोर्ट के मुताबिक राज सबके सामने सोनम को दीदी बुलाता था ताकी किसी को उनके रिश्ते पर शक न हो। इसके अलावा वह बात करने के लिए अलग-अलग सिम का इस्तेमाल करते थे। 16 मई को राज और सोनम ने रात में 6 घंटे तक फोन पर बात की और इसी दौरान दोनों ने राजा की हत्या का प्लान बनाया। उन्होंने रात 9 बजे से रात 12 बजे तक और फिर 12 से सुबह 2 बजे तक फोन पर लगातार बात की और इस खौफनाक प्लान की तैयारी की। इसके बाद 17 मई को, राज ने अपने बचपन के दोस्तों आकाश राजपूत, विशाल सिंह चौहान और आनंद कुर्मी से एक कैफे में मुलाकात की। पुलिस का मानना है कि यही हत्या की योजना को अंतिम रूप दिया गया।

### पुलिस को ऐसे मिला क्लू

छानबीन में बड़ा टर्निंग पॉइंट तब आया जब पुलिस को मेघालय के नोंग्रियाट गांव में स्थानीय गाइड अल्बर्ट पीडी मिला। यह वही गाइड था जिसने सोनम और राजा को सर्विस ऑफर की थी लेकिन तब तक उन्होंने किसी और गाइड से बात कर ली थी, इसलिए उसे मना कर दिया। इसके अगले ही दिन गाइड ने उन्हें दोबारा वहां देखा था, लेकिन इस बार उस कपल के साथ तीन अन्य लोग भी मौजूद थे। अलर्बट पीडी ने पुलिस को बाद में बताया कि मैंने कपल को तीन लड़कों के साथ ऊपर जाते देखा था। लड़के आगे चल रहे थे जबकि महिला पीछे थी। गाइड ने ये भी बताया कि वह तीनों लोग भी उनसे हिंदी में बात कर रहे थे। यही बात पुलिस के लिए बड़ा क्लू बन गई। पुलिस को शक हो गया कि राजा और सोनम के साथ देखे गए तीन लोग बाहर के थे क्योंकि स्थानीय लोग या तो वहां की स्थानीय भाषा बोलते हैं या फिर इंग्लिश। इसके बाद पुलिस को एक-दो सबूत और मिले जिससे शक और गहरा हो गया कि राजा की हत्या करने वाले मेघालय से बाहर के हैं।

## मानसून में ग्लोइंग स्किन के सिक्रेट्स!

मानसून का मौसम भले ही लोगों का पसंदीदा हो, लेकिन यह स्किन के लिए कई चुनौतियाँ भी लेकर आता है। हवा में नमी और लगातार गीलेपन की वजह से मुहांसे, चिपचिपी या रूखी त्वचा जैसी समस्याएं आम हो जाती हैं। ऐसे में त्वचा को हेल्दी, ग्लोइंग और हाइड्रेटेड बनाए रखने के लिए ज़रूरी है एक सही स्किनकेयर रूटीन। एण्डटीवी की अभिनेत्रियों ने शेयर किए अपने खास मानसून स्किनकेयर सीक्रेट्स, जो इस मौसम में भी उनकी त्वचा को बनाते हैं दमकता हुआ। गीतांजलि मिश्रा, ऊर्फलोकप्रिय शो 'हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश, बताती हैं, ''मानसून की नमी मेरी ड्राइ स्किन को काफी असंतुलित कर देती है। मेरे दिन की शुरुआत होती है 'शहद और दही' के एक सिंपल क्लींजिंग मिक्स से। ये कॉम्बिनेशन मेरी त्वचा को साफ़ मुलायम और तरोताजा बनाता है। क्लींजिंग के बाद मैं खीरे के रस और ग्लिसरीन की कुछ बूंदों से बना टोनर लगाती हूं। इसके अलावा ताह में दो बार मैं शहद और केले का फेस मास्क लगाती हूं। मैं हमेशा अपने बैग में गुलाबजल की एक छोटी स्प्रे बॉटल रखती हूं। एक हल्का स्प्रे चेहरे को तुरंत तरोताजा और हाइड्रेट कर देता है, खासकर इस नम मौसम में।''



विदिशा श्रीवास्तव, ऊर्फ मोस्ट पॉपुलर शो 'भाबीजी घर पर हैं' की अनीता भाबी, बताती हैं, ''मानसून में मेरा पसंदीदा उपाय है एक नैचुरल फेस स्क्रब, जिसे मैं घर पर ही बनाती हूं-2 चम्मच सी सॉल्ट, 1 बड़े चम्मच ताजा नींबू का रस और ऑलिव ऑयल की कुछ बूंदों के साथ। सी सॉल्ट एक जेंटल एक्सफोलिएंट की तरह काम करता है, जो डेड स्किन सेल्स को हटाता है और पोर्स को फिर से खोलता है। नींबू का रस स्किन को ब्राइट बनाता है और ऑयल कंट्रोल करने में मदद करता है। वहीं, ऑलिव ऑयल स्क्रब के बाद त्वचा को पोषण और नमी देता है, जिससे चेहरा मुलायम बना रहता है। मैं इस स्क्रब का इस्तेमाल हफ्ते में एक या दो बार करती हूं ताकि मेरी स्किन गहराई से साफहो सके और मानसून के असर से बची रहे।''

## आर्य बब्बर ने एक सीन में खुद को 15 थप्पड़ जड़े



यह दिन भी किसी आम दिन की तरह ही शुरू हुआ था - कैमरा रोल होने लगा और कलाकार अपनेअपने किरदारों मेंढलने लगे। आर्य बब्बर एक बेहद भावनात्मक सीन की शूटिंग के लिए तैयार हो रहे थे, जिसमें उनका किरदार 'कलिकांत' यह जान लेता है कि जागृति (रचना मिस्त्री), जिसे वह मृत समझ रहा था, न सिर्फ जीवित है बल्कि एक सशक्त आईपीएस अधिकारी बनकर लौट आई है। लेकिन सेट पर जो हुआ, उसने अनुभवी क्रू मेंबर्स को भी चौंका दिया। आर्य इस शो में खलनायक 'कलिकांत ठाकुर' की भूमिका निभा रहे हैं और वह इस किरदार के लिए अपने अभिनय की सीमाएं पार कर रहा है। एक बेहद भावुक सीन के दौरान उसने खुद को सिर्फएक या दो बार नहीं बल्कि पूरे 15 बार जोर से थप्पड़ मारे। हालांकि यह क्षण स्क्रिप्ट में भावनात्मक रूप से दर्ज था, लेकिन आर्य क्या करेंगे,इसका अंदाज़ किसी को नहीं था। वह आइने के सामने खड़ा था और कलिकांत के अंदर चल रहे द्वंद्व में खो गया था, तभी उसने अचानक खुद को थप्पड़ मारना शुरू कर दिया। यह स्क्रिप्ट में नहीं था, इसकी कोई योजना भी नहींथी। बाद में आर्य ने बताया कि उस पल में उसे ऐसा लगा कि कलिकांत की असुरक्षा और आंतरिक संघर्ष को दर्शाने के लिए उसे स्क्रिप्ट से आगे जाकर कुछ करना होगा। वह सिर्फ दर्द नहीं दिखा रहा थे, बल्कि उसे बाहर निकालने का एक नया रास्ता तलाश रहा था। उसने यह कदम कलात्मक साहस के तहत उठाया और एक दृश्य को अविस्मरणीय बना दिया। मालूम हो कि 'जागृति . एक नयी सुबह' शो रोज़ाना रात साढ़े आठ बजे ज़ी टीवी पर प्रसारित है।

## बाजार दर्पण

मिशिका
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
Cares For Your Health & Wealth...
आपका विश्वास हमारा प्रयास
वि-केयर इंडिया हेल्थ कार्ड
बनवाएं और लाभ उठाएं
एक छत के नीचे सारी सुविधायें उपलब्ध है।
24X7 EMERGENCY
आपातकालीन सेवा में आपका भरोसेमंद साथी
अधिक जानकारी के लिए हॉस्पिटल रिसेप्शन पर सम्पर्क करें
9792934124, 7275534124
पता : 301डी, नियर सेंट जोसेफ स्कूल, जे.के. चौराहा, लखनऊ रोड कानपुर

उत्सव लॉन्स
गोरखपुर में
शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनो हेतु।
अलहदादपुर, गोरखपुर
फोनः- 0551-2338099 +918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर
डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने गोमती नगर लखनऊ
मोबाइलः 9415016089